आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 जून 2024
वर्ष 2, अंक 307, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया 2

पिता की पुण्यतिथि पर याद कर भावुक हुए करण जौहर 14


## सड़कें अच्छी हालत में न हों तो टोल न वसूलें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजमार्ग एजेंसियों से बोले सड़क परिवहन मंत्री गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि अगर सड़कें अच्छी हालत में नहीं हैं तो राजमार्ग का संचालन करने वाली एजेंसियों को उपयोगकर्ताओं से टोल नहीं वसूलना चाहिए।

गडकरी उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली पर आयोजित एक वैश्विक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस प्रणाली को चालू वित्त वर्ष में ही 5,000 किलोमीटर से अधिक लंबे राजमार्गों पर लागू किया जाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपको उसी जगह पर उपयोगकर्ता शुल्क वसूलना चाहिए, जहां आप सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली सड़क मुहैया करा रहे हैं। अगर आप गड्ढों और कीचड़ वाली सड़कों पर भी टोल वसूलते हैं, तो आपको लोगों की प्रतिक्रिया का भी सामना करना होगा। एनएचएआई मौजूदा फास्टैग व्यवस्था के भीतर ही जीएनएसएस पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था लागू करने की योजना बना रहा है।

**शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर गांव तक पहुंचाने की योजना, संबंधित जिलों के डीएम और सीएमओ से शासन ने मांगा प्रस्ताव**

## बरेली, कानपुर, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में बनेंगे 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार को तलाश है ऐसी जगहों की जहां बढ़ी जनसंख्या की जरुरतों को देखते हुए स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोले जा सकें। शुरुआत में ऐसे नए हेल्थ सबसेंटर किराए के भवन में संचालित किए जा सकते हैं लेकिन बाद में जमीन लेकर इसके लिए सरकार भवन भी बनवाएगी।

बरेली, कानपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करने के लिए शासन ने प्रस्ताव मांगे हैं। शासन की ओर से इन जिलों के डीएम और सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है। इसमें उनसे स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। जगह तय होने के बाद जल्द ही उपकेंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शर्त यह रखी गई है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए जगह का निर्धारण वहां की जनसंख्या के अनुसार किया जाए। दरअसल, जिस इलाके में जनसंख्या बढ़ी है, वहां जरूरत को देखते हुए ही ऐसे केन्द्र खोलने का प्रस्ताव किया जाए।

### इन जिलों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र

बरेली के साथ ही पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर, प्रयागराज, ललितपुर, चित्रकूट, बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बलिया, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, सिद्वार्थनगर बस्ती, सन्त कबीरनगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सोनुरुद्र, भदोही, वाराणासी, चन्दौली एवं गाजीपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनेंगे।

### 12 अस्पतालों को अल्ट्रासाउंड मशीन

पेट संबंधी जांच व गर्भवती महिलाओं के इलाज में उपयोगी अल्ट्रासाउंड मशीनों की उपलब्धता आठ जिलों के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराई जा रही है। करीब 10 लाख रुपये प्रति मशीन के आधार पर राज्य सरकार ने एक करोड़ 20 लाख रुपये भेजे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एमबीबीएस चिकित्सकों को अल्ट्रासाउंड जांच की ट्रेनिंग भी करा दी गई है। राजधानी में गुडंबा व नगराम सीएचसी में, फिरोजाबाद में तीन, गाजियाबाद में दो, इसके अलावा कानपुर देहात, अंबेडकरनगर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व रायबरेली में एक-एक मशीन भेजी जा रही हैं।

### 48 जिलों में 150 सीएचसी को देंगे डेंटल चेयर

ग्रामीण क्षेत्रों में दांतों की समस्या के लिए मरीजों को शहर के अस्पतालों में नहीं आना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार 48 जिलों में 150 सीएचसी पर दंत चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त कराने के लिए डेंटल चेयर भेजेगी। इसके लिए 2.8 लाख की प्रति डेंटल चेयर के आधार पर कुल चार करोड़ 20 लाख रुपये स्वास्थ्य विभाग को स्वीकृत कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि नौ चेयर अयोध्या के विभिन्न सीएचसी के लिए मिलेंगी। जौनपुर व प्रयागराज में आठ-आठ, मेरठ में सात, आगरा को छह, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, बिजनौर, आजमगढ़ में पांच-पांच, बुलंदशहर, भदोही, कानपुर नगर को चार-चार, शामली, बदायूं, बहराइच, मिर्जापुर, कौशांबी, बरेली और सुल्तानपुर में तीन-तीन, उन्नाव, बांदा, झांसी, रायबरेली, फतेहपुर, बलिया, संभल, चंदौली व गोंडा में दो-दो, ललितपुर, अमेठी, औरैया, इटावा, हापुड़, चित्रकूट,मुरादाबाद, बागपत, देवरिया,मऊ, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, कासगंज व गोरखपुर में एक-एक डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएगी।

## एक नजर

### हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज

**मुंबई।** बम्बई हाईकोर्ट ने बुधवार को छात्राओं के एक समूह की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के निर्धारित ड्रेस कोड को चुनौती दी गयी थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।गौरतलब है कि छात्राओं के एक समूह ने कॉलेज के अधिकारियों की ओर से निर्धारित ड्रेस कोड को न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें छात्राओं को परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि पहनने से प्रतिबंधित किया गया था।

### सेंसेक्स और निफ्टी फिर नई ऊंचाई पर पहुंचे

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक अर्थात 0.80 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 147.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत मजबूत होकर 23,868.80 अंक के सार्वकालिक स्तर पर रहा।

# ओम बिरला फिर बने लोस अध्यक्ष

## दूसरी बार दायित्व : ध्वनिमत से सदन का फैसला, विपक्ष ने नहीं की मत विभाजन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी



ओम बिरला को बधाई देते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, साथ में प्रधानमंत्री मोदी और रीजीजू।

- प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए
- विपक्ष के नेताओं ने बिरला से सदन में अपनी आवाज भी सुने जाने की उम्मीद जताई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार यह उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को कार्यवाहक अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन मत-विभाजन कराने पर जोर नहीं दिया। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने बिरला को बधाई दी। विपक्ष के नेताओं ने उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा देश के नागरिकों के सपनों को सफलतापूर्वक पूरा करेगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं।

### जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करें : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला (61) ने कहा कि सभी सदस्यों को संसदीय परंपराओं के अनुरूप सामूहिक रूप से राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए तथा सड़क और संसद में विरोध के अंतर को समझते हुए सहमति-असहमति व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पुन: इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं और सभी सदस्यों का हार्दिक आभार। बिरला ने कहा कि हम सबका दायित्व हो जाता है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

### आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव, विपक्ष ने किया हंगामा

बिरला ने अध्यक्ष के रूप में कामकाज संभालने के बाद 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। इस दौरान सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की। आपातकाल के खिलाफ आज जहां भाजपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं सदन में आपातकाल पर प्रस्ताव रखे जाने के विरुद्ध विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

### कांग्रेस का चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से पढ़े गए निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गए हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है।

## केजरीवाल को कोर्ट ने दी तीन दिन की सीबीआई रिमांड

नई दिल्ली, एजेंसी



- औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट से मांगी थी 5 दिन की हिरासत
- मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी अंतरिम जमानत याचिका

आबकारी नीति कथित घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यहां की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी और उन्होंने अपनी याचिका (बुधवार को) वापस ले ली।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें अपनी यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी।

**नीट प्रश्न-पत्र लीक मामला**

## दो अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

पटना, एजेंसी

- केंद्रीय जांच एजेंसी 4 जुलाई तक करेगी पूछताछ

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए बुधवार को सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर के अधीक्षक को दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई को दिन के 11 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है। सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 23 जून को अपनी प्राथमिकी दर्ज की है और जांच अपने हाथ में ले लिया है।

### सीट दिलाने के लिए वसूले 12 लाख रुपये

**कोलकाता।** कोलकाता के एक शिक्षण संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेकर नीट परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान दिलाने का वादा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने छात्र को 12 लाख में कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। जिसमें से 5 लाख रुपये ले भी लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेक्सपियर सरानी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया था।

### महाराष्ट्र के लातूर से एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुम्बई।** नीट-यूजी पेपर लीक घोटाला मामले के तीसरे आरोपी संजय जाधव को महाराष्ट्र के लातूर से पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जाधव से पूछताछ में इस घोटाले में शिक्षा क्षेत्र के कई लोग, छात्र और अभिभावकों के भी शामिल होने का पता चला है। पुलिल ने बताया कि एक निजी स्कूल में विज्ञान शिक्षक जाधव ने दिल्ली के मास्टरमाइंड गंगाधर मुंडे और महाराष्ट्र के दो आरोपियों- हेडमास्टर पठान और इरन्ना कोंगलवार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है।

## अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण और समायोजन का आदेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- शिक्षकों की ग्रामीण से ग्रामीण और नगर से नगर में होगी तैनाती

**अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन के संबंध में शासन ने अनुमति दे दी है। शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं समायोजन निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के मानकों के आधार पर होगा। ऐसे में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन की कार्रवाई ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगरीय सेवा संवर्ग से नगरीय सेवा संवर्ग में ही की जाएगी। इसके साथ ही शैक्षिक सत्र 2023-24 की यू-डायस पोर्टल पर 31 मार्च, 2024 को उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालयों एवं अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा। अधिक अध्यापक संख्या वाले चिन्हित विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिका को उनकी जनपद में सेवावधि के आधार पर क्रमानुसार चिन्हित किया जाएगा।

## पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का निधन



**नई दिल्ली।** वर्ष 1990 से 1991 के तक भारत के विदेश सचिव रहे मुचकुंद दुबे (90) का बुधवार को अपरान्ह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ हफ्तों से बीमार चल रहे थे। उन्हें हृदय संबंधी बीमारी थी। गुरुवार शाम लोधी रोड श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया जाएगा। मुचकुंद दुबे ने बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र संगठन जेनेवा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि की भी भूमिका निभाई थी। पूर्व विदेश सचिव को निःशस्त्रीकरण मामलों का विशेषज्ञ माना जाता था।

## वज्रपात से 11 की मौत, कई झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, संभल में 3, जालौन व बहराइच में एक-एक व लखीमपुर में 2 की गई जान

**अमृत विचार** : प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश के बीच हुए वज्रपात में 11 लोगों की जान चली गई है। पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4 ,लखीमपुर खीरी में 2, जालौन व बहराइच में एक-एक व संभल में 3 लोगों की मौत हुई है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से कई लोग झुलस भी गए हैं।

पीलीभीत के सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम खजुराह के खूबचंद का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन बुधवार सुबह खेत पर गया था। उसके साथ गांव का विपिन, धर्मेंद्र, जितेंद्र भी थे। चारों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। घुंघचिहाई के मटेहना कॉलोनी के सरवन कुमार (50) धान की रोपाई कर रहे थे। बिजली गिरने से वह अचेत हो गए। उन्हें सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर में जलालाबाद के नयागांव गुलरिया के नीलेश (17) की जान भी आकाशीय बिजली गिरने से चली गई।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के बरेंग गांव में बीए की छात्रा राजकुमारी (19) बुधवार दोपहर बारिश में छत पर नहा रही थी। तेज चमक के साथ बिजली गिरी इससे छत में गड्ढा हो गया और राजकुमारी की झुलसकर मौत हो गई।

लखीमपुर खीरी जिले के गांव पड़री निवासी तेजपाल के दो बेटे आनंद (10) अपने छोटे भाई अभय राज (6) और परिवार के ही प्रेमपाल के पुत्र विनीत (6) व नीरज (11) के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। वज्रपात से चारों झुलस गए। इलाज के दौरान आनंद व अभय की मौत हो गई। जालौन के कालपी तहसील के करमचंदपुर में पुत्तूलाल यादव व बहराइच के गांव फकीरपुरी में रामनिवास(12) पुत्र अजीत कुमार की मौत भी वज्रपात से हो गई। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी मालती देवी बिजली गिरने से झुलस गई, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। जबकि तीन से चार आतंकवादियों के फंसे होने की खबर है। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन, डोडा के पुलिस उपनिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुठभेड़ स्थल पर मौजूद हैं। सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जो अभी भी जारी है।

## उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी में पावर कॉरपोरेशन

**स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली कनेक्शन कटने व जुड़ने पर वसूलेगा 50 रुपये शुल्क**

- मैसेज अलर्ट के लिए 10 रुपये शुल्क, यूपीपीसीएल ने भेजा नियामक आयोग में प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश के उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी शुरू कर दी है। कॉरपोरेशन के नए फैसले के तहत अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को बकाए पर बिजली कनेक्शन कटने या दोबारा जोड़े जाने पर 50 रुपये शुल्क देना होगा। मोबाइल पर अलर्ट मैसेज का भी 10 रुपये शुल्क वसूल किया जाएगा। नई बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया के बीच कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग में दिया है। प्रदेश में नई बिजली दरें लागू करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियामक आयोग उपभोक्ताओं का पक्ष जानने के लिए जनसुनवाई की तारीख घोषित कर चुका है। पहली सुनवाई आठ जुलाई को कानपुर में होगी। इसके बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत बाकी निगम क्षेत्रों में जनसुनवाई होगी। सूत्रों के अनुसार इसी बीच बीती देर रात कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में एक प्रस्ताव दाखिल किया है, जिसमें नया शुल्क लिए जाने का उल्लेख है। वर्तमान में अभी इस तरह का कोई शुल्क लेने की व्यवस्था नहीं है। वजह यह है कि बिल बकाया होने पर मीटर से स्वतः कनेक्शन कटने व बिल जमा करने पर दोबारा बिजली जुड़ने की व्यवस्था है।

### कॉरपोरेशन का फैसला नियमों के विपरीत-अवधेश वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं से इस तरह का शुल्क लेने का फैसला नियमों के विपरीत है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर सभी व्यवस्था 'सिस्टम जेनरेटेड' होती है। पूरे देश में कहीं भी एसएमएस अलर्ट का 10 रुपये चार्ज नहीं किया जाता। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 के तहत कनेक्शन काटने के पहले उपभोक्ता को 15 दिन की नोटिस देने का प्रावधान है। जब बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया चालू हो चुकी है, तो नियमत : कॉरपोरेशन ऐसा प्रस्ताव दाखिल नहीं कर सकता है।

### व्यवस्था वैकल्पिक

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि वर्तमान में पोस्टपेड व्यवस्था के तहत पावर कॉरपोरेशन ने पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं से लगभग 5000 करोड़ के बीच सिक्योरिटी जमा कर रखी है। ऐसे में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अधिकार वैकल्पिक है।

### रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप

**लखनऊ।** भीषण उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ गई है। भारी लोड के कारण रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं, जबकि पहले से बंद चल रही दो इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। एक साथ पांच इकाइयों के बंद होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई हैं।



# टी20 विश्वकप फाइनल में जगह बनाने उतरेंगे दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान



तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था।

अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं- कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं।

दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक अपना धैर्य बरकार रखते हुए कुछ बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं। टीम ने टूर्नामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है। टूर्नामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है। क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं।

### द. अफ्रीका का सफर

- श्रीलंका को 6 विकेट से हराया
- नीदरलैंड को 4 विकेट से हराया
- बांग्लादेश को 4 रन से हराया
- नेपाल को 1 रन से हराया
- अमेरिका को 18 रन से हराया
- इंग्लैंड को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

### टीम इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**समय :** मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

### अफगानिस्तान का सफर

- युगांडा को 125 रन से हराया
- न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया
- पीएनजी को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज से 104 रन से हारे
- भारत से 47 रन से हारे
- ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया
- बांग्लादेश को 8 रन से हराया



# अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया

## भारत-इंग्लैंड के बीच मैच में बारिश होने की स्थिति में अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी

- इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली थी मात
- गुयाना में आज होगा भारत और इंग्लैंड का आमना-सामना



नई दिल्ली, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को गुयाना में पिछले टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला लेकर इस बार फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का विश्वकप में अब बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसी के बलबूते पर वह दक्षिण अफ्रीका के बाद एकमात्र ऐसी टीम है, जिसे अब तक इस संस्करण में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगा रहा कि भारतीय टीम इतिहास रचने के करीब है और उसे इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकाना है।

मौसम को देखते हुए माना जा रहा है कि भारत-इंग्लैंड मैच में बारिश हो सकती है। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। अगर बारिश के कारण मैच धुल जाता है तो अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद है। हालांकि उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित से सेमीफाइनल में अधिक उम्मीदें है। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है और इस विश्व कप में वह लय में हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजो के खिलाफ वह और भी अधिक घातक रहे हैं। टी-20 में जॉस बटलर ने अब तक बुमराह का 12 पारियों में सामना किया है और उसमें केवल 5.19 की रनरेट से रन बनाते हुए चार बार आउट हुए हैं। वहीं सैम करन तो पांच पारियों में चार बार बुमराह का शिकार बने हैं। इसी तरह लियम लिविंगस्टन और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों भी नाम हैं, जिनका बल्ला बुमराह के खिलाफ शांत रहा है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी में धार गेंदबाजी कर तथा हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी से भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।

जॉस बटलर टी-20 विश्व कप में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की अगर लिस्ट निकाली जाए तो सबसे अधिक स्ट्राइक रेट के मामले में वह बहुत आगे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक 45 की औसत और 147.1 के स्ट्राइक रेट से 990 रन बनाए हैं। 2016 के बाद से बटलर ने हर टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। बटलर ने इंग्लैंड के अंतिम सुपर आठ मैच में रन बनाए और भारतीय आक्रमण से अच्छी तरह परिचित हैं। उनके सलामी जोड़ीदार सॉल्ट बहुत जल्दी खेल को विरोधी टीम से दूर ले जा सकते हैं और भारत को उन्हें पावरप्ले में आउट करना होगा। जॉनी बेयरस्टो और मोईन अली से इंग्लैंड अधिक रन की उम्मीद है। मोईन ऑफ स्पिन गेंदबाज है तथा लियाम लिविंगस्टोन लेग और ऑफ स्पिन दोनों में माहिर हैं।

### इंग्लैंड को असाधारण करने की जरूरत होगी: पॉल कॉलिंगवुड



नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व ऑलराउंडर पॉल कोलिंगवुड के अनुसार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे भारत को हराने के लिए इंग्लैंड को असाधारण प्रदर्शन करना होगा और उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की टीम के गत चैंपियन के खिलाफ हारने की संभावना नहीं है। भारत और इंग्लैंड एडीलेड में 2022 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच की पुनरावृत्ति में गुरुवार को भिड़ने के लिए तैयार हैं। तब जोस बटलर की टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। कोलिंगवुड ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' कार्यक्रम में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी टीमों को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए जूझना पड़ा।

## खेल डायरी

### इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने महंगा ओवर फेंका



**ब्राइटन (इंग्लैंड)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दायें हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाये। उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज एलेक्स ट्यूडर के 38 रन देने के ओवर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

### ग्रैंड शतरंज टूर: गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश गुरुवार से यहां शुरू होने वाले सबसे बड़े इनामी टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे जबकि आर प्रज्ञाननंदा की निगाह भी सफलता हासिल करने पर होगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो अपनी बादशाहत साबित करने और मोटी धनराशि हासिल करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे। बुखारेस्ट का इस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले होने की पूरी संभावना है।

### रिलायंस फाउंडेशन ने बनाया इंडिया हाउस

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ के साथ साझेदारी के तहत पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला कंट्री हाउस यानी इंडिया हाउस बनाया है। इंडिया हाउस पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। इंडिया हाउस के दरवाजे दुनिया भर के एथलीटों, गणमान्य व्यक्तियों और खेल प्रेमियों के लिए खुले रहेंगे। इस हाउस भारत की प्रतिभा, क्षमता और महत्वाकांक्षा, संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत की झलक मिलेगी और पारंपरिक भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे।

### भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है, जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं।

### मध्यप्रदेश के पूर्व रणजी कप्तान विजय नहीं रहे

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान विजय नायडू (79) का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सचिव संजीव राव ने यह जानकारी दी। राव ने बताया कि नायडू ने 1968-69 से 1970-71 तक तीन सत्रों में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम का नेतृत्व किया था। नायडू ने 1960-61 से 1977-78 के बीच 47 प्रथम श्रेणी और तीन लिस्ट-ए मैच खेले थे। एमपीसीए सचिव ने बताया, नायडू एक भरोसेमंद बल्लेबाज थे जो प्रभावी गेंदबाजी भी कर सकते थे।

### जयवर्धने ने सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने श्रीलंका के सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर को जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान ने कहा, जयवर्धने ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय टीम के तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव करने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका क्रिकेट भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है और अपनी सेवाएं देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

# सूर्या को पछाड़कर हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज



- दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे सूर्यकुमार यादव
- हेड ने टी20 विश्वकप में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए
- भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 24वें स्थान पर पहुंच गए
- स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज
- इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए, जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से दूसरे स्थान पर हैं।

# श्रीहरि और धीनिधि को मिला यूनिवर्सेलिटी कोटा

- एसएफआई विकल्प के लिए दोनों जेंडर के लिए किया था अनुरोध

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी कोटा' के जरिये पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि श्रीहरि नटराज और 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु यूनिवर्सेलिटी कोटा के जरिये पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

पुरुषों की 100 बैकस्ट्रोक स्पर्धा में नटराज, वहीं महिला वर्ग की 200 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में धीनिधि हिस्सा लेंगी। एसएफआई विकल्प के तौर पर दोनों जेंडर के लिए यूनिवर्सेलिटी कोटा के लिए अनुरोध किया था। विश्व एक्वेटिक्स की अनापत्ति के लिए यूनिवर्सेलिटी स्थानों की पुष्टि करने की समय सीमा तीन जुलाई है और एनओसी को चार जुलाई तक इन्हें स्वीकार करना होगा। एसएफआई ने बताया कि श्रीहरि और देसिंघु के नाम स्वीकार कर लिए गए हैं। टोक्यो 2020 के बाद यह श्रीहरि नटराज का दूसरा ओलंपिक है। जबकि देसिंघु पेरिस में अपना ओलंपिक पर्दापण करेंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में तैराकी प्रतियोगिताएं 27 जुलाई से चार अगस्त के बीच पेरिस ला डिफेंस एरिना में आयोजित की जायेगी।

# ओलंपिक के लिए हॉकी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं।

अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं।

### भारत का अभियान

- 27 जुलाई को न्यूजीलैंड
- 29 जुलाई को अर्जेंटीना
- 30 जुलाई को आयरलैंड
- एक अगस्त को बेल्जियम
- दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया

### हाईलाइटर

- भारत अभी तक आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य से कुल 12 ओलंपिक पदक जीत चुका है।
- पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान देश फ्रांस शामिल है।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश **डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद **फॉरवर्ड :** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह **वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक।

# मो. वसीम पाकिस्तान महिला टीम के कोच बने

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम को जुलाई में होने वाले एशिया कप के लिए महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चयनकर्ता का पद संभालने वाले वसीम का साथ पूर्व टेस्ट गेंदबाज जुनैद खान और अब्दुल रहमान देंगे, जिन्हें क्रमशः गेंदबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

पाकिस्तान को श्रीलंका के दाम्बुला में 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत के ग्रुप में जगह मिली है। भारत, पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और थाईलैंड टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

### शिविर में हिस्सा ले रहीं संभावित खिलाड़ी

आलिया रियाज, अनूशा नासिर, आयशा जफर, डायना बेग, दुआ मजीद, इमान फातिमा, फातिमा सना, गुल फिरोजा, हुमना बिलाल, इरम जावेद, महम मंजूर, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, ओमैमा सोहेल, कुरतुलैन, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन, युसरा आमिर, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

# कनाडा ने पेरू को 1-0 से हराया

कन्सास सिटी (अमेरिका), एजेंसी

- 24 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली जीत
- मैच के दौरान एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई

जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। जैकब शैफेलबर्ग के खिलाफ टैकल के लिए मिगुएल अराउजो को लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण पेरू को 59वें मिनट के बाद एक खिलाड़ी के बिना खेलना पड़ा। यह निर्णय वीडियो समीक्षा के बाद लिया गया।

कनाडा ने पिछले महीने कोच के रूप में नियुक्त अमेरिकी जेसी मार्श के मार्गदर्शन में चार मैचों में पहली जीत दर्ज की। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है। इस गोल से राष्ट्रीय टीम ने 391 मिनट के गोल के सूखे को भी खत्म किया। खेल को पहले हाफ के इंजरी टाइम में रोकना पड़ा जब स्टेडियम के गैर छायादार हिस्से पर दौड़ रहे एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।

### चिली को 1-0 से हराकर अर्जेन्टीना क्वार्टर फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा, जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की कॉर्नर किक पर लगाए शॉट को चिली के गोलकीपर क्लॉडियो ब्रावो ने रोक दिया लेकिन रिबाउंड होकर आई गेंद को मार्टिनेज ने गोल में पहुंचाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया। खिलाड़ी खड़े होकर तीन मिनट तक इंतजार करते रहे जिसके बाद वीडियो समीक्षा में गोल की पुष्टि हुई। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है। कनाडा तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चिली और पेरू के एक-एक अंक हैं। अर्जेन्टीना की टीम शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में पेरू के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

दिन में रहेगी उमस बादल छाए रहने व बारिश होने की संभावना।

36.0° अधिकतम तापमान | 27.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 07 :00

**एक नजर**

## अलग मामलों के चार वांछित गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों के चार वांछितों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी, व सहयोगियों ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अनूप सविता पुत्र चुनवाद निवासी कृष्णानगर थाना बबेरू (बांदा) को गिरफ्तार किया। एसआई राजेश कुमार ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अमित तिवारी पुत्र नकुल निवासी बरद्वारा को, राजापुर थाने के एसआई इमरान खान ने प्रेमसागर गुजराल पुत्र स्व. श्रीराम निवासी दिल्ली को एसआई अंकित सिंह ने पॉक्सो एक्ट में वांछित दुर्गा प्रसाद निषाद पुत्र गौडिया निवासी सगवारा को गिरफ्तार किया है।

# जिले का 'नक्शा' बदलने के लिए याद किए जाएंगे अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



अभिषेक आनंद।

- लगभग दो साल जिले में तैनात रहे अब मिली सीतापुर की जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** अब तक जिले के मुखिया रहे अभिषेक आनंद को शासन ने सीतापुर जिले की कमान सौंपी है। निवर्तमान जिलाधिकारी के कार्यकाल को जिले का नक्शा बदलने के लिए याद किया जाएगा। मुख्यालय में कई ऐसी जगहें हैं, जिनमें डीएम के कामों की छाप नजर आती है। यह भी रोचक है कि जिन 12 जिलों के जिलाधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें से 11 स्थानों पर बीजेपी को लोकसभा में पराजय हाथ लगी है।

लगभग दो साल के कार्यकाल के बाद अभिषेक आनंद का बीते दिन तबादला हो गया। जुलाई 22 में जिले की कमान संभालने के बाद अभिषेक ने उन कामों को अपने हाथ में लिया, जिनको करने से शायद उनके पूर्ववर्ती कतराते रहे। पुरानी कोतवाली में अतिक्रमण को ढहाने में उनकी कड़ाई को कौन भूल सकता है। नगर पालिका ने वहां सालों से रह रहे परिवारों को हटाया था। इस पूरे मामले में कई तरह की बातें भी हुई थीं और प्रशासन लोगों के निशाने पर भी आया था पर डीएम ने नियमों का पालन करने की बात कहते हुए किसी की परवाह नहीं की। कोठी तालाब के पास का अतिक्रमण भी हटाया गया तो काफी आलोचना हुई। वहां रह रहे कई परिवारों ने प्रशासन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। कोठी तालाब के पास का पार्क डीएम की ही सोच का परिचायक है। इसके अलावा आज जो ट्रैफिक चौराहा बदला बदला सा नजर आता है, वहां सेल्फी प्वाइंट मौजूद है तो यह भी अभिषेक आनंद की जिला मुख्यालय को सुंदर रूप देने की योजना का ही एक अंग रहा। यहां से जब बहुत पुरानी बिल्डिंग ढहाई गई और कई दुकानें गिराई गईं तो विरोध हुआ। राजनीतिक आवाजें भी उठीं पर डीएम का रुख देखकर वे शांत पड़ गईं। तीर्थक्षेत्र में रामघाट, परिक्रमा पथ आदि जगहों पर भी कई काम हुए। परिक्रमा मार्ग पर जलेबी वाली गलि में अतिक्रमण हटाने के दौरान भी प्रशासन के रुख की जमकर आलोचना हुई। इनके अलावा लालापुर, राजापुर आदि तीर्थस्थलों पर विकास कार्य और सुंदरीकरण को लेकर अभिषेक आनंद तत्पर रहे। इन्हीं के कार्यकाल में सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी और पत्नी निकहत बानो के जेल में अवैध रूप से मिलने का भंडाफोड़ हुआ। निवर्तमान डीएम और तत्कालीन एसपी वृंदा शुक्ला ने इस मामले से काफी सुर्खियां बटोरीं और वाहवाही पाई थी।

अवैध प्लाटिंग को लेकर अभिषेक आनंद की नजरें हमेशा टेढ़ी रहीं। इनके कार्यकाल में अवैध प्लाटिंग करने वाले लोगों का धंधा धीमा पड़ गया। हवाई पट्टी को चालू कराने का श्रेय भी अभिषेक आनंद के खाते में गया। ओवर ब्रिज के पास कचहरी जाने वाले रास्ते पर दुकानों को ढहाने को लेकर निवर्तमान डीएम को आलोचनाएं झेलनी पड़ीं पर उन्होंने परवाह नहीं की। वर्तमान समय में वह पटेल तिराहे से लेकर हवाई पट्टी तक के मार्ग के चौड़ीकरण कार्य पर जोर दे रहे थे। उनके तबादले से यहां कई दुकानों और रिहायशी मकानों के ढहने की आशंका से परेशान लोगों के माथे पर शिकन कुछ दिनों के लिए जरूर कम होगी। यह भी एक संयोग कहा जाएगा कि बिहार के मुंगेर जिला निवासी अभिषेक आनंद जहां चित्रकूट में डीएम बनने से पहले बरेली के नगर आयुक्त रह चुके थे और उनके कामों में इस पद के अनुभवों की झलक नजर आई थी तो नवनियुक्त डीएम जीएन शिवशरन अप्पा भी कानपुर नगर आयुक्त के पद से यहां डीएम बनकर आए हैं। देखना होगा कि वह अपने पूर्ववर्ती के बनाए रास्ते पर कितना चलते हैं।

**जारी है अनदेखी**





**कार्रवाई का डर नहीं :** जिले में बेखौफ दौड़ते ई-रिक्शा कभी बड़ी दुर्घटना के सबब बन सकते हैं। नाबालिग चालकों द्वारा इनको दौड़ाना आम बात है। बुधवार को बेड़ी पुलिया चौराहे पर खड़ी रोडवेज बस पर पीछे से आ रहे ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी और चालक भाग निकला। रिक्शे पर बैठी सवारियां बाल-बाल बचीं। आए दिन इस तरह की घटनाओं पर लोगों ने पुलिस प्रशासन से ध्यान देने का अनुरोध किया है। अमृत विचार

## आधा किलो गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर (चित्रकूट)।** एसएसआई मनीष कुमार ने रितिक यादव उर्फ राजेंद्र पुत्र अभिलाखन यादव निवासी गुरौली सपहाई थाना बबेरू (बांदा) को पकड़ा। इससे 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत हत्या का आरोप

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** तत्कालीन थानाक्षेत्र के ग्राम दराई गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मृतका विद्या देवी (32) पत्नी स्व. अतुल यादव निवासी दराई के भाई श्याम यादव पुत्र धर्मपाल यादव निवासी नागर थानाक्षेत्र मानिकपुर ने बताया कि उसकी बहन अपने मायके आई थी। मंगलवार को बहन का देवर हमारे घर नागर पहुंच कर मेरी बहन विद्यारानी को यह कह कर लिवा लाया कि आवास के लिए उसे दस्तखत करना है । बुद्धवार को अचानक उसकी हालत खराब हो गई । एम्बुलेंस से सीएचसी मानिकपुर ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गयी।मृतका के दो बालक मयंक 8 वर्ष व शिवम 6 वर्ष है। मायके पक्ष ने मानिकपुर थाना में स्वसुराली पक्ष के विरुद्ध विद्या को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

# जनसामान्य को मिले योजनाओं का लाभ : शिवशरणप्पा

## नवागंतुक जिलाधिकारी ने जिला कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



कार्यभार ग्रहण करते नवागंतुक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार, कार्यालयों व पटलों का निरीक्षण किया

**अमृत विचार।** नवागंतुक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को जिला कोषागार पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि उनकी मंशा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वास्तविक लाभार्थी तक पहुंचे।

2015 बैच के आईएएस शिवशरणप्पा बेंगलुरु (कर्नाटक) के निवासी हैं। वह 2016 में जौनपुर में असिस्टेंट कलेक्टर, 2017 में गाजीपुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, 2019 में देवरिया में मुख्य विकास अधिकारी रहे और यहां आने से पहले कानपुर के नगर आयुक्त थे। वहां वह 2021 से तैनात थे। नवागंतुक जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनमानस को किस तरह से लाभ मिले, यह देखना प्राथमिकता रहेगी। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुरूप समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार, कार्यालयों व पटलों का निरीक्षण किया। राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे संचालित रहें एवं जो नकलों की रेट सूची भी चस्पा कराएं। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## किसी के साथ गलत नहीं किया : अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



निवर्तमान जिलाधिकारी को विदाई देते अधिकारी। अमृत विचार

- निवर्तमान जिलाधिकारी को अफसरों ने दी विदाई

**अमृत विचार।** निवर्तमान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को कलेक्ट्रेट में हुए समारोह में अधिकारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उनके साथ यादें साझा कीं और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अभिषेक आनंद ने भी जिले के कार्यकाल को यादगार बताया और कहा कि उन्होंने इस दौरान कभी किसी के साथ गलत नहीं किया।

उन्होंने कहा कि उनको श्रीराम की पवित्र भूमि पर काम करने का मौका मिला। सभी के सहयोग से बड़े-बड़े काम किए गए। जो नहीं हुए, उसे सभी लोग पूरा कराएं। उन्होंने सबके सहयोग का भी धन्यवाद दिया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एसपी ने अभिषेक आनंद की विषम परिस्थिति में धैर्य रखने के गुण की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले को उनकी कमी खलेगी। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि हम लोगों ने कभी दबाव में काम नहीं किया।

उन्होंने निवर्तमान जिलाधिकारी की मृदुभाषिता को सराहा। एडीएम नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि वह किसी से भी सहज स्वभाव से बात करते हैं। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने अभिषेक आनंद की नेतृत्व करने व समस्या का निस्तारण करने की क्षमता को अभूतपूर्व बताया। इस दौरान कई अधिकारी भावुक भी हुए। विदाई समारोह में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीएमओ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, कर्वी सौरभ यादव, मोहम्मद जसीम अहमद, जिला कोषाधिकारी अवध नारायण आदि ने भी डीएम के साथ अपने संस्मरण बताए।

## बालिका से दुराचार के दोषी को 20 साल का कारावास

कार्यालय संवाददता, चित्रकूट

- विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने दो साल पुराने मामले मे सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** बकरी चराने गई नाबालिग से दुराचार के दोषी को न्यायालय ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। इसे सात हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। इसके माता-पिता को भी कोर्ट ने चार-चार हजार रुपये जुर्माने की सजा दी।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला ने सात जुलाई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि छह जुलाई 2022 की दोपहर उसकी 14 वर्षीया बेटी धान की फसल की रखवाली करने के साथ वहीं बकरी चरा रही थी। इस दौरान खेत से दूर भाग रही बकरी को पकड़ने के लिए बेटी कुछ दूर निकल गई। इस दौरान वहां आरोपी गुड्डू पहुंच गया और उसकी बेटी को जबरन तालाब के पास घसीटकर ले गया और दुराचार करने के बाद घर में न बताने की धमकी दी। घर लौटने पर बेटी ने पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद वह उलाहना देने आरोपी के घर गई तो गुड्डू के पिता किशोरी व मां विषमतिया ने भी गालीगलौज कर धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था और न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने बुधवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। नाबालिग से दुष्कर्म के दोषसिद्ध आरोपी रैपुरा थानांतर्गत एक गांव निवासी गुड्डू को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा के साथ सात हजार रुपये अर्थदंड दिया। पिता किशोरी लाल व मां विषमतिया को भी चार-चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# एसओ के निलंबन से कई अफसरों को मिलेगा सबक

कार्यालय संवादाता, चित्रकूट



अजीत कुमार।

- मऊ थानाध्यक्ष समेत तीन का निलंबन
- मृत किशोरी के परिजनों से मारपीट का मामला

**...तो जनप्रतिनिधि की सिफारिश पर हुई थी तैनाती**

मऊ में चर्चा यह भी है कि अजीत पांडेय कोतवाली का चार्ज से हटने के बाद यहां थाना प्रभारी बनने के पीछे एक जनप्रतिनिधि की सिफारिश भी एक वजह थी। यह बात कोई तस्दीक नहीं करेगा पर कौन नहीं जानता कि जनप्रतिनिधियों की सिफारिश आज के दौर में कितनी कारगर होती हैं। सूत्र बताते हैं कि जनप्रतिनिधि के एक परिवारीजन से मुलाकात के अगले ही दिन अजीत पांडेय को मऊ का थाना प्रभारी बना दिया गया था। हालांकि तब अजीत भी न जानते होंगे कि यहां का थाना उनके करियर को कितना भारी पड़ेगा।

**अमृत विचार।** थाने में मृतका के परिजनों से मारपीट के आरोप में मऊ एसओ अजीत कुमार पांडेय और दो पुलिसकर्मियों के निलंबन से उन पुलिस अधिकारियों को भी सबक मिलने की उम्मीद की जा रही है, जो थाना-कोतवाली आने वाले फरियादियों से अमानवीय व्यवहार करते हैं, अभद्रता करते हैं। माना जा रहा है कि एसपी अरुण कुमार सिंह ने इस निलंबन से ऐसे लोगों को भी परोक्ष चेतावनी दी है।

जिले के कई थानों-कोतवालियों में तैनात अधिकारियों की कार्यशैली से कौन परिचित नहीं। थाना क्षेत्र में अपराध कम दिखाने का लालच इन अधिकारियों को वहां फरियाद लेकर आने वाले लोगों से अमानवीय व्यवहार तक कराने को प्रेरित करता है। थानों में शिकायतकर्ता को ही बैठाने की घटनाओं में हाल फिलहाल बढ़ोत्तरी हुई है। इनमें से बहुत से लोग पुलिसिया डंडे के खौफ से सब कुछ सहन कर ले जाते हैं। मऊ थाना क्षेत्र की घटना ने तो मानवीयता को जमकर शर्मसार किया। पहले किशोरी की शिकायत पर कार्रवाई न करना और फिर जैसे कि आरोप हैं, उसके माता-पिता के साथ थाने में मारपीट से पुलिस महकमे का सिर शर्म से झुका है। इस तरह की घटना के बाद एसओ मऊ अजीत कुमार पांडेय (अब निलंबित) के इस बयान की भी भर्त्सना होनी चाहिए कि पूरा मामला प्रेम प्रसंग का है।

मामले की गंभीरता के मद्देनजर एसओ समेत तीन पुलिसकर्मियों का आखिरकार घटना के तीसरे-चौथे दिन ही निलंबन हो गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मियों द्वारा मृतका के परिजनों के साथ अपेक्षित मर्यादित व्यवहार न करने की शिकायत की जांच सीओ मऊ ने की थी। प्राथमिक जांच में यह पाया गया कि एसओ और उनके सहयोगियों ने अपेक्षित मर्यादित व्यवहार नहीं किया गया। ऐसे में इनको निलंबित कर दिया गया। एसपी ने यह भी बताया कि विभागीय जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे भी कार्रवाई की जाएगी। एसपी द्वारा एसओ अजीत पांडेय, दीवान सुरेंद्र यादव और सिपाही सौरभ राजपूत के निलंबन से लोगों में एक आशा भी जगी है। चर्चा यह भी है कि जांच के बाद कुछ और लोगों पर भी एसपी की गाज गिर सकती है।

## संपूरण अभियान में बच्चों को दी विटामिन ए की खुराक

**चित्रकूट।** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बुधवार को विटामिन ए संपूरण अभियान के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में हुए कार्यक्रम में सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने इस अभियान की जानकारी दी। इस दौरान नौ माह से 12 माह की आयु के चार बच्चो व एक से पांच साल के 44 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई गई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी चित्रकूट ने प्रत्येक बुधवार, शनिवार को टीकाकरण सत्रों में लोगों से बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने की अपील की। कार्यक्रम में डा. जीआर रतमेले, डा. एमके जतारया, डा. संतोष कुमार, डा. शिखर अग्रवाल, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# पति को आठ वर्ष की सश्रम कैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- कोरोना काल में जबलपुर से पैदल घर पहुंचा था मृतका का पिता

**अमृत विचार।** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के मामले में दोषी पति को त्वरित न्यायालय ने आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसको आठ हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। कोरोना काल में हुए इस हत्याकांड में मृतका का पिता लगभग 20 दिन बाद पैदल घर पहुंचा था।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि सरधुआ थाने में रैपुरा थाना क्षेत्र के गढवारा गांव निवासी पुरुषोत्तम ने पांच सितंबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने छह साल पूर्व बेटी सविता की शादी सरधुआ निवासी अखिलेश से की थी। ससुराल वाले 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। उसने पैसा न होने के चलते असमर्थता जाहिर की थी। दहेज के लिए बेटी के साथ ससुरालीजन मारपीट करते थे, जिसकी शिकायत उसने थाने में की थी। पुलिस के सुलह कराने के बाद भी ससुरालीजनों के आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। 27 मार्च 2020 की रात उसकी बेटी से मारपीट की गई और मौत होने के बाद घटना छिपाने के उद्देश्य से घर के पास सूखे कुयें में फेंक दिया गया। सवेरे गांव के लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस की मौजूदगी में शव बाहर निकाला गया। मृतका के पिता ने बताया कि घटना के समय वह जबलपुर (मप्र) मजदूरी करने गया था। सूचना मिलने के बाद उसने तत्काल यहां आने का प्रयास किया पर कोरोना के कारण लगे लाकडाउन में वाहन नहीं चल रहे थे, जिससे वह लगभग 20 दिन बाद पैदल अपने घर पहुंचा था। थाने जाने पर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी तो उसने न्यायालय में धारा 156(3) के तहत प्रार्थनापत्र दिया था। इसे चित्रकूट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार करते हुए 30 जुलाई 2020 को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी और मुख्य आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी मृतका के पति अखिलेश को आठ वर्ष सश्रम कारावास के साथ आठ हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

**सख्ती** लोढ़वारा का मामला, तहसीलदार ने दिया आदेश

# रोका जाए नाले की भूमि पर निर्माण

कार्यालय संवादाता, चित्रकूट



इस निर्माण कार्य को लेकर है आपत्ति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर ब्लाक कर्वी की ग्राम पंचायत लोढ़वारा में भू माफियाओं द्वारा सरकारी ज़मीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने की शिकायत और मामले के कोर्ट में लंबित होने पर तहसीलदार ने जांच कर निर्माण कार्य रोकने के आदेश दिए हैं।

इस संबंध में गांव निवासी राहुल यादव ने प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि इस सार्वजनिक भूमि का मामला अपर जिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उसने काम रोके जाने की मांग की थी। बताया था कि वाद बतौर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य की हैसियत से दाखिल किया गया था। यह नाले की भूमि है, जिसमें से तीन चार गांवों का पानी निकलता है। अगर निर्माण हो गया तो बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इस नाले का पानी लोगों के घरों में घुसेगा। तहसीलदार ने इस संबंध में राजस्वकर्मियों को मामले की जांच करने और सार्वजनिक भूमि पर निर्माण पाए जाने पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिए हैं।

## विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया 27 जून से

**चित्रकूट।** बीएसए लव प्रकाश यादव ने बताया कि सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के निर्देशों के क्रम में 12460 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अर्ह नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को ऑनलाइन विद्यालय आवंटन प्रक्रिया की जानी है। इसके लिए 27 से 29 जून तक कार्रवाई पूरी की जाएगी। नवनियुक्त शिक्षक समय से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट शिवरामपुर चित्रकूट में उपस्थित होकर तैनाती समिति के समक्ष विद्यालय आवंटन के लिए ऑनलाइन विकल्प पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग महिला व पुरुष एवं महिला वर्ग 28 जून को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक एवं पुरुष वर्ग 28 जून 2024 अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे तक उपस्थित होकर अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत करें।



कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

# छलांग परियोजना के तहत कार्यक्रम

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत छेछरिया खुर्द में बुधवार को प्रजायत्न संस्था ने छलांग परियोजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक प्रधानाध्यापक सुरेश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन से की। प्रोग्राम मैनेजर अमित ने खेल मेला के बारे में बताया। फील्ड कोऑर्डिनेटर प्रेमचंद ने खेलों का महत्व और लाभ समझाए। नोडल टीचर श्याम सुंदर ने विभिन्न गतिविधियां कराईं। इस मौके पर अनुज कुमार, रजनीश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा लूट का एक और आरोपी गिरफ्तार देशी बम बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस ने ई-रिक्शा लूट का एक और आरोपी गिरफ्तार किया है। इससे चार देशी बम और एक मोबाइल बरामद किया गया है।

13 फरवरी को ई-रिक्शा चालक दीपक निषाद निवासी डेलौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात को तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट करके उसका ई-रिक्शा लूट लिया है। बदमाश उसका मोबाइल व नकदी भी ले गए हैं। विवेचक श्यामदेव सिंह पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुके हैं। इनसे पुलिस ने ई-रिक्शा एवं बैटरी बरामद की थी। मंगलवार को पुलिस ने बनकट मोड़ के पास से तीसरे आरोपी दीपक वाजपेई पुत्र राम नरेश निवासी राजापुर को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, इससे लूटा गया मोबाइल व चार देशी बम मिले। बरामद किए गए बमों को मौके पर नष्ट किया गया।

# बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई गई

- ढाई लाख से ज्यादा बच्चों को खुराक पिलाने का रखा गया है लक्ष्य
- 26 जुलाई तक चलाया जाएगा विटामिन ए खुराक पिलाने का अभियान

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाने के लिए अभियान की शुरूआत की गई। चित्रकूटधाम मंडल चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अपर निदेशक ने बच्चों को खुराक पिलाकर अभियान शुरू करते विटामिन ए के फायदे बताए। कहा कि विटामिन ए से शरीर स्वस्थ रहता है। जिले में ढाई लाख से ज्यादा बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

मंडल मुख्यालय स्थित पीपीसी में बुधवार को चित्रकूटधाम मंडल चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अपर निदेशक डा.रेखा रानी ने बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार जनपद में नौ माह से पांच साल तक के 2,53,604 बच्चों को पूरे एक माह तक अभियान चलाकर विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। सीएमओ डा.एके श्रीवास्तव ने कहा कि विटामिन ए खुराक पिलाने का अभियान 26 जुलाई तक चलेगा। बताया कि छह माह के अंतराल पर यह अभियान चलाया जाता है। प्रत्येक बुधवार व शनिवार को मनाए जाने वाले छाया ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दौरान बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगी। प्रत्येक आशा एवं आंगनवाडी इस कार्यक्रम में बच्चों को सत्र स्थल पर लाने का कार्य करेंगी।

आंगनवाडी केंद्रों पर पंजीकृत कोई भी बच्चा विटामिन ए से वंचित न रहने पाए। इस मौके पर महिला जिला अस्पताल सीएमएस डा.सुनीता सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.अजय कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.विजय शंकर केसरवानी, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डा.वर्षा नायर, डीएमसी यूनिसेफ गुफरान, एआरओ राधा शर्मा, डब्ल्यूजेसीएफ सदस्य दिगंबर सिंह, वीसीसीएमयूनडीपी रोहित सिंह, यूएचसी एनयूएचएम प्रेमवंद्र पाल आदि उपस्थित रहे।


विटामिन ए अभियान की शुरुआत करतीं अपर निदेशक डॉ.रेखा रानी।

# नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों से लैस हों सीबीएसई के शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जनपद में सीबीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालयों के प्रबंधन तंत्र और प्रधानाचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक शहर के भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों को नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों से लैस करने और बच्चों को एक समृद्ध शैक्षिक माहौल उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। कहा कि सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में शिक्षण के उच्च मानक स्थापित करते हुए नेतृत्व, प्रबंधन और शिक्षक कौशल को बढ़ाने पर निरंतर काम करना होगा।

बुधवार को शहर के चिल्ला रोड श्रीनाथ बिहार स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए एकेडमी के नामित चेयरमैन अंकित कुशवाहा ने कहा कि स्कूलों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिकाओं को नवीनतम शैक्षिक रणनीतियों, नेतृत्व कुशलता और नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों से लैस करना होगा ताकि स्कूलों में छात्रों के लिए एक समृद्ध शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके। बैठक में प्रधानाचार्यों, उप प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सत्रों के निर्धारण पर जोर दिया गया। स्कूल प्रबंध तंत्र के प्रमुखों और प्रधानाचार्यों ने सीबीएसई बोर्ड के उच्च शैक्षिक मानकों को कायम रखने और अपने शिक्षकों का निरंतर व्यावसायिक विकास के माध्यम से समर्थन करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। कहा कि यह पहल स्कूल के सभी शिक्षकों की गुणवक्ता को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है, जिससे सीधे तौर पर छात्रों को लाभ होगा। इस मौके पर तथागत ज्ञानस्थली अतर्रा, शांतिधाम स्कूल अतर्रा, न्यू लखनऊ पब्लिक स्कूल बबेरू, आरके विद्यापीठ नरैनी, समेत शहर के सेंट जार्ज स्कूल एंड कालेज, विद्यावती निगम मेमोरियल स्कूल समेत सीबीएसई बोर्ड से संचालित स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य शामिल रहे।


बैठक में शामिल सीबीएसई स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य। अमृत विचार

- स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्यों की बैठक में समृद्ध शैक्षिक माहौल पर की गई चर्चा

## बच्चों के साथ आत्मीय संबंध शिक्षण को बनाते हैं रुचिकर : अपर्णा

चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम दिन टीचरों को कक्षा शिक्षण को सुगम व रूचिकर बनाने के टिप्स दिए गए। साथ ही कक्षा प्रबंधन के संबंध में सरल और व्यावहारिक जानकारियां दी गईं। समझाया गया कि बच्चों के साथ आत्मीय संबंध शिक्षण को रुचिकर बनाते हैं। इंदिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में चल रही शिक्षक-शिक्षिकाओं की चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार को खत्म हो गई। प्रशिक्षक दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्या अपर्णा पांडेय ने कहा कि शिक्षण विधि व छात्र-छात्राओं के साथ स्थापित आत्मीय संबंध शिक्षण कार्य को रूचिकर व उपयोगी बनाते हैं। उन्होंने कक्षा प्रबंधन के संबंध में सरल व व्यावहारिक उपाय बताये। प्रोग्राम डायरेक्टर मनोज सिंह ने कक्षा शिक्षण को सुगम व रूचिकर बनाने के लिए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। कार्यशाला में उपस्थित 73 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भागीदारी करते हुए प्रश्नों के सकारात्मक उत्तर दिए। कार्यक्रम में कार्यकारी प्रबंधक डा.मनीष कुमार गुप्ता व विद्यालय के डायरेक्टर जगनायक यादव ने आभार जताया।


कार्यशाला में संबोधित करतीं अपर्णा पांडेय। अमृत विचार

# मानक के अनुरूप स्कूली वाहन न मिलने पर करें सख्त कार्रवाई

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंडलायुक्त के अधिकारियों के कसे पेच

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- ओवरलोड वाहनों के प्रवर्तन में तेजी लाने के आयुक्त ने दिए निर्देश
- ब्लैक स्पॉट पर सांकेतिक चिह्न बनाने व अन्य उपाय करने को कहा

**अमृत विचार।** मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आयुक्त के तेवर काफी सख्त रहे। चित्रकूटधाम मंडल ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए इन पर कमी लाने को सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जाए। पहली जुलाई से शुरू हो रहे नए शिक्षा सत्र के दौरान अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की चेकिंग करें। सही मानक न मिलने पर वाहनों का चालान कर नोटिस जारी की जाए।

अपने कार्यालय सभागार में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने बुधवार को अधिकारियों के साथ मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उन्होने मंडल के सभी जनपदों में नियमित रूप से चल रहे स्कूली वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन परिवहन विभाग से कराया जाए, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि स्कूली वाहन मानक के अनुरूप संचालित है अथवा नहीं। यदि मानक के रूप नहीं पाए जाए तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के साथ ही सभी संभावित उपाय भी किए जाए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में चिह्नित ब्लैक स्पॉटों पर किए गए सुधारीकरण कार्यों को भी चेक करते हुए सभी कार्यों को पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक दुर्घटना वाले स्थान ब्लैक स्पॉटों पर सांकेतिक चिह्न एवं अन्य उपायों को करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों का निर्देश दिए। आयुक्त ने राष्ट्रीय मार्ग राजमार्ग एवं सड़कों की मरम्मत व गधों को मोटरेबल किए जाने के निर्देश दिए, जिससे कि बरसात के समय दुर्घटना ना हो सके। आयुक्त श्री त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का प्रचार प्रसार तथा स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने तथा मोटर डीलर्स, बसध् ट्रक यूनियन चालकों को यातायात के नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने एवं जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाए जाने तथा पुलिस विभाग नियमित रूप से चेकिंग कराए जाने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सीट बेल्ट व हेलमेट के नियमित रूप से प्रयोग किए जाने तथा आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। ऑटो रिक्शा, टेंपो, टैक्सी व बस और मिनी बस के लिए शहर में पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित किए जाने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने तथा स्वैच्छिक मदद किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम एवं मोटर कराधान अधिनियम के अंतर्गत निरुद्ध वाहनों को खड़ा कराए जाने के लिए प्रस्तावित डंपिंग यार्ड के लिए निरूशुल्क भूमि उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह, अनिल कुमार सचिव मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति, अपर निदेशक चिकित्सा, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बस ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

# सब स्टेशन चालू कराने की मांग ने पकड़ा जोर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- ग्रामीणों ने मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा
- 10 दिनों में पावर हाउस शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** करोड़ों रुपये लागत से बनकर तैयार खड़ा चंदवारा गांव स्थित बिजली सब स्टेशन को शुरू कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। किसान नेता की अगुवाई में तमाम क्षेत्रीय ग्रामीणों ने पावर कारपोरेशन मुख्य अभियंता को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर बिजली सब स्टेशन शुरू कराने की मांग की। 10 दिन में सब स्टेशन शुरू न होने पर जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी।

किसान नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले की अगुवाई में बुधवार को तमाम ग्रामीण चिल्ला रोड स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचे। यहां मुख्य अभियंता को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि जसपुरा ब्लाक के चंदवारा गांव में करोड़ों रुपए की लागत से बनाकर तैयार खड़ा 10 एमवीए क्षमता का बिजली सब स्टेशन शोपीस बना है। पावर हाउस पांच साल बाद भी चालू नहीं हो सका है। पावर हाउस में पांच-पांच एमवीए के दो ट्रासफार्मर लगे हैं और इससे 50 हजार से ज्यादा आबादी को विद्युत आपूर्ति होनी है। इस पावर हाउस के शुरू हो जाने से संबद्ध 10 से 15 गांवों के उपभेक्ताओं को ओवरलोडिंग और फाल्ट से मुक्ति मिलेगी। इटावा की एक कंपनी ने पावर हाउस का निर्माण करवाया था। तत्कालीन भाजपा विधायक बृजेश प्रजापति द्वारा उद्घाटन के बाद क्षेत्रीय लोगों को भरपूर बिजली मिलने की आस जगी थी। पांच साल बीतने के बाद लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। किसी भी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने इसे चालू कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। कई सालों से इस सब स्टेशन से जुड़े गांवों में केबिल नहीं बदली गई। मामूली बारिश और हवा के झोंकों में तार टूटकर गिरते हैं। चेतावनी दी कि 10 दिन के अंदर सब स्टेशन के चालू न होने पर क्षेत्र की जनता और किसान आंदोलन को बाध्य होंगे।


मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपता किसान नेता। अमृत विचार

# चोरी गया मोबाइल 12 घंटे में बरामद किया

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को पुलिस लगातार अभियान चला रही है। बबेरू कोतवाली पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार करते हुए चोरी की मोबाइल फोन बरामद कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कस्बा निवासी राजेश तिवारी ने मंगलवार को रात कस्बा स्थित सब्जी मंडी से मोबाइल फोन चोरी होने की सूचना दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद बुधवार को सुबह मुखबिर की सूचना पर कस्बे के तिंदवारी रोड स्थित सब्जी मंडी से साहेबगंज (झारखंड) जिले के तालझरी थाना क्षेत्र के नयाटोला महाराजपुर निवासी शेखर महतो पुत्र गौलकिया महतो को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से चोरी के तीन फोन बरामद किए।

# हिस्ट्रीशीटर ने अधेड़ को गोली मारी हालत गंभीर

**बांदा।** हिस्ट्रीशीटर ने तमंचे से अधेड़ को गोली मार दिया। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे घरवालो ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के तेरही माफी गांव निवासी 55 वर्षीय सुरेंद्र मिश्रा पुत्र शिवभजन लाल कर्म कांडी बृाम्हण है। वह बुधवार की सुबह पड़ोसी के यहां तेरहवी संस्कार में हवन पूजन कराने जाने के लिए तैयारी बना रहा था। तभी पड़ोसी हिस्ट्रीशीटर घर में घुस आया और सुरेंद्र से शराब पीने के लिए दो सौ रुपए मांगने लगा। सुरेंद्र के मना करने पर दोनो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया। कि हिस्ट्रीशीटर ने तमंचा से सुरेंद्र के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसकी हालत देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। घायल के भतीजे रोहित मिश्रा ने बताया कि सुरेंद्र अविवाहित है। थानाध्यक्ष तिंदवारी राधाकृष्ण तिवारी ने बताया कि दोनों लोग पीते खाते थे। हिस्ट्रीशीटर लल्लू बाजपेई ने उससे शराब पीने के लिए रूपए मांगा न देने पर उसे गोली मार दिया। फिर हाल तहरीर नही मिली है। हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ करीब 20 मुकदमे पहले से दर्ज है।

# करंट लगने से किशोर की मौत, दादी व चाची झुलसे

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** शहर के सर्वोदय 17 वर्षीय अनुज पुत्र ओमप्रकाश बुधवार की सुबह निमार्णाधीन मकान की दूसरी मंजिल में था। उसने खिड़की को छू लिया। करंट का झटका लगते ही वह नीचे गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। घरवालो को यह आशंका थी कि अनुज कि छत से गिर कर मौत हुई है। कुछ ही देर के बाद अनुज की 70 वर्षीय दादी शिवपतिया,और 28 वर्षीय चाची मनीषा को करंट के झटके लगे। तब परिजनो को पता चला कि अनुज की करंट लगने से मौत हुई है। मृतक के चाचा मानसिंह ने बताया कि दूसरी मंजिल मे निर्माण चल रहा है। कटा तार खिड़की में छू गया। जिससे घर में करंट दौड़ गया।

# कैडेट्स ने निकाली नशे के खिलाफ रैली

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने चलाया अभियान

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय नशा व तस्करी विरोधी दिवस के खिलाफ एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकली। शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कैडेट्स ने लोगों को नशा और अवैध तस्करी के विरुद्ध जागरूक किया। नशा से होने वाले नुकसान बताए।

60वीं उप्र एनसीसी बटालियन फतेहपुर कमाडिंग आफीसर कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देश पर बुधवार को आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में संचालित एनसीसी इकाई कैडेट्स ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं तस्करी के खिलाफ रैली निकाली। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने रैली को हरी झंडी दिखाई। विद्यालय से शुरू होकर पीलीकोठी, छावनी, बाबूलाल चैराहा होते हुए पुनः विद्यालय में आकर रैली समाप्त हुई। इस दौरान कैडेट्स ने जन-जन का हो यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना देश, हम सबकी यही पुकार नशे का करो बहिष्कार आदि नारे लगाए। रैली का नेतृत्व एनसीसी चीफ आफीसर मंगल प्रसाद ने किया। रैली में 85 एनसीसी कैडिटों ने भागीदारी की। प्रधानाचार्य ने कहा कि देश में नशा करने वाले युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस कारण युवा अपनी जिम्मेदारी को भूलकर गलत कार्यों में लिप्त होते जा रहे हैं। भटके युवाओं को सही दिशा में लाने की जरूरत है। नशाखोरी को दूर करने के लिए जन-जागरण अभियान जारी रहेगा। नशाखोरी की लत ने युवाओं को पूरी तरह से जकड़ लिया है। बताया कि रैली निकलाने का उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध व्यापार के खिलाफ लोगों को जागरुक करना है। रैली के माध्यम से बताया गया कि नशीले पदार्थों की तस्करी कानूनी अपराध है। इस मौकेपर आकाश सिंह गौर, इसरार खान, ओम शर्मा, अखिलेश, योगेंद्र और विष्णु मौजूद रहे।



जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

**जिम्मेदारी** राजधानी में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर उठाया बिजली संकट का मुद्दा

# सदर विधायक ने की बिजली कटौती से निजात दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- ऊर्जा मंत्री को सौंपे दो नए सब स्टेशन बनाने और विद्युतीकरण के प्रस्ताव

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के मौसम में पूरी तरह से लड़खड़ा गई शहर की विद्युत आपूर्ति को लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने राजधानी पहुंचकर ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की और अंधाधुंध बिजली कटौती की समस्या से शहरवासियों को निजात दिलाने की मांग की। साथ ही विधायक ने ऊर्जा मंत्री को शहर की विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से संचालित करने के लिए दो नए विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने और विभिन्न मोहल्लों में विद्युतीकरण कराने के प्रस्ताव सौंपे। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने विधायक के प्रस्तावों पर विचार करने और शहर की विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कराने का भरोसा दिलाया।

जनसरोकार और जनसमस्याओं के प्रति हमेशा सजग और संवेदनशील रहने वाले सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी जहां अपने क्षेत्र में जनता के बीच सदैव सक्रिय रहते हैं, वहीं जन समस्याओं के निस्तारण को लेकर शासन स्तर पर भी प्रयास करने से नहीं चूकते। भीषण गर्मी के बीच शहर की चरमराई विद्युत आपूर्ति को लेकर विधायक लगातार सक्रिय रहे और अधिकारियों को डांट फटकार कर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायत देते रहे।

विधायक ने हाल ही में शहर के सभी विद्युत उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण करके व्यवस्था को परखा था और अफसरों को सख्त निर्देश दिए थे। विधायक ने अपने लखनऊ प्रवास के दौरान शहरवासियों की बिजली समस्या को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की चौखट पर दस्तक दी और अपने क्षेत्र के लोगों की समस्या का निदान करने की मांग उठाई।

विधायक ने शहर की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए दो नए सब स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव सौंपा। साथ ही उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विद्युतीकरण को लेकर भी विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए और शीघ्र ही प्रस्ताव पास करके काम शुरू कराने की मांग की। उधर, ऊर्जा मंत्री ने सदर विधायक के प्रस्तावों को जनहित में शीघ्र ही पास कराने और बिजली किल्लत से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया है।


ऊर्जा मंत्री को प्रस्ताव सौंपते सदर विधायक। अमृत विचार

# मरीजों की सुरक्षा कवच बनेगी आभा आईडी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बना रहीं आभा आईडी

**अमृत विचार।** मरीजों को उपचार में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए शासन के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आभा (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता) आईडी बनाने का अभियान चल रहा है। आभा आईडी बनाने से जहां एक ओर मरीजों की समस्याएं समाप्त हो जाएंगी वहीं दूसरी ओर चिकित्सकों को उपचार करने में सहूलियत होगी। यह आईडी मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए किसी कवच से कम नहीं है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर आभा आईडी बना रही हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने मरीजों को बेहतर सुविधा के लिए उनकी आभा आईडी बनाई जा रही है, ताकि उनके इलाज का डेटा सुरक्षित रखा जा सके। इससे मरीज और डॉक्टर दोनों को लाभ होगा। आईडी बनाने के लिए मोबाइल नंबर से आधार का लिंक होना जरूरी है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोबाइल से ही मरीजों की आभा आईडी बना रही हैं। मरीज का एक बार ओटीपी आधार नंबर और दूसरी बार ओटीपी मोबाइल नंबर से जनरेट होता है। दोनों ओटीपी डालते ही मरीज की आभा आईडी बन जाती है। सीएमओ डा.श्रीवास्तव ने बताया कि आभा आईडी बनने से मरीजों को फाइल लेकर चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एक क्लिक पर उनकी मेडिकल हिस्ट्री मिल जायेगी। आभा आईडी से इलाज के लिए हर जगह रिपोर्ट या पर्चियां ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, इसके साथ ही इसमें मरीज का ब्लड ग्रुप, बीमारी, दवाई और चिकित्सक से संबंधित सभी जानकारी मौजूद रहेगी। अब मरीज अपना मेडिकल रिकार्ड, लैब रिपोर्ट और डायग्नोसिस दिखा सकेंगे। बताया कि ऑनलाइन इलाज, टैली मेडिसिन, निजी चिकित्सक, ई-फार्मेसी व पर्सनल हेल्थ रिकार्ड अब आसानी से मिल जाएंगे।


सीएमओ। अमृत विचार

# जलापूर्ति ठप होने से खन्ना कस्बे में हाहाकार

## चंद्रावल नदी सूख जाने से जलस्तर गिरा, पानी ढोने में बीत रहा दिन, मजदूर कमाने कब जाएं

संवाददाता, खन्ना-महोबा



पानी भरते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा खन्ना में पेयजल आपूर्ति न होने से हाहाकार मचा हुआ है। पानी को लेकर यहां के बाशिंदे दूसरों के घरों पर लगे सबमर्सिबल पंपों से पानी भरकर प्यास बुझा रहे हैं। तमाम लोग दूरदराज में लगे हैंडपंप और कुओं से पानी भरने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में चंद्रावल नदी के सूख जाने से कुओं, हैंडपंपों और सबमर्सिवल पंपों का जलस्तर नीचे खिसक गया है। इससे कस्बे में पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई, लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ज्यादातर लोग पानी के इंतजाम में घंटों समय बर्बाद कर रहे है, जिससे वह न तो मजदूरी करने जा पाते और नही अन्य कोई काम हो पाते हैं।

मालूम हो कि एक दशक पहले कस्बे में खन्ना पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई थी। पूरे कस्बे में पाइप लाइन बिछाने के बाद पानी की टंकी से सप्लाई शुरू की गई, जिससे आधे कस्बे में पानीकी आपूर्ति तो होने लगी, लेकिन ऊंचाई के इलाकों सहित आधे कस्बे में पानी की सप्लाई न होने से यहां के बाशिंदों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। हर साल गर्मी के दिनों में आधे कस्बे में पानी की आपूर्ति ठप होने से लोग पानी के लिए इधर से उधर भटकते हैं। कस्बे की पेयजल की समस्या देखते हुए नमामि गंगे योजना के तहत खन्ना कस्बे के आधे हिस्से में जहां पेयजल आपूर्ति का बाधित रहती है उस इलाके में पाइप लाइन बिछाकर पानी की टंकी से आपूर्ति कराई गई, लेकिन नमामि गंगे योजना का भी आधे कस्बे के लोगों तक पानी नहीं पहुंच सका। हर साल गर्मी प्रारम्भ होते ही आधे कस्बे के लोगों के सामने पेयजल संकट बढ़ जाता है। इस साल भीषण गर्मी और तेज धूप के दौरान पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने से लोग डिब्बे, बाल्टी और मटके लेकर हैंडपंपों, कुओं और रिश्तेदारों व जान पहचान वालों के यहां लगे सबमर्सिवल पंपों से पानी भरने को मजबूर हैं। गर्मी के मौसम में पानी की खपत अधिक होने के बाद भी यहां पर पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। हैंडपंपों के जवाब दे जाने से लोग दूरदराज के ग्रामीण अंचलों से पानी भरने को मजबूर हैं।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

विकासखंड कबरई के कस्बा खन्ना में पानी के संकट से परेशान कस्बेवासियों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पेयजल समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है, जिससे भीषण गर्मी के मौसम में कस्बे वासियों को पर्याप्त पानी मिल सके। ज्ञापन में बताया कि कस्बा खन्ना के लोग दो किमी0 दूर से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं, वहीं कुछ लोग मजबूरन चंद्रावल नदी के प्रदूषित पानी लाने को मजबूर हैं। ज्ञापन में बताया कि कस्बे में खन्ना पेयजल योजना और नमामि गंगे योजना के तहत लाखो रुपये की पाइप लाइन बिछाने के बाद भी दोनो योजनाएं आधा कस्बे के लोगों का हलक तर नहीं कर पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन आधी अधूरी पड़ी है, वहीं दूसरी तरफ खन्ना पेयजल योजना भी कस्बे वासियों की प्यास नहीं बुझा पा रही है। ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार शुक्ला, रामप्रकाश सिंह, पप्पू महाराज सहित तमाम लोग शामिल हैं।

# मामा-भांजे को कुएं में धकेलकर फेंके पत्थर

- मोबाइल ले गए, ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे दोनों को कुएं से निकाला
- दोनों घायलों को भेजा गया अस्पताल, थाने में पीड़ितों ने दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मामा को कुएं से बाहर निकालते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली श्रीनगर के ग्राम ज्योरइया में खेत पर काम कर रहे मामा-भांजे को दबंग द्वारा कुएं में फेंकने के बाद पत्थरों से जानलेवा हमला किया, जिससे दोनों घायल हो गए। हमलावर बीस हजार कीमत का मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान कुएं पास पहुंचे और परिजनों को सूचना देते हुए रस्सी की मदद से उन्हें बाहर निकाला। उपचार के बाद पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया।

ग्राम ज्योरइया निवासी रमेश कुशवाहा(47) अपने भांजे के साथ खेत पर काम कर रहा था। तभी उसका नहाने का मन हुआ और वह कुएं पर पहुंचकर पानी भरने लगा। बताया कि तभी गांव का दबंग पप्पू वहां आया और गालीगलौज करने लगा। उसे गाली देने से मना किया तो उसने धक्का देते हुए कुएं में फेंक दिया। तभी मामा को कुएं में गिरते ही भांजा कैलाश उन्हें बचाने के लिए कुएं पास पहुंचा तो उसे भी धक्का देकर कुएं में गिरा दिया और पत्थरों से दोनो के ऊपर प्रहार करने लगा, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। उनका करीब बीस हजार का मोबाइल लेकर दंबग मौके से भाग गया। दंबग के जाने के बाद मामा-भांजे कुएं में तैरते हुए शोर मचाया, जिस पर आपास में काम कर रहे किसान वहां पहुंच गए और उनके परिजनों को सूचना देते हुए उन्हें रस्सी डालकर कुएं से बाहर निकाला गया। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पूरे मामले की लिखित शिकायत श्रीनगर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन पीड़ितों को दिया गया है।

# एचटी लाइन की चपेट में आकर किशोरी की मौत

- गर्मी से राहत पाने के लिए छत पर गई थी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम बिहार में मकान की छत के ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन के तार में किशोरी का हाथ छू जाने से वह बुरी तरह झुलस गई। गम्भीर हालत में परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और जिलाधिकारी व बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर छत के ऊपर से निकली बिजली लाइन को अलग कराते हुए मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

ग्राम बिहार निवासी निशा (15) पुत्री देशराज पाल बुधवार को घर पर थी, तभी अचानक बिजली गायब हो गई, बत्ती गुल हो जाने से काफी देर न आने से गर्मी से बेहाल किशोरी गर्मी से निजात पाने के लिए छत पर चली गई। थोडी देर तक छत पर रहने के बाद बिजली आने पर किशोरी जैसे ही छत से लौटने लगी उसकी समय उसका हाथ हाईटेंशन बिजली लाइन में छू गया, जिससे वह बुरी तरह करंट खाकर छत पर गिर गई, लेकिन किसी को करंट लगने की जानकारी नहीं हुई। बिजली आने पर घर के परिजन उसे बुलाने पहुंचे वह छत पर बेहोश पड़ी थी। यह देखकर परिजन चीखने लगे। चीख पुकार सुनने के बाद लोग ऊपर पहुंचे और किशोरी को जिला अस्पताल ले गए। वहां डाक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मालूम हो कि बस्ती से हाईटेंशन लाइन निकाले जाने से शासन के मनाही के बाद भी बिजली विभाग ने बस्ती के अंदर से हाईटेंशन लाइन निकाल दी। इतना ही नहीं हाईटेंशन लाइन निकालते समय महकमे ने एक ग्रामीण की छत से लगभग पांच फिट की दूरी रखी।

# रोडवेज के सामने आएदिन लगता जाम

कार्यालय संवाददाता, महोबा



एक साइड में जाम से निकलने को खड़े वाहन, दूसरी तरफ से आ नहीं पा रहे।

- ट्रैफिक पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है

**अमृत विचार।** ट्रैफिक पुलिस की उदासीनता के चलते आएदिन रोडवेज के समीप जाम लग जाता है, जिसके चलते यात्रियों के अलावा अन्य लोगों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पडता है। जाम में चार पहिया, तीन पहिया वाहन फंस जाने से वाहनों में बैठे लोगों को भी भारी असुविधा से जूझना पड़ता है। बावजूद इसके ट्रैफिक पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठे रहती है। लम्बा जाम लग जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम खुलवानेमें जुट जाती है, लेकिन तब तक जाम काफी दूर तक लग जाता है, जिससे शहर के मुख्य मार्ग से आने जाने वाले लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

शहर के मुख्य मार्ग पर वाहनों का संचालन अधिक होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा इसी मार्ग पर पीपीएन चौराहा, आजाद चौराहा और रोडवेज तिराहा के पास ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई जाती है, जिससे चौराहो और तिराहो पर जाम न लग सके, लेकिन रोडवेज के पास तैनात ट्रैफिक दुकानों पर बैठकर चाय पान में मशगूल हो जाते है, इसी बीच तिराहे पर एक साथ कई कई वाहनों का आमने सामने आवागमन होने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। जाम काफी देर तक लगा रहने से वाहनों की काफी लम्बी लाइन लग जाती है, तब कहीं पुलिस की नींद टूटती है, इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने का प्रयास करती है।

बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे रोडवेज तिराहे के सामने वाहनों का लम्बा जाम लगने से रोडवेज से निकलने वाली बसे भी फस गई। सड़क पर जाम के चलते रोडवेज चालक गेट पर ही जाम खुलने के इंतजार में खड़े रहे। जाम खुलने के बाद रोजवेज की बसों का संचालन शुरू हुआ। वहीं जाम में फसे तमाम वाहन चालकों ने जाम खुलने के बाद राहत की सांस ली।

रोडवेज तिराहे पर जाम लगने से सबसे बड़ी दिक्कत मरीजों और तीमारदारों को उठानी पड़ी। कारण इमरजेंसी में इलाज कराने के वाहन से जाने वाले तमाम मरीजों के भी वाहन जाम में फंस जाते, जिससे मरीज जिला अस्पताल नहीं पहुंच पाते, यहां तक कि कभी कभार तो मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है।

# युवती ने घर में लगाई फांसी, हालत गंभीर

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदो में एक युवती ने घर में फांसी लगा ली। अचानक मां के कमरे में पहुंच जाने ने मां ने उसे पकड़ लिया और शोर मचा दिया। तभी घर के अन्य लोग पहुंचे और फांसी का फंदा खोलकर युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भती कराया। युवती की हालत गम्भीर होने पर डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया, जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

ग्राम चांदो निवासी प्रियंका (19) पुत्र नवल घर पर अपने कमरे की थी, परिवार के लोग दूसरे कमरे में काम कर रहे थे, तभी अचानक प्रियंका की मां उसकी कमरे में पहुंच गई, जहां पर युवती फांसी पर लटकी हुई थी। मां के शोर मचाने पर परिजनों ने आनन फानन में नीचे उतारकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गभीर होने के कारण डाक्टरों ने उसे झांसी कर दिया। डाक्टरों का कहना है कि उसके गले में फांसी के फंदे के कारण जोर का झटका लगने पर हालत नाजुक है।

# पांच माह से लाभांश न मिलने से कोटेदार खफा

- राशन वितरण बंद करने की धमकी दी

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर क्षेत्र के कोटेदारों का पांच माह से खाद्यान्न वितरण का लाभांश न दिए जाने से कोटेदारों में असंतोष व्याप्त है। कोटेदारों को पांच माह से लाभांश न मिलने से उनका परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। कोटेदारों ने बताया कि बच्चों की फीस व घरेलू बजट गड़बड़ा गया है। कोटेदारों ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी आज तक कोटेदारों का लाभांश नहीं दिया गया। इससे कोटेदारों को तमाम समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। अधिकारियों द्वारा कोटेदारों की सुनाई न किए जाने से नाराज कोटेदारों ने राशन वितरण बंद करने की धमकी भी दी है।

विकासखंड पनवाड़ी और जैतपुर के आधा सैकड़ा से ज्यादा कोटेदारों का राशन वितरण करने वाला लाभांश पांच माह से नहीं मिला है। कोटेदारों द्वारा कई बार लिखा पढ़ी करने के बाद कोई ध्यान न दिए जाने से कोटेदारों में आक्रोश पनप रहा है। कोटेदारों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर तीन माह का बकाया पड़ा लाभांश का वितरण नहीं किया गया तो कोटेदार खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं करेंगे। कोटेदारों की इस चेतावनी से अब अधिकारियों ने जल्द से जल्द लाभांश दिलाए जाने का भरोसा दिया है, इसके बाद भी आज तक लाभांश नहीं मिला है।

जैतपुर के कोटेदार प्रताप कुशवाहा, गोवर्धन की नर्गिस, महुआबांध की सर्वेश कुमारी, बुधौरा के सीताराम, बडेराखुर्द के टुटियां, पुरवा जैतपुर के अमरचंद्र, ननवारा के खेमचंद्र व पनवाड़ी ब्लाक की उर्मिला तिवारी, महोबकंठ की अनीता, सलैया खालसा की सुनीता, अंडवारा की रजनी आदि कोटेदारों ने बताया कि जनवरी से जून तक का लाभांश नहीं मिला है।

# संचारी रोग नियंत्रण की दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा



जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेते प्रधान। अमृत विचार

- 11 जुलाई से हर घर दस्तक अभियान के तहत लोगों को किया जाएगा जागरूक

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत यूनिसेफ द्वारा बुधवार को ब्लाक सभागार चरखारी में संचारी नियंत्रण अभियान में सचिव प्रधानो को जागरूक किया गया। एडीओ सचिव रमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण 1 जुलाई से 31 जुलाई अभियान चलाया जाएगा। 11 जुलाई से हर घर दस्तक अभियान के तहत आशा बहुओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अभियान चलाया लोगों को जागरूक किया जाएगा।

यूनीसेफ के माध्यम से जन गोष्ठी, संवाद अभियान चलाकर संचारी रोग सर्दी जुकाम खांसी, बुखार, मलेरिया से बचाव के जागरूक किया जायेगा। यूनिसेफ बीएमसी वीरेंद्र कुमार प्रधानों को संचारी रोग से बचाव अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि यदि आप बीमार हैं तो घर पर रहकर आराम करे, बार-बार साबुन से हाथ धोएं, अपने घर को साफ सुथरा रखे साथ ही गांव में स्वच्छता व साफ सफाई रखने के लिए टिप्स दिए गए।

उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि वह अपने अपने गांव में ग्रामीणों को, गलियों व घर में सफाई रखने, छतों पर जमा एवं ठहरें पानी में मच्छरों के लार्वा न विकसित होने दे इसके लिए साफ सफाई दवाओं का छिडकाव करें। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार वर्मा, शादाब रजा खान, शोएब नसीम दुर्रानी, शिवांक यादव आदि रहे।

# मार्ग दुर्घटनाओं में कई बाइक सवार हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन बाइक सवार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना खन्ना के ग्राम ग्योढी निवासी कालीचरन (26) पुत्र राजन, बाबूलाल (24) पुत्र मैयादीन व करईया निवासी रामस्वरुप (38) बिलासी बाइक से कस्बा खन्ना जा रहे थे, तभी बाइक एक टेंपो से टकरा गई जिससे तीनों बाइक सवार सडक पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक टेपो लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने तीनो घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बाबूलाल की हालत चिंताजनक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। इसी तरह थाना लवकुश नगर के ग्राम पुरा निवासी दीपू बाइक से महोबा आ रहा था, तभी चितहरी तिराहे के बाद बाइक सहित सडक पर गिर जाने से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शहर के मोहल्ला कस्बा थाई निवासी दिलीप (24) पुत्र छिद्दी, वीरेंद (32) बाइक से बाजार जा रहे थे तभी रास्ते में बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे दोनो बाइक सवार घायल हो गए। दुर्घटना देखकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और ईरिक्शा से जिला अस्पताल ले गए, जहा उन्हें भर्ती कर लिया गया।

# अश्लील वीडियो बनाकर सहपाठी कर रहा है युवती को ब्लैकमेल

कार्यालय संवाददाता, महोबा



एसपी कार्यालय जाती पीड़िता।

- धमकी देकर युवती से मांग रहा एक लाख रुपये

**अमृत विचार।** जिले में एक यवती का अश्लील वीडियो बनाकर उसके कालेज में पढ़ने वाले युवक द्वारा ब्लैकमेल करते हुए एक लाख रुपये की मांग की जा रही है। पैसा न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने युवक द्वारा ब्लैकमेल किए जाने से परेशान होकर अपने परिजनों को इस बावत जानकारी दी। इस पर परिजन पीड़िता के साथ पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंच गए और शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई।

जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी युवती ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि विवाह से पूर्व पीड़िता कुलपहाड़ कस्बा निवासी अर्जुन से प्रेम प्रसंग चलता था और उसी समय युवक द्वारा अश्लील वीडियो बनाया गया था। बताया कि दो माह पूर्व उसका विवाह हो गया और अब युवक द्वारा अश्लील वीडियो के माध्यम से उसे ब्लैकमेल किया जा रहा है, जिससे उसका खुशहाल वैवाहिक जीवन खतरे में पड़ गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवक द्वारा अश्लील वीडियो और फोटो के माध्यम से ब्लैकमेल करते हुए एक लाख रुपये की मांग की जा रही है और पैसा न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि पैसा न देने पर युवक ने वीडियो और फोटो मेरे जीजा को भेज दिए, जिस पर जीजा ने उसकी बहन को मारपीट कर मायके छोड़ दिया। युवक और जीजा के खिलाफ कोतवाली कुलपहाड़ पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई खास तब्बजो नहीं दिया।

राज्यमंत्री का निर्देश | पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए

# उद्योगों को निर्बाध मिले बिजली, खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदलें

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते राज्य मंत्री दिनेश सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री ने अधिकारियों की बैठक में कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए। ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे के अंदर बदला जाए।

विकासभवन सभागार में बुधवार को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था को लेकर अफसरों, जनप्रतिनिधियों व उद्योग बन्धुओं के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जन शिकायतों के निस्तारण, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस, थाना दिवस, ब्लॉक दिवस, तहसील दिवस, आकांक्षात्मक जनपद, विकासखंडों की कार्ययोजना, जनपद में जीएसटी, आबकारी, स्टांप, परिवहन, खनन से होने वाली सरकारी राजस्व में वृद्धि के लिए किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। राज्य मंत्री ने कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए। साथ ही गौशालाओं का निर्माण कार्य कराया जाये। दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी समिति के द्वारा निर्मित जो भी सड़क आठ वर्ष पुरानी है, उसकी मरम्मत कराकर गड्ढा मुक्त कराएं। जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन के लिए खोदी गई रोड की तत्काल मरम्मत कार्य कराया जाए।

राज्यमंत्री ने उद्यान अधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि हाईटेक नर्सरी में नई पौध के पेड़ किसानों को दिए जाएं तथा स्ट्रॉबेरी पौध की खेती के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए। बिजली विभाग को उपभोक्ताओं के साथ सरल व्यवहार करने की हिदायत दी तथा उनकी समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारिओं से किसी भी कार्यालय में बिचौलिया या बाहरी व्यक्ति द्वारा कार्य न करने के भी निर्देश दिए साथ ही किसी कार्यालय य किसी अधिकारी के साथ बाहरी व्यक्ति पाया जाता है तो उस पर तत्काल कार्यवाही करें। राज्यमंत्री ने कहा कि जितने भी वरासत के मामले हैं उनको तत्काल निस्तारित कराएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कटी हुयी पुलियों की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त पुलियों का नया निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए। सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में एक बार एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण अवश्य करायें तथा जनपद में स्थापित सभी हेल्थ एटीएम चालू कराएं। उन्होंने कृषि विभाग हर पात्र कृषक को किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए गए और इस कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे योजना अंतर्गत पाइप लाइन डालने में जो भी सड़क खराब हुई है उन्हें तत्काल बनवाया जाए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 14 पर्यटन स्थल पर जल्द कार्य प्रारंभ करवाया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापक टाइम से विद्यालय में उपस्थित होने चाहिए तथा स्कूल में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी आदि रहे।



महिला को पारिवारिक लाभ का प्रमाणपत्र देते राज्यमंत्री। अमृत विचार

# किसान को सौंपी गई लोडर की चाबी

**महोबा।** समीक्षा बैठक के बाद कृषि विभाग द्वारा एपीओ के माध्यम से ग्राम पवा के किसान रामगोपाल को राज्यमंत्री द्वारा लोडर वाहन की चाबी दी गई साथ ही समाज कल्याण विभाग के द्वारा पांच लोगों को पारिवारिक लाभ दिया गया। लाभ पाने वालों में सितारा बेगम, देवकी, चंद्रकली, रेखा व रामदेवी शामिल हैं।

इन सभी लोगों को राज्यमंत्री द्वारा प्रमाण पत्र दिये गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत कुल 105 स्वयं सहायता समूह का सीसीएल एक करोड़ सत्तावन लाख पचास हजार मात्र कि धनराशि के चेक भी राज्यमंत्री द्वारा लाभार्थियों वितरित किये गये।

# न घर में राहत न बाहर, अब झमाझम बारिश का इंतजार

## लोग अच्छी बारिश की दुआ कर रहे, ताकि गर्मी से मिले राहत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


उमस भरी गर्मी में सिर में अगौछा बांधता युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। जिसके चलते बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री दर्ज किया गया। जिसके चलते उमस भरी गर्मी लोगों को खूब सता रही है। जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोग अब अच्छी बारिश की दुआ कर रहे हैं। ताकि बरसात के होने से मौसम में ठंडक आए और उन्हें गर्मी से कुछ राहत मिले।

क्षेत्र में उमस भरी गर्मी से लोग हलकान हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। धूप व उमस भरी गर्मी के चलते लोग घर से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। उमस भरी गर्मी होने के कारण लोगों के पसीने सूखने का नाम नहीं ले रहे थे। रही सही कसर बिजली कटौती ने पूरी कर दी। जिससे लोगों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ी। लोगों का कहना है कि उमस व गर्मी से लोगों का जीना मुहाल है। बिजली की अघोषित कटौती के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है। बिजली विभाग को लोगों की मुश्किलों से कोई लेना देना नहीं है। कुल मिलाकर उमस भरी गर्मी से जन जीवन ध्वस्त नजर आ रहा है। इस स्थिति से निजात तो अब तभी मिल सकती है जब अच्छी बरसात हो और पारे में थोड़ी गिरावट आये। जब तक अच्छी बरसात नहीं होगी तब तक इसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

वहीं शारीरिक क्षमता पर ये उमस गहरा असर डाल रही है। अधिक गर्मी के कारण निकल रहे पसीने में शरीर के लिए काबोहाईड्रेड और सोडियम जैसे आवश्यक तत्वों को भी ह्रास हो रहा है। ऐसे में हांफने और काम करने की क्षमता क्षीण होने की शिकायत मिल रही है। वहीं गर्मी के चलते कृषि भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसान बरसात के लिए दुआ कर रहे है।

डा.आरएस प्रजापति का कहना है कि गर्मी में उमस के चलते शरीर का तापमान बढ़ जाता है। जिससे कई संक्रामक बीमारियां पैदा होकर लोगों को बीमार कर देती है। उन्होंने कहा कि लोगों को गर्मी से बचने के साथ ही शारीरिक क्षमता को बरकरार रखने के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

### आंधी में गिरे पेड़ से टकराकर बाइक सवार गंभीर घायल

■ मौदहा (हमीरपुर)। मंगलवार की शाम मौदहा बसवारी मार्ग में बाइक से वापस लौट रहे युवक की आंधी के कारण टूटे पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे युवक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अरतरा गांव निवासी भगवान (46) पुत्र मूर्ति बीते मंगलवार को देर शाम अपने गांव लौट रहा था। तभी मौदहा बसवारी मार्ग पर रमना गांव के पास आंधी आने के कारण पेड़ सड़क पर टूटे हुए पड़े थे। जिससे बाइक सवार टकरा गया और लहूलुहान हालत में सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। वहीं से निकल रहे बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के अध्यक्ष विनय तिवारी ने अपने निजी साधन से तड़प रहे युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## 24 घंटे में मानसूनी बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में अगले 24 घंटे में झमाझम मानसूनी बारिश होने के आसार बताए जा रहे हैं। वहीं तापमान भी आठ से 10 डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इससे लोगों को जहां उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं खरीफ सीजन फसलों की तैयारी में जुटे किसान फसलों की बोआई कर सकेंगे।

जिले में मानसून की दस्तक 20 जून के आसपास हो जाती है। पिछले सप्ताह बारिश तो हुई, लेकिन यह मानसूनी बारिश नहीं थी। इस बार मानसून कुछ देरी से आ रहा है। मौसम विभाग की जारी एडवाइजरी के अनुसार बृहस्पतिवार से मानसून दस्तक दे सकता है। अगले 24 घंटे में पूरे जिले में झमाझम बारिश होने के आसार बताए जा रहे हैं। वहीं बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम 30 डिग्री रिकार्ड किया गया। केवीके प्रभारी डॉ. राजीव सिंह का कहना है कि जिले में बृहस्पतिवार से मानसूनी बारिश होने के आसार है। अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं 14 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलेंगी। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने के अलावा खरीफ फसलों की बोआई का कार्य भी शुरू हो जाएगा।

### कब कितनी बारिश होने के आसार

| दिन | संभावित वर्षा | तापमान |
|---|---|---|
| बृहस्पतिवार | 6 | 38/28 |
| शुक्रवार | 22 | 39/22 |
| शनिवार | 29 | 30/19 |
| रविवार | 31 | 32/20 |

(नोट- बारिश मिलीमीटर में, तापमान डिग्री सेल्सियस में)

## आंधी के चलते 50 गांवों की रात भर ठप रही बिजली

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी एवं उमस के बीच विद्युत आपूर्ति बेपटरी होने से लोग बिलबिला उठे। मंगलवार रात हल्की आंधी आने से 33केवी लाइन में फाल्ट आने से सुमेरपुर द्वितीय, विदोखर, पारा आदि सब स्टेशनों की बिजली पूरी तरह से गुल रहने से लोगों की नींद हराम हो गई।

मंगलवार को देर रात करीब 10:30 बजे आई हल्की आंधी ने लोगों की नींद उड़ा दी। ग्रामीण क्षेत्रों में बने विद्युत सब स्टेशनों की आपूर्ति के लिए गई 33 केवी लाइन में फाल्ट आने से सुमेरपुर द्वितीय (चन्दपुरवा गेट), विदोखर,पारा आदि विद्युत सब स्टेशनों की आपूर्ति ठप होने से आधा सैकड़ा गांवों में अंधेरा छा गया। लोग रात भर गर्मी एवं उमस से परेशान रहे। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। आपूर्ति ठप रहने से सुबह कई गांव में जलापूर्ति नहीं हो सकी। वहीं बुधवार को दोपहर कस्बे के विद्युत सब स्टेशन में खराबी आने से सभी फीडरों की आपूर्ति 1:30 बजे से 3 बजे तक ठप रहने से लोग परेशान रहे। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि पावर हाउस की मशीनों में विषखोपर घुस जाने से फाल्ट आया था। इससे सभी फीडरों की आपूर्ति ठप हुई थी। दोपहर में ही मरम्मत कराकर आपूर्ति बहाल की गई।


ब्लाक के आवासीय भवन की ढही दीवार।

### आंधी से ब्लाक के आवासीय भवन की दीवार ढही

सुमेरपुर(हमीरपुर)। मंगलवार की रात गरज चमक के साथ आई आंधी से विकासखंड कार्यालय कैंपस में बने आवासीय भवनों की निष्प्रयोज दीवार ढह गई। विकासखंड कार्यालय परिसर में आधा दर्जन से ज्यादा आवासीय भवन निष्प्रयोज्य घोषित कर दिए गए हैं। लेकिन इनका निस्तारण नहीं किया जा रहा है। मंगलवार की रात 10 बजे तेज गरज चमक के साथ आई आंधी से एक आवासीय भवन की दीवार ढह गई। रात होने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## एक नजर

### तहसील कर्मियों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

मौदहा (हमीरपुर)। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप तहसील के कर्मचारियों के द्वारा फैलाए गए भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए जोरदार मांग की है। बताते चलें कि बार एसोसिएशन मौदहा के अधिवक्ता एवं पदाधिकारियो ने सामूहिक रूप से उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा को ज्ञापन सौंप कर चार सूत्री मांगों को लेकर कार्रवाई की जोरदार मांग की। जिसमें मुख्य रूप से तहसील के लेखपाल कानूनगो अन्य कर्मचारियों के द्वारा हदबंदी अन्य मामलों पर कार्य न करने तथा रुपयो की मांग करने के आरोप लगाए। बताया कि दाखिल खारिज के वादों में शासनादेश अनुसार 45 दिन में आदेश हो जाना चाहिए। पर कर्मचारियों की लापरवाही के चलते 4 माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाता है। इसी तरह अभिलेखागार हमीरपुर द्वारा मौदहा तहसील की पत्रावलियों को मांग पत्र पहुंचने के बाद भी पत्रावलियां वापस तहसील मौदहा निर्गत नहीं हो पा रही है और न ही अमलदरामद हो रही है।

### खाना बनाते समय महिला झुलसी, गंभीर

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी में खाना बना रही महिला जल गई। परिजन उसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार जारी है। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी निवासी राखी (20) पत्नी विजय कुमार बुधवार की सुबह 11:00 खाना बना रही थी। तभी कुकर का ढक्कन खोलते महिला बुरी तरह जल गई। परिजन उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार चल रहा है।

### हाईवे पर दो बाइक भिड़ीं 4 लोग गंभीर घायल

सुमेरपुर (हमीरपुर)। नेशनल हाईवे 34 में श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सामने दो बाइक भिड़ जाने से पति-पत्नी सहित चार लोग घायल हो गए सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। विदोखर पुरई निवासी रूपेंद्र यादव पत्नी ममता के साथ बाइक से कस्बे में आ रहा था। वहीं पलरा निवासी धीरेंद्र प्रजापति अपनी पत्नी को बाइक से लेकर आ रहा था। श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कालेज के सामने दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं।

## पुत्री की हत्या की रिपोर्ट के लिए एसपी से लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- क्षेत्रीय पुलिस पर जेल भेजने की धमकी देने का आरोप
- देवर बुरी नियत से महिला से छेड़छाड़ करता था

**अमृत विचार।** पुत्री की हत्या की रिपोर्ट दर्ज न होने पर परिजनों ने करने बुधवार को एसपी को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है। जिसमे उन्होंने स्थानीय पुलिस पर समझौता न करने पर जेल में बंद करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी सुशीला पत्नी होरीलाल ने एसपी को दिए पत्र में बताया कि उनकी पुत्री संतोषी की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व संतोष पुत्र चुन्नीलाल निवासी भौली थाना कुरारा के साथ हिन्दू रीति रिवाज़ के साथ हुई थी। संतोषी के तीन बच्चे कोमल(12),रिया (9),प्रिंस (6) है। शादी के उपरान्त कुछ समय बाद देवर विष्णू संतोषी के साथ बुरी नियत रखता था तथा अक्सर छेड़छाड़ करता था। कई बार समझाया बुझाया गया किन्तु नहीं माना संतोष आनंदी व चुन्नीलाल भी उसका समर्थन करते थे। बीते 30 मई को संतोषी ने रोकर बताया कि विष्णू मेरे साथ गलत काम करने का दबाव डाल रहा है। घर के लोगों से शिकायत करने के बावजूद उसी का साथ दे रहे है। थोड़ी देर बाद जानकारी हुयी कि मेरी लडकी संतोषी को उक्त लोगो ने हत्या कर जला दिया। पीड़िता घर में अकेले होने की वजह से वह सत्यता की जानकारी होने के बाद लगातार रिपोर्ट करने थाना कुरारा गई। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि कुरारा थाना के हल्का इन्चार्ज राजेन्द्र सिंह द्वारा राजीनामा ना करने पर सभी को जेल में बंद करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

## जुआ खेल रहे 7 लोग पकड़े गए

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मझगवां पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मझगवां थाने के सब इंस्पेक्टर तौफीक अहमद ने बताया कि क्षेत्र के जराखर गांव में जुआ खेलने की सूचना मिलने पर छापेमारी की गई। जहां हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते सात लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। जिसमें बलराम उर्फ बल्ले व शिवबालक निवासी खड़ाकर, हिमांचल राजपूत, दिनेश राजपूत, देवेन्द्र, शत्रुघ्न निवासी जराखर, लोकेश पुत्र राजकुमार राजपूत निवासी नौरंगा शामिल है। पुलिस को जुआ की फड़ पर मौके से 14110 रुपये नकद एवं 52 अदद ताश के पत्ते तथा सभी अभियुक्तों से कुल 950 रुपये जामा तलाशी में बरामद किए। साथ ही मौके से पांच बाइकें भी बरामद की।

## हाईस्कूल में 6 की जगह 10 विषय पढ़ाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

> 'परिषद ने हाईस्कूल पाठ्यक्रम के बदलाव के संबंध में सुझाव मांगे हैं। कहा कि दी गई ईमेल आईडी पर निर्धारित तिथि तक सुझाव दिए जा सकते हैं। सुझावों पर विचार करने के बाद बोर्ड जो भी निर्देश होंगे, उनका पालन किया जाएगा।'
>
> पवन कुमार श्रीवास्तव, डीआईओएस

**अमृत विचार।** नई शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल के पाठ्यक्रम में बदलाव की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत हाईस्कूल के छात्रों को छह की जगह 10 विषय पढ़ाने की तैयारी चल रही है। बोर्ड ने इन विषयों का खाका वेबसाइट पर डालकर विभाग ने 29 जून तक इस संबंध में सुझाव मांगे हैं। सुझावों पर विचार करने के बाद यह प्रक्रिया लागू की जाएगी। कोई भी व्यक्ति इस बाबत अपना सुझाव परिषद द्वारा दी गई ई मेल आईडी पर निर्धारित तिथि तक दे सकता है।

अभी तक हाईस्कूल में अनिवार्य रूप से छह विषय पढ़ाए जाते थे। नई शिक्षा नीति के तहत 10 विषयों को पढ़ाए जाने की तैयारी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कर रहा है। नई व्यवस्था में सभी छात्रों को तीन भाषा पढ़नी होंगी। इनमें हिंदी अनिवार्य रूप से पढ़नी होगी। इसके अतिरिक्त संस्कृत, अंग्रेजी या देश की किन्हीं दो भाषाओं में से एक को चुनना होगा। वहीं अतिरिक्त गणित सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य विषय होगा। विज्ञान व सामाजिक विज्ञान अनिवार्य विषय होंगे। मानव विज्ञान, वाणिज्य, एनसीसी, कंप्यूटर, कृषि, पर्यावरण में से किसी एक विषय को चुनना होगा। आठवां विषय चित्रकला, रंजन कला, संगीत गायन और वादन में से एक चुनना होगा। नौवां विषय शारीरिक शिक्षा के तहत नैतिक शिक्षा, योग, खेल आदि में से एक चुनना होगा। दसवें विषय में व्यवसायिक शिक्षा पढ़नी होगी।

## सार-संक्षेप


बिजली आपूर्ति बहाल करने को लेकर ज्ञापन देने आए ग्रामीण। अमृत विचार

### 10 दिन से रिरुआ बुजुर्ग गांव अंधेरे में, लोग तड़पे

सरीला (हमीरपुर)। क्षेत्र के रिरुआ बुजुर्ग गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बिजली आपूर्ति बहाल कराए जाने की मांग की है। कहा पिछले दस दिनों से खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। बुधवार को रिरुआ बुजुर्ग निवासी मनमोहन, शिवनंदन, संदीप, वेद प्रकाश, रामाकांत, रामलखन, राजकुमार सिंह, शेर बहादुर सिंह, मदन मोहन, जितेंद्र, गंगाराम सहित लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव को बिजली सप्लाई देने वाला ट्रांसफार्मर पिछले 10 दिनों से खराब है। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर सही करवा कर विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। इस मामले में एसडीओ ललित कुमार बाजपेयी ने बताया कि जानकारी मिली है। अवर अभियंता को ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिए हैं।


तहसील परिसर में नारेबाजी करते भूतपूर्व सैनिक।

### पूर्व सैनिक के उत्पीड़न के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

मौदहा(हमीरपुर)। पूर्व सैनिक शिवमंगल सिंह के उत्पीड़न के विरोध में बुधवार को यहां के वीर भूमि बुंदेलखंड पूर्व सैनिक कल्याण समिति के सैनिकों ने उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा को ज्ञापन देकर तहसील परिसर में नारेबाजी की। सैनिकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित दिए गए ज्ञापन में कहा है कि बीते 20 जून को जमीन के दाखिल खारिज को लेकर राठ लेखपाल ने पूर्व सैनिक शिवमंगल सिंह से पैसे की मांग को लेकर विवाद बढ़ा लिया। यहां तक की अन्य लेखपालों के साथ मिलकर उसने पूर्व सैनिक की पिटाई भी की। बाद में सैनिक के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कराया। इससे आक्रोशित पूर्व सैनिकों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया। इसी क्रम में बुधवार को यहां की बुंदेलखंड पूर्व सैनिकों ने ज्ञापन देने के साथ नारेबाजी की। संगठन के अध्यक्ष राज बहादुर सिंह, पीएल अनुरागी, रंजन प्रसाद, बृजलाल, गोपीचंद, मुकेश, इंद्रजीत सिंह व शकील खान, मोइनुद्दीन तथा अत्ताउल्लाह खान, राममिलन, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

### भैंस को कुल्हाड़ी मारने का विरोध करने पर युवक को पीटा

राठ(हमीरपुर)। चिकासी थाना क्षेत्र बरौली खरका गांव में भैंस को कुल्हाड़ी मारने का विरोध करने पर एक दबंग व्यक्ति ने ग्रामीण के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने के साथ उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने चिकासी थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। चिकासी थाना क्षेत्र के बरौली खरका गांव के निवासी दिनेश सिंह ने चिकासी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि उसकी भैंसें खेतों में चरने के लिए गई हुई थी। तभी वहां पर मौजूद गांव के ही दबंग थाना ने उसकी भैंस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी।

## पूर्व सैनिकों का तहसील में दूसरे दिन भी धरना

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)।



तहसील में धरना प्रदर्शन करते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील परिसर में दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज न होने पर पूर्व सैनिकों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस द्वारा की गई एक पक्षीय कार्रवाई से पूर्व सैनिकों में रोष व्याप्त है।

गौरतलब है बीते 20 जून को तहसील परिसर में लेखपाल शिवपाल और रिटायर्ड फौजी शिवमंगल सिंह के बीच भ्रष्टाचार को लेकर जमकर मारपीट हो गई थी। रिटायर्ड फौजी ने लेखपाल पर दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। लेखपाल ने रिटायर्ड फौजी के विरूद्ध कोतवाली में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं पूर्व सैनिक द्वारा कोतवाली में तहरीर देने के बाद पुलिस ने पूर्व सैनिक की रिपोर्ट नहीं लिखी। इससे पूर्व सैनिकों में रोष व्याप्त हो गया। मंगलवार को तहसील परिसर में दर्जनों की तादाद में पूर्व सैनिकों ने धरना प्रदर्शन करते हुए लेखपाल के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने से दूसरे दिन भी तहसील परिसर में पूर्व सैनिकों का धरना प्रदर्शन जारी रहा।

इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष महेश यादव का कहना था कि तहसील में पूरी तरह से भ्रष्टाचार फैला हुआ है। पूर्व सैनिक और लेखपाल के बीच हुई मारपीट को कहा कि प्रशासन को एकतरफा कार्रवाई नहीं करनी चाहिए थी। धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व सैनिकों का कहना था कि जब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होती है पूर्व सैनिक धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान अनेक पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## गुजरात के सूरत में मजदूरी करने गए युवक की हत्या

**हमीरपुर।** शहर के चूरामन डेरा के युवक की गुजरात में हत्या होने के बाद शव लाया गया। परिजनों ने साथियों पर चाकू से हमला कर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस घटना से परिजनों में मातम छा गया।

चूरामन डेरा निवासी कल्लू निषाद का पुत्र शीलू निषाद (23) गुजरात के सूरत में प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता था। वहां उसी के साथियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। परिजन बुधवार को शीलू का शव लेकर आए। मृतक के पिता कल्लू सहित परिजनों ने साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली में तहरीर दी है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

**दिए निर्देश** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बचत की बैठक में डाकघर से संबंधित योजनाओं के बाबत विस्तार से चर्चा

## सुकन्या समृद्धि, महिला सम्मान पत्र में अधिक खाते खोलें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



राष्ट्रीय बचत की बैठक लेते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय बचत की बैठक संपन्न हुई। जिसमें डाकघर से संबंधित वित्त मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना एवं महिला सम्मान पत्र में अधिक से अधिक खाते खोले जाने की बात कही गई।

बैठक में जिला बचत अधिकारी शशिकांत रावत ने किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, मासिक आय योजना, पीपीएफ योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, आरडी आदि योजनाओं की जानकारी दी। उप जिलाधिकारी खालिद अंजुम ने राष्ट्रीय बचत ने अभिकर्ताओं से जमा में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। अभिकर्ताओं ने वर्तमान में जमा के संबंध में आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए कुरारा पोस्ट ऑफिस में प्रिंटर खराब होने की जानकारी दी। जिस पर प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर अंशुमान पाठक ने 15 दिन में समस्या निस्तारण की बात कही। उन्होंने अभिकर्ताओं से अनुरोध किया कि आप लोग सुकन्या समृद्धि योजना एवं महिला सम्मान पत्र में अधिकाधिक खाते खुलवाएं। ताकि इस जनप्रिय योजना का लाभ आम जनमानस को मिल सके।

पोस्ट मास्टर ने बताया कि पासबुक में समस्त इंट्री प्रिंटर के द्वारा की जा रही है एवं समस्त खातों को मोबाइल नंबरों से जोड़ दिया गया है। जिससे खाता धारक के पास प्रत्येक माह जमा की सूचना पहुंच जाती है। यदि खाता धारक चाहे तो यूनिक आईडी से अपने खाते में जमा धन की जानकारी मोबाइल फोन पर देख सकता है। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारी, डाकघर के अधिकारी, अभिकर्ता मौजूद रहे।

## अलग-अलग हादसों में 2 की मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



**अमृत विचार।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग दो घटनाओं में महिला सहित एक युवक की असामयिक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की करंट लगने से जबकि महिला की जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी है। कोतवाली पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करने की बात कही है।

महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्योड़ी गांव निवासी बृजेश (30) पुत्र ज्ञान सिंह की बुधवार को सुबह अपने घर में अधिक गर्मी होने के चलते कूलर को ठीक करने का प्रयास कर रहा था। तभी अचानक कूलर में करंट आ आने से वह करंट की चपेट में आ गया और हालत गंभीर होने पर परिजनों ने आनन फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई श्याम सिंह ने बताया कि बृजेश के एक पुत्री है। जो लगभग 1 वर्ष की है और मृतक अपने परिवार का भरण पोषण खेती किसानी करके करता था। इस घटना से उसके परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। इसी तरह कोतवाली क्षेत्र के सिलौली गांव निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उसकी वृद्ध मां 66 वर्षीय कमला देवी पत्नी भवानी बुधवार को सुबह के समय अज्ञात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जिसे चिकित्सक डॉ.संदीप पाल ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। दोनों घटनाओं में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने संबंधित कोतवाली को सूचना देकर अवगत कराया है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है दोनों मृतकों के परिजनों से वार्ता कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### लोडर की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के डिघवट गांव निवासी 38 वर्षीय रविंद्र यादव पुत्र सूरजबली यादव शहर कोतवाली क्षेत्र के बाधा पुरवा तेरहवी संस्कार में शामिल होने गया था। तभी शनिवार की सुबह वह खेतो की तरफ जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे लोडर ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। हादसे के बाद लोडर समेत चालक मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर परिजन दोबारा बांदा ले आए यहां एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई।

### आग से युवती झुलसी

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के रंजीत पुर गांव निवासी 20 वर्षीय समसुन पत्नी नदीम मंगलवार की शाम गैस से खाना बना रही थी। तभी उसके कपड़ो मे आग लग गई। मौके पर पहुंची सास ने उसकी आग बुझाई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवती ने फांसी लगाई

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा निवासी 28 वर्षीय निराशा पत्नी अमर सिंह ने मंगलवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकली तो मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो वह फंदे पर लटक रही थी। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया।

### विवाद में चाचा को पीटा

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के उजरेहटा गांव निवासी 45 वर्षीय वकील का बुधवार की सुबह भतीजे से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि भतीजे ने उसे लाठी से पीट कर लहूलूहान कर दिया। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। वकील ने बताया कि उसने खेती बारी के लिए भतीजे को दस हजार रूपए दिए थे। रूपए मांगने पर भतीजे ने उसके साथ मार पीट किया है। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

### करंट से युवक झुलसा

**बांदा।** मटौध थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी बाबू (22) पुत्र जगरूप बुधवार की दोपहर घर पर काम कर रह था। तभी उसका हाथ कटे हुए तार में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** एक बैंक में धनराशि को दुगना करने के नाम से लिए गए रुपये को धोखाधड़ी कर हड़प लेने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की है, जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सियारी दाउदपुर गांव निवासी राघवेंद्र पुत्र भागवती कुशवाहा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव के धीरज व नीरज पुत्र गणफूल सिंह एक बैंक में काम करते हैं, उन्होंने उक्त बैंक के एजेंट के नाम पर मेरे द्वारा 9,21,950 रुपये लिए तथा कहा कि उक्त धनराशि को बैंक में जमा करवा दो, जिसे दुगनी कर देंगे। जब पूरा समय हो गया और रुपये वापस मांगे तो वह बहाने बनाने लगा। इसी बीच धीरज के छोटे भाई ने झूठ अफवाह फैला दी कि उसके धीरज बड़े भाई कहीं गुम हो गए उक्त दोनों भाइयों ने धोखाधड़ी कर रुपये हड़प लिए हैं।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज तथा मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में की। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। सारंगपुर निवासी प्रेमा देवी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया की गांव के ही नारायण दास से उसकी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है जिसको लेकर बुधवार को नारायण दास दरवाजे के सामने आकर गली गलौज करने लगा और मारपीट की।

### बस से उतरते समय अनुदेशक हुईं घायल

**अतर्रा।** थाना क्षेत्र खटेहटा गांव निवासी किरन देवी 35 पत्नी सुनील कुमार सरकारी जूनियर विद्यालय में अनुदेशक पद पर कार्यरत है वह बुधवार की दोपहर स्कूल से रोडवेज बस पर बैठकर घर लौट रही थी। बदौसा रोड़ पर महिला बस से उतर रही थी तभी चालक ने बस को बढा दिया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में भर्ती कराया जहां से उसको गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### थाने के पास से बाइक ले उड़े चोर

**कालिंजर।** थाने के नजदीक दरवाजे पर खड़ी बाइक चोर ले उड़े। कटरा कालिंजर निवासी लक्ष्मन प्रसाद कुशवाहा पुत्र रामदीन ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार की रात 10 बजे उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। बुधवार को सुबह नींद खुलने पर बाइक गायब मिली।

# बाइक सवार दंपति को ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत

## पत्नी के साथ ससुराल खेड़ाशिलाजीत जाते समय हुआ हादसा

संवाददाता, सरीला(हमीरपुर)



घटनास्थल पर खड़ा ट्रक व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र में चण्डौत गांव के बेतवा नदी पुल के पास बाइक सवार दंपति को मौरंग भरने जा रहे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार 32 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि पत्नी को गंभीर हालत में इलाज के लिए उरई ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

जनपद जालौन के कहटा गांव निवासी रमाकांत उर्फ लल्ला राजपूत (32) पुत्र रामभरत अपनी पत्नी गीता (30) के साथ बुधवार दोपहर में बाइक से ससुराल खेड़ा शिलाजीत गांव जा रहा था। तभी जरिया थाना क्षेत्र में चंडौत के बेतवा नदी पुल के पास मौरंग खदान की तरफ जा रहे ट्रक ने बाइक सवार पति पत्नी को रौंद दिया। जिसमें बाइक सवार रमाकांत उर्फ लल्ला की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पत्नी गीता की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया। मृतक के भाई जयकांत ने बताया कि महिला को उरई ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई है। मृतक पति पत्नी अपने पीछे बेटा गोलू व बेटी विपाशा को रोते बिलखते छोड़ गये हैं। मृतक खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष जरिया भरत कुमार ने बताया कि ट्रक को पकड़ लिया गया है। ड्राइवर मौके से फरार गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### वाहन की टक्कर से अधिवक्ता घायल

**अतर्रा।** दो अधिवक्ता कचेहरी से विक्की पर बैठकर घर लौट रहे थे तभी छोटा हाथी चौपहिया वाहन चालक ने उनके वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। एडवोकेट महेश प्रसाद मौर्य व एडवोकेट दिलदार वर्मा ने पुलिस को बताया कि वे दोनों पिछली 9 तारीख को टीवीएस मोपेड पर सवार होकर कचेहरी से घर लौट रहे थे। बदौसा रोड़ पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आए चौपहिया वाहन छोटा हाथी चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी बच्चे घायल

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

- जरिया थाने क्षेत्र के कछवा कला गांव के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** जरिया थाने के कछवा कला गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। युवक की पत्नी के अलावा उसके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत करियारी गांव का निवासी खेमचंद पुत्र हरिकिशन अपनी पत्नी रेखा और 4 वर्षीय पुत्र ग्रह और दो वर्षीय पुत्री वैष्णवी के साथ अपनी रिश्तेदारी में महोबा कोतवाली क्षेत्र के रैपुरा गांव में गया हुआ था। वहां से वापस लौट के दौरान क्षेत्र के कछवा कला गांव के पास तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे खेमचंद की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही पत्नी रेखा व पुत्र गिरीश तथा पुत्री वैष्णवी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा तत्काल कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि मृतक हेमचंद मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

जो कि अपने पीछे पत्नी रेखा के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।



चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते रेलवे यूनियन के सदस्य। अमृत विचार

# रेलवे ईसीसी सोसाइटी के चुनाव में 6 केंद्रों पर हुआ मतदान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** रेलवे की इंप्लाई क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी (ईसीसी) के लिए हुए मतदान में रेल कर्मियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। ईसीसी सोसाइटी (सेंट्रल रेलवे इंप्लाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी) चुनाव के लिए रेलवे यूनियन प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। बुधवार को रेलवे स्टेशन का नजारा बदला-बदला नजर आया। रेल कर्मियों में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। पूरा दिन मतदान की गहमा-गहमी रही। शाखा परिक्षेत्र के बांदा, चित्रकूट, मानिकपुर, महोबा, मऊरानीपुर और घाटमपुर में मतदान के लिए एक-एक बूथ बनाया दगया। रेलवे स्टेशन परिसर में मनोरंजन गृह में बनाए गए पोलिंग बूथ में रेल कर्मी मतदाताओं ने वोट डाले। रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर यूनियन के कार्यकर्ता अलग-अलग पंडालों में बैठे नजर आए। अंतिम समय तक मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाते रहे। देर शाम छह बजे मतदान प्रक्रिया खत्म हो गई। मतदान खत्म होने के बाद मतपेटियों को आरपीएफ जवानों की कड़ी सुरक्षा के बीच झांसी भेज दिया गया। उधर, एनसीआरएमयू शाखा सचिव पीके सिंह ने बताया कि उनकी यूनियन पिछले 110 सालों से संचालित कर रही है। इस मौके पर श्यामेंद्र गुप्ता, जसवंत कुमार, आरके द्विवेदी, रवींद्र कुमार, देवेश कुमार, विनीत दीक्षित, मोहित सोनी आदि मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा के बताए नियम हादसों पर जताई गई चिंता

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर होने वाली मौतों पर गहरी चिन्ता व नाराजगी व्यक्त की। कहा नशा कर वाहन चलाने वाले चालकों के ड्राईविंग लाइसेंस निरस्तीकरण तथा संबंधित वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश सहायक सम्भागीय परिवहन को दिए।

उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने को जागरूक किया जाए। समझाने के बावजूद भी हेलमेट न लगाने वालों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद की मुख्य सड़कों के आबादी भागों में चौराहों पर सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाए। तीब्र मोड़ों पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाएं। अवैध अतिक्रमण पार्किंग हटाए जाने की कार्रवाई हो। 18 वर्ष से कम की आयु के रिक्शा चालकों पर कार्यवाही/वाहन सीज करने के निर्देश दिए गए। स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने ले जाने वाले अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतयाः फिट होने चाहिए। कहा दुर्घटना बाहुल्य स्थलों / हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक, साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सड़क सुरक्षा का निर्वहन करें। कहा ओवरलोड तथा अनफिट वाहनों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। बैठक में एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, एएसपी मायाराम वर्मा, एआरटीओ अमिताभ राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- रंगारंग कार्यक्रम के बीच मनाया गया संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार।** रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच प्रतिभा विकास कार्यशाला व दीक्षांत समारोह और नटराज संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियां ने दर्शकों का मनमोह लिया। सभी कलाकारों और गुरुओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

रेलवे सामुदायिक भवन में मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू ने आदिगुरु नटराज भगवान की पूजा करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गायन वादन एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गईं। गायन गुरु नंदकिशोर शुक्ला एवं मंजू देवी के छात्र छात्राओं ने भजन एवं राग जैजवंती की सुंदर प्रस्तुति दीं।

इसी प्रकार वादन विभाग में केदार द्विवेदी के सभी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। इसके पश्चात संगीत नाटक अकादमी एवं संस्कृति विभाग द्वारा चल रही कार्यशाला राम प्रकाश मिश्र की अगुवाई में लखनऊ घराने की विशेष प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई। बॉलीवुड नृत्य निर्देशिका देवांशी गुप्ता की अगुवाई में नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

समारोह में गुरुकुल कथक केंद्र से आईं बाल वर्ग की छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण स्तुति विनती सुनिए नाथ हमारी की मनोहर प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। संस्था निदेशक डा.धनंजय सिंह ने सभी का आभार जताया।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**हमीरपुर।** कोतवाली मौदहा के एक मोहल्ले में किराए पर दुकान चलाने वाली महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले मकान मालिक जिला कारागार में निरुद्ध होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के प्रयास से अदालत ने जमानत स्वीकृत कर दी। मौदहा निवासी पीड़िता ने 14 अक्टूबर 2021 को कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें कहा था कि आरोपी गुलमुद्दीन पुत्र करीमुद्दीन की दुकान किराए पर लिए थी। जब वह दुकान में रात में अपनी मासूम पुत्री के साथ सो रही थी तभी आरोपी ने बुरी नीयत से पीड़िता के मुंह में कपड़ा बांध कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी गुलमुद्दीन के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। आरोपी ने अपने मुक़दमे की जमानत पैरवी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव /अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गर्ग द्वारा लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम को जमानत प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के चीफ आनंद कुमार सक्सेना व डिप्टी चीफ हरिनाम सिंह और असिस्टेंट फिरोज़ आलम व सत्यम ने प्रार्थना पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिसकी बहस व तर्को को सुनकर ज़िला एव सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अदालत ने बंदी गुलमुद्दीन की जमानत स्वीकृत की है।

### मौरंग का ओवरलोड डंपर पकड़ा

**जालौन।** चैकिंग के दौरान परिवहन अधिकारी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से मौरंग के ओवरलोड डंपर को पकड़ लिया। पकड़े गए ओवरलोड डंपर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर परिवहन अधिकारी ने डंपर पर जुर्माना भी लगाया गया है। परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय बंगरा रोड पर एक्सप्रेस वे के पास ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे के पास से एक बालू के ओवरलोड डंपर को पकड़ लिया। पकड़े गए डंपर में ओवरलोड बालू भरी थी। परिवहन अधिकारी ने पकड़े गये डंपर को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। परिवहन विभाग ने पकड़े गए डंपर के खिलाफ जुर्माना की कार्यवाही भी की है। परिवहन विभाग ने पकड़े गये डंपर पर एक लाख 13 हजार का जुर्माना लगाया है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने बताया कि बालू का ओवरलोड डंपर पकड़ा गया है। जिस पर जुर्माना लगाया गया है।



जयंती मनाते रैपिड एक्शन टीम के लोग। अमृत विचार

### छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई

**उरई।** राठ रोड स्थित कबीर चौराहे के ओवर ब्रिज के नीचे गांधीनगर उरई में बहुजन अनुयाइयों द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मना कर मिष्ठान वितरण किया गया। जिसमें रैपिड एक्शन टीम के लोग मौजूद रहे। उपस्थित अनुयाइयों ने बताया कि 1902 में सर्वप्रथम छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने राज्य में आरक्षण लागू कर दिया था जो एक क्रांतिकारी कदम था। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमोद वर्मा उसरगांव, मोतीलाल वर्मा, शिवप्रशाद वर्मा, श्रद्धानन्द सिंह, धनीराम वर्मा, डॉ. अंशुल वर्मा, अनिल सिन्दूर आदित्य वर्मा, पप्पू वर्मा, मुन्ना साहेब, सूरज मास्टर आदि मौजूद रहे।

### आज रात 9 बजे से 36 घंटे के लिए बंद होगा गेट संख्या 31

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के मध्य से गुजरे स्टेट हाईवे बांदा मार्ग पर छोटी बाजार गेट के समीप रेलवे लाइन पर बने गेट संख्या 31 की मरम्मत होने के कारण यह 27 जून की रात 9:00 बजे से 29 जून को कार्य समाप्त होने तक बंद रखा जाएगा। कुल 36 घंटे तक यह रेलवे फाटक बंद रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे निर्माण सीनियर सेक्शन इंजीनियर एके सिंह ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में अवगत कराया गया है कि मरम्मत के चलते एवं दोहरीकरण के कार्य को दृष्टिगत रखते हुए बांदा मार्ग पर बने गेट संख्या 31 को 27 जून की रात 9:00 बजे से आगामी 36 घंटे तक बंद रखा जाएगा। सिसोलर एवं बांदा मार्ग से आने वाले वाहनों को पचखुरा खुर्द से मोड़कर सीधे नेशनल हाईवे 34 में चंद्रपुरवा गेट के समीप से निकाला जाएगा।

# दिव्यांगजन पुनर्वास दुकान संचालन योजना के लिए आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पात्र लाभार्थी को 10 हजार रुपये की दी जाती है सहायता

**अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संचालित 'उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन पुनर्वास के लिए दुकान संचालन योजना के अंतर्गत न्यूनतम पांच वर्ष के लिए किराये पर लिए जाने के लिए एवं खोखा / गुमटी / हाथ ठेला कार्य के लिए पात्र लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में 10,000 रुपये की धनराशि स्वीकृत की जाती है। जिसमें 7500 रुपये की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा 2500 रुपये की धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।

बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता की कुछ शर्ते है। जिसमें वह 40 प्रतिशत या उससे अधिक की दिव्यांगता से प्रभावित हो एवं उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो। उसकी वार्षिक आय समय समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो। आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो। किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों में सजा न पाएं हो तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रदान की सरकारी धनराशि देय न हो। इसके लिए इच्छुक दिव्यांगजन ऑनलाइन http//divyangjandukan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, समक्ष प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वमाणित कर आवेदन पत्र के साथ गारंटर का आधार कार्ड ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। कार्यालय से भी जानकारी ली जा सकती है।

# कूलर में उतरे करंट के संपर्क में आने से गर्भवती की मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर थानाक्षेत्र के चंदपुरवा गांव में घर में झाड़ू लगाते समय गर्भवती महिला कूलर में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। बेहोशी की हालत में उसे पीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मायके के लोगों को सूचना दी गई है।



सबीना।

चन्दपुरवा गांव निवासी समद खान ने बताया कि उसकी पत्नी सबीना (26) गर्भवती थी और 30 जून तक प्रसव होने की उम्मीद थी। बुधवार को सुबह करीब 10 बजे वह घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी कूलर में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। जिससे वह बेहोश होकर वहीं गिर गई। महिला की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाएं। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित करने पर परिजन उसे तत्काल गांव वापस ले जाने लगे। लेकिन मामला पुलिस के संज्ञान पर आने पर उन्होंने शव को रोक लिया और मायके पक्ष के आने का इंतजार करने लगे। पुलिस का कहना है कि जब तक मायके पक्ष के लोग नहीं आ जाते। तब तक मृतका का अंतिम संस्कार नहीं कराया।

बढ़ी सहूलियत — राज्यमंत्री ने बीसीएसयू मशीन का बटन दबाकर की शुरुआत

# जिला अस्पताल में रक्त पृथक्कीकरण यूनिट शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा



शिलालेख का अनावरण करते राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश जिला चिकित्सालय स्थित रक्त केन्द्रो मे ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट (रक्त पृथक्कीकरण) इकाई की स्थापना की गई। बीसीएसयू (ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट) का शुभारम्भ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मशीन का बटन दबाकर किया।

रक्त केन्द्र में स्थापित ब्लड कम्पोनेंट यूनिट में बुधवार से जनपदवासियों को पीआरबीसी प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, की सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध रहेगी, यूनिट के शुभारम्भ पर रक्त केंद्र के टेक्निकल सुपरवाइजर शरदचन्द्र एवं परामर्शदाता नदीम द्वारा राज्यमंत्री को यूनिट में स्थापित मशीनो की जानकारी दी गयी। इस मौके पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा उद्घाटन से पूर्व ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन सुनिट का निरीक्षण कर राज्यमंत्री का स्वागत किया। राज्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल से लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का काम सरकार द्वारा किया गया। ब्लड बैंक में की गई इस नई व्यवस्था को लेकर एक यूनिट ब्लड जरुरत के अनुसार चार मरीजों को दिया जा सकेगा। उद्घाटन के मौके पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राम प्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम आदि मौजूद थे।

# सपा ने इरफान को उतारा मैदान में

**बांदा।** वार्ड नंबर-11 छिपटहरी व गूलरनाका के लिए नगर पालिका परिषद के सभासद पद के होने वाले उप चुनाव में समाजवादी पार्टी ने दिवंगत सभासद अनवर अली के पुत्र इरफान अली को प्रत्याशी घोषित किया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा द्वारा नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 11 के होने वाले उप चुनाव में इरफान अली को अपना प्रत्याशी घोषित किया। बुधवार को प्रत्याशी घोषित होने के बाद पार्टी कार्यालय में उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### नमामि गंगे योजना ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

**मौदहा (हमीरपुर)।** मंडलायुक्त के निर्देश पर अधिकारियों का गांवों में भ्रमण जारी है। इसमें नमामि गंगे की पोल तो खुल ही रही है। वहीं ग्रामीणों को कब पानी मिलेगा और कब उनके वर्षों के प्रयास से बनी तोड़ी गई सीसी सड़कें ठीक होंगी यह अभी कहा नहीं जा सकता है। बीडीओ दुर्योधन ने बुधवार को पांच हजार की आबादी वाले छिरका गांव में जांच पड़ताल की। इस गांव के 37 मार्ग नमामि गंगे की योजना के लिए घर-घर नल जल में खोद डाले गए। बारिश शुरू होते ही आवागमन में मुसीबत बने हैं। गांव में टंकी बनी है अभी 20 फीसद लोगों के घरों में कनेक्शन ही नहीं है। पूरे गांव मेँ पाइप लाइन ही नहीं बिछ सकी है। ग्रामीणों ने बीडीओ को सच्चाई दिखाई। प्रधान मुकेश प्रजापति, पूरन, कामता व मुन्नीलाल आदि ने कहा दर्जनों बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। बीडीओ ने कहा मंडलायुक्त के निर्देश पर गांव का निरीक्षण किया है। जांच आख्या उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।



पाइप लाइन डालने के चलते खोदी गई सड़क।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते ।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान् के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

## संपादकीय

# फिर उठा कश्मीर मुद्दा

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। महत्वपूर्ण है कि हर बार की रह इस बार भी उसे मुंह की खानी पड़ी। भारत ने कश्मीर का जिक्र किए जाने वाले पाकिस्तान के बयान को झूठा और निराधार बताया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे को उठाकर मंच का दुरुपयोग किया है। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मंगलवार को भी उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। इससे पहले पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने जवाब देते हुए पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के दमन और आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की उपलब्धि दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक होना है। इसी साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। तब भारत ने उसे आंतरिक मामलों में दखल न देने को कहा था।

गौरतलब है कश्मीर विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से जारी है। भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय-पत्र का खाका वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। इस वैधानिक दस्तावेज पर दस्तखत होते ही समूचा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग बन गया। भारत का कहना है कि कश्मीर का मुद्दा और दूसरे सभी विवाद दोनों देशों के बीच 1972 के शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय मामले हैं। इसके अलावा कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर इस्लामाबाद एक महत्वपूर्ण बात की अनदेखी करता है कि उसे पहले कश्मीर के सभी क्षेत्रों से हटना होगा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा ऐसे समय में उठाया है जब सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल जम्मू कश्मीर आया हुआ है। दरअसल पाकिस्तान अपने घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है। जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा। कोई भी दुष्प्रचार इस तथ्य को बदल नहीं सकता।

# वैज्ञानिक सामर्थ्य से काबू होता है भीषण गर्मी का मिजाज



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋतु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है।

150 वर्ष के भीतर हर तीन साल के अंतराल से भारत में हीट-वेव और दस साल के अंतराल से हीट-वेव के कारण 50 डिग्री सेल्सियस चरम को छूने के रिकॉर्ड मौजूद हैं। शरीर का हीट-वेव एक्सपोजर होने से लाखों लोग एक सदी के भीतर मरे हैं या अपंग हुए हैं। मौसम की विशाल मशीनरी पर न केवल निरंतर नज़र रखने की जरूरत है, बल्कि इस बारे में जो भी स्टेटिस्टिकल डेटा जुटाया गया है। उसके विश्लेषण से 'प्रीडिक्टिव मॉडल्स' विकसित किए गए हैं। इन मॉडल्स के आधार पर अभी तक सिर्फ 'शॉर्ट टर्म लोकल वेदर' का ही पूर्वानुमान लगाना संभव है। पृथ्वी के विशाल भू-भाग के लिए दीर्घकालीन अनुमान लगाए जाने के लिए स्टेटिस्टिकल मॉडल्स भी विकसित किए गए हैं, लेकिन इनकी 'प्रीडिक्टिव रिलाएब्लिटी' और 'एफिशिएंसी' अभी अनिश्चित है। उपग्रहों से पृथ्वी के टेम्परेचर चाट्र्स या नक्शे हर तीन घंटा बाद तैयार होते हैं। इस एटलस में जर्रा भर परिवर्तन महसूस किए जाने के तुरंत बाद अनापेक्षित घटना की तैयारी के लिए भारत का आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हो जाता है।

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋतु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है। इसका एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर राज्यों में जिला स्तर तक काम करता है। मौसम के मिजाज में अचानक और गहन परिवर्तन होने की वजह से तापमान में आमतौर से न्यूनतम और अधिकतम सीमाओं से बहुत नीचे और ऊपर होने से बादल फटने और लगातार अत्यधिक वर्षा होने से जल-प्लावन, भू-स्खलन और नदी-नालों के तेज बहाव, सूखा, भू-कंप, दावानल, सूनामी या बड़ी दुर्घटनाओं के समय आपदा प्रबंधन में लगे विशेषज्ञ सबसे पहले जन-जीवन की रक्षा करने के लिए सक्रिय होते हैं। आपदा प्रबंधन में जो तत्व सबसे अहम बनकर उभरा है वह है कुदरती तौर पर होने वाली बड़ी आपदाओं का पूर्वानुमान किए जाने की क्षमता को तकनीकी तौर से बढ़ाना और आपदा आने पर बचाव के प्रबंधन को दक्ष टास्क-फोर्स द्वारा कुशलतम होकर सिस्टम की क्षमता बढ़ाना। घाघ-भड्डरी की कहावतों से नहीं, बल्कि सैटेलाइट इमेजरीज ही अब मौसम की नब्ज को पकड़ने का हमारा विश्वनीय आसरा है। ख्यात पत्रिकाओं में ऊंचे स्तर के अब तक पचास प्रकाशित शोधपत्र भीषण गर्मी पैदा होने की वजह, पृथ्वी के विभिन्न और विशाल प्रभावजनक घटकों, इलेक्ट्रो एवं पैथो फिजियोलॉजी, अति-ताप और अति-शीत के रेस्पांस में मनुष्य देह की एडाप्टेशन और शरीर क्रिया प्रणाली पर इसके असर के बारे में देख चुका हूं।

> क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार, फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं।

इन सबमें हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर की फिजियोलॉजी के मैकेनिज्म को शरीर के सभी सिस्टम्स में कोशिका स्तर तक देखा जा चुका है और इससे वैज्ञानिकों की समझ में जबरदस्त इजाफा हुआ है। भारत के किसी भी हिस्से में हीट को न तो हम कम कर सकते हैं और न ही कुदरत की विशाल मौसम-मशीन के साथ कोई छेड़खानी अथवा इंटरवेंशन कर सकते हैं। परिवर्तनों पर नजर रखकर पूर्वाकलन करते हुए सिर्फ बचाव के उपाय किए जा सकते हैं, लेकिन उक्त अध्ययनों से हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर झेल चुके मनुष्यों को इलाज करने के लिए मेडिकल साइंस में अब विस्तृत हो चुकी समझ से न केवल पीड़ित व्यक्ति को राहत दी जा सकती है, बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। इनमें से कुछ रिसर्च में संदर्भ हेतु अत्यधिक बार नामांकित हुए शोधपत्रों को उद्धृत करना चाहूंगा, जैसे कि : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ के 9 सितंबर 2020 के अंक में सिंगापुर में नान्यांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिक शिंग ल्यों लिम का फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स ऑफ ह्यूमन थर्मोरेगुलेशन एंड एडाप्टेशन टू हीट, जर्नल ऑफ नेचुरल रेमिडीज के जुलाई 2019 के अंक में वंदना वर्मा और साथियों द्वारा प्रकाशित आयुर्वेदिक इनसाइट्स ऑन फिजियोलॉजी ऑफ स्वेटिंग एंड थर्मोरेगुलेशन, साइंस एडवांसेज जर्नल के 7 जून 2017 के अंक में 11 साइंसदानों द्वारा साझा रूप से प्रकाशित किया गया पर्चा इनक्रीजिंग प्रोबबिलिटी ऑफ़ मोर्टेलिटी ड्यूरिंग इंडियन हीट वेव्स और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के 7 अक्टूबर 2021 के अंक में राधिका खोसला और साथियों का संपादकीय लेख हेल्थ रिस्क्स ऑफ एक्सट्रीम हीट। राधिका कहती हैं कि सन् 2019 में दुनिया में लोगों को 475 मिलियन बार हीट एक्सपोज़र हुए। इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति अगर तीन दिन लगातार भयंकर गर्मी झेलता है तब इस हिसाब से सन् 2019 में ही 155 मिलियन या 15.5 करोड़ लोग हीट वेव के चपेट में आए थे। इससे हीट वेव के दुष्प्रभाव और इसकी व्यापकता मालूम होती है। उपरोक्त में से बहुत सी स्टडीज 'ट्रेंडी' कही जा सकती हैं, परंतु धरती पर रहने वाले मनुष्यों ने व्यवहार जनित परिवर्तन अगर नहीं किए तो ये प्रोजेक्शंस अनुमानित समय सीमा समाप्त होने से पहले भी घटित हो सकते हैं। कुदरत ने खुद ही अपने साथ हुई छेड़खानी का इलाज करने का कमाल कर दिखाया तो मध्यम असर वाली हीट-वेव तो चलेगी ही। खुद इलाज का अर्थ है प्राकृतिक आपदा की गहनता के साथ बारंबारता और असर का व्यापक होना जैसे कि भू-कंप की पुनरावृत्ति कम समय अंतराल से होना, सुनामी, अनावृष्टि या अकाल और ग्लोबल बाढ़ की स्थिति या एक बड़ा जियो-मैग्नेटिक परिवर्तन और झटका। एक बड़ी सोलर फ्लेयर ही धरती के एक तिहाई भाग को नष्ट कर सकती है जैसा कि एक साइंस फिक्शन राइटर ने अपने उपन्यास में कल्पना की थी या फिर रॉबर्ट सिल्वरबर्ग ने अपने उपन्यास नाइटफाल में कहा।

पृथ्वी पर बहुत सी आपदाओं को साइंस फिक्शन राइटर्स ने कल्पना में उतारा है, लेकिन इन सबमें मनुष्य के जिंदा रहने की तीव्र इच्छा और अदम्य साहस ने कहीं भी कैसे भी महाविनाश (कैटस्ट्रोफ) के बाद भी बचाकर रखा है। मानव कृत महाविनाश की घटना तो सिर्फ बड़े न्यूक्लियर युद्ध की वजह से ही संभव है, जिसमें कम से कम दस हजार मेगाटन शक्ति की विस्फोटक शक्ति हो। इतनी ऊर्जा पैदा करने के बाद विस्फोट तरंगों और हीट-वेव के कारण 13 करोड़ लोगों की तत्काल मृत्यु और बाकी में से अधिकांश की न्यूक्लियर शीत के कारण मृत्यु हो जाएगी। धरती से अधिकांश जीवन समाप्त हो जाएगा और दशकों तक हीट-वेव और अम्लीय वर्षा होती रहेगी।

क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार, फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं। महत्वपूर्ण यह जानना है कि क्षेत्र विशेष में रहने वाले मनुष्य अति-गर्म वातावरण को झेलने का आदी होने के बावजूद अपने इलाके में उम्मीद से अधिक गर्मी या ठंड पड़ने के समय इसकी भीषणता से बचने का क्या उपाय करता है। साधन संपन्न मनुष्य अपने लिए विश्वकर्मा दर्पण या विश्वकर्मा प्रकाश जैसे भारती वास्तुशास्त्र एवं शिल्प ग्रंथों के आधार पर ताप-सह्य घर का डिजाइन बनवाकर, ऊनी कपड़े पहनकर शरीर से 'हीट-लॉस' कम करके, घर के चारों ओर घनी छाया वाले वृक्ष लगाकर या पोखर एवं तड़ाग बनवाकर, वातानुकूलन संयंत्र लगाकर या पर्वतीय इलाकों में शीतल और सुकून देने वाली उपत्यकाओं में अस्थायी स्थानांतरण करके बचाव कर सकता है, लेकिन विपन्न व्यक्ति मारू गर्मी और ठंड को बर्दाश्त नहीं पाता और लंबे समय तक प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने से अंततः मर ही जाता है। भीषण गर्मी में गरीब तबके के इंसान अत्यधिक ऊंचे ताप के कारण हाइपर-पायरेक्सिया और ठंड लगने पर हाइपो-थर्मिया होने के कारण मरते देखे गए हैं। पैथो-फिजियोलॉजी ऑफ एक्सट्रीम हीट एंड कोल्ड का असर गरीब और अमीर कितना और क्यों होता है, यह जानने के लिए भी शोध अध्ययन हुए हैं, जिनके जरिए इनकी आर्थिक पृष्ठभूमि में विशाल अंतर को आधार बनाया गया, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन् 2021 में एक ऐसी अध्ययन रिपोर्ट का प्रकाशन किया, जिसमें हीट-स्ट्रेस से मरने वालों की शव परीक्षा और क्लिनिकल जांच के बारे जानकारी दर्ज है। इसीलिए सरकारी खर्चे पर बेसहारा लोगों के शीत और भीषण गर्मी से बचाव के लिए सामूहिक आवास गृह बनाए जाते हैं।

## प्रसंगवश

# ये खेल है या मुर्गों की लड़ाई

एक बार सुनील गावस्कर किसी टेस्ट मैच में ओपनिंग करने गए और दुर्भाग्य से जीरो पर आउट हो गए। गावस्कर भारी मन और धीमे कदमों के साथ पैवेलियन लौटे। बिना किसी से कोई बात किए उन्होंने बल्ला एक तरफ पटका और सोफे पर निढाल होकर पड़ गए। किसी साथी खिलाड़ी की हिम्मत नहीं हुई कि उनके पास जाकर उन्हें ढाढस बंधाए।

तभी पॉली उमरीगर, जो अपने समय के बहुत बड़े बल्लेबाज थे और उस वक्त क्रिकेट प्रशासन में किसी ऊंचे ओहदे पर थे, पानी का एक गिलास लेकर गावस्कर के पास पहुंचे। गावस्कर उनका बहुत सम्मान करते थे। उमरीगर को पानी का गिलास लाता देख वे उठने को हुए, लेकिन जब तक वे उठ पाते, उमरीगर वहां पहुंच गए और पानी का गिलास पकड़ाया। "क्रिकेट में ऐसा होता है" उमरीगर ने गावस्कर को कहा और उनकी बगल में बैठकर उन्हें कुछ समझाने लगे। अगली पारी में गावस्कर ने बेहतरीन 73 रन बनाए। रॉस टेलर न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज थे, जिन्होंने हाल में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। टेस्ट और वन डे क्रिकेट रिकार्ड में उनकी बेहतरीन पारियां दर्ज हैं। वे आईपीएल खेल रहे थे। एक मैच में वे शून्य पर आउट हो गए। उनकी टीम भी हार गई। मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक ने सबके सामने उन्हें तीन-चार थप्पड़ रसीद कर दिए और कहा, "मैंने तुम्हें करोड़ों रूपये में खरीदा है। जीरो पर आउट होने के लिए नहीं"।



**डॉ.धीरज सिंह**
मुंबई

रॉस टेलर ने कुछ दिनों पहले प्रकाशित अपनी आत्मकथा में इस घटना का विवरण देते हुए लिखा, "हालांकि उन थप्पड़ों में आक्रामकता नहीं थी और वे बहुत जोर से नहीं मारे गए थे, लेकिन मैं उसका अर्थ समझ रहा था, जो हुआ वह सार्वजनिक रूप से हुआ।" सुनील गावस्कर अपने देश की टीम में चुने गए थे, लेकिन रॉस टेलर की आईपीएल टीम ने उन्हें चुना नहीं था, बल्कि 'खरीदा' था। जब से क्रिकेट का बाजार सजा या कहें, बाजार में क्रिकेट उतरा, खिलाड़ी नायक न होकर अपने क्लबों के लिए मुर्गे बन गए।

मध्यकाल में सामंत लोग मुर्गे लड़वाया करते थे और आम जन भी उन तमाशों का मजा लेते थे, खुश हो होकर तालियां बजाते थे। मुर्गों का कोई देश या राज्य या मोहल्ला नहीं होता था, उनके सिर्फ मालिक होते थे। आधुनिक दौर में सामंतों की जगह पैसे वाले मालिकों ने ले ली और मुर्गों की जगह खिलाड़ियों ने ले ली। बाजार ने क्रिकेट को बेशुमार पैसा दिया, लेकिन क्रिकेट से उसकी आत्मा और खिलाड़ियों से उनकी गरिमा छीन ली।

आईपीएल में जब पहली बार विभिन्न शहरों पर आधारित टीमें बनीं तो उनका स्वरूप नितांत व्यावसायिक था, लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं और टॉप के कुछेक भारतीय क्रिकेटरों के उनके शहरों से जुड़ाव को देखते हुए 'आइकन प्लेयर' की परिकल्पना की गई। यानी जो खिलाड़ी अपने शहर में किसी आइकन की तरह लोकप्रिय है, उन्हें नीलामी की प्रक्रिया में न डालकर उनके शहर की टीम से जोड़ दिया गया और नियम बनाया गया कि वह टीम नीलामी में किसी खिलाड़ी को जिस अधिकतम कीमत पर खरीदेगी, अपने आइकन प्लेयर को उससे 15 प्रतिशत अधिक पैसे देगी।

पहले सीजन में इन आइकन खिलाड़ियों को खूब सम्मान दिया गया। कोलकाता की टीम में सौरव गांगुली, बैंगलोर की टीम में राहुल द्रविड़, हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण, पंजाब में युवराज सिंह, मुंबई में सचिन तेंदुलकर आइकन प्लेयर बने। शायद, एकाध कोई और भी बने हों, लेकिन जीत, मुनाफा, ब्रांड वैल्यू आदि बाजारवादी मानकों पर गठित उन आईपीएल टीमों के लिए स्थानीयता और भावुकता पर आधारित आइकन प्लेयर की परिकल्पना पहले दूसरे साल से ही बोझ बनने लगी। साल दो साल बीतते-बीतते एक सचिन को छोड़ बाकी सारे के सारे आइकन साहब बाकायदा धकिया कर टीमों से बाहर कर दिए गए।

टी-20 के नायकों का उदय हुआ। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपने खेल को इस तरह ढालने का अभ्यास किया कि वे हर तरह की क्रिकेट में प्रासंगिक बन सकें, लेकिन तब भी, आज की क्रिकेट में दुनिया के टॉप तीन बल्लेबाजों में शुमार स्टीव स्मिथ आईपीएल में बिना बिके रह गए। यह कैसी क्रिकेट है जिसमें स्टीव स्मिथ, द्रविड़, गांगुली, लक्ष्मण, माहेला जयवर्धने जैसे क्रिकेट के इतिहास पुरुष 'अनसोल्ड' रह जाते हैं। समय आएगा कि एक दिन क्रिकेट का स्वरूप दो सांड़ों की लड़ाई का हो जाएगा। हम सब तालियां बजाएंगे।

# नालंदा विश्वविद्यालय और अमर्त्य सेन

चीनी कहावत हैः इन सुइ, स युवैन, अर्थात् जब पानी पीते हो तो तालाब या कुंआ बनाने वालों के बारे में कृतज्ञतापूर्वक सोचो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जिस परिसर का उद्घाटन और लोकार्पण किया उसका टेंडर मेरे हस्ताक्षर से जनवरी 2017 में नागार्जुन कंस्ट्रक्शन को दिया गया था और कैंपस निर्माण के श्री गणेश के अवसर पर नागार्जुन कंपनी द्वारा आयोजित भूमि पूजन का जजमान मैं ही था। नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस निर्माण के शुभारंभ (भूमि पूजन) के अवसर पर मैंने किसी राजनेता को आमंत्रित नहीं किया।

अब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नालंदा विश्वविद्यालय निर्माण के इतिहास की जो डॉक्युमेंटरी दिखाई, उसमें राष्ट्रपति कलाम और प्रधानमंत्री मोदी का ही उल्लेख था। किसी ने 2014 में नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम परिसर का उद्घाटन कर अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया के शुभारंभ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली राजनेत्री श्रीमती स्वराज का स्मरण नहीं किया। विश्वविद्यालय के निर्माण का विजन प्रदान करने वाले प्रथम कुलाधिपति प्रोफेसर अमर्त्य सेन, शासी समिति के सदस्य और प्रथम कुलपति डॉक्टर गोपा सभरवाल की भी उपेक्षा हुई। प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के उनके विद्वान सहयोगियों ने विश्वविद्यालय के भावी स्वरूप का रोडमैप तो बनाया ही, 2014 में प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने इंडोनेशिया में व्याख्यान के मानदेय के रूप में प्राप्त बीस लाख रुपये के दान द्वारा अभावग्रस्त छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कोष बनवाया। अमर्त्य सेन की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के कारण आस्ट्रेलिया सरकार, चीन की सरकार और स्विटजरलैंड के एक एनआरआई व्यवसाय ने एक-एक मिलियन अमेरिकी डॉलर (कुल मिलाकर अठारह करोड़ रुपये) का दान दिया। थाईलैंड ने साठ लाख रुपये का अनुदान दिया।



**पंकज मोहन**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

सिंगापुर के प्रमुख व्यवसायियों का एक दल प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के सदस्य श्री जार्ज यो, जो सिंगापुर के विदेश मंत्री थे, के अनुरोध पर नालंदा आया था। वे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए करीब दस मिलियन अमेरिकी डालर, अर्थात् साठ करोड़ रुपये का अनुदान देने के लिए प्रतिबद्ध थे। जब सरकार ने अमर्त्य सेन को पहले कुलाधिपति पद से हटाया और फिर शासी समिति से भी बेदखल कर दिया, जार्ज यो ने भी नालंदा से नाता तोड़ लिया और सिंगापुर के उद्योगपति भी अनुदान के वादे से मुकर गए।

प्रोफेसर अमर्त्य सेन जब विश्वविद्यालय के काम से भारत आते थे तो उनके फ्लाइट के किराए का भुगतान विश्वविद्यालय को नहीं करना पड़ता था। वे यह भूल जाते हैं कि भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए लोग जिस राज्य में जाते हैं, उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा मिलता है और राज्य सरकार उनके आतिथ्य के उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करती है। सरकार ने प्रोफेसर अमर्त्य सेन और उनके द्वारा नियुक्त कुलपति को कलंकित करने के उद्देश्य से हर तरह के हथकंडे अपनाए, नाना प्रकार की चालबाजी की, लेकिन सांच को आंच क्या? झूठ के सचमुच पांव नहीं होते। टाइम्स ऑफ इंडिया की पत्रकार भारती जैन ने ट्विटर पर प्रोफेसर अमर्त्य के खिलाफ कुछ आरोप लगाए। उसने लिखा कि नियुक्ति में धांधली हुई, उन्हें पांच लाख रुपये प्रति माह वेतन, बेहिसाब विदेश यात्रा, विलासितापूर्ण होटल का आतिथ्य, सीधी नियुक्तियों की शक्ति, आदि दिए गए थे। बाद में जब उसे तथ्यों से अवगत कराया गया, उसने अपने आरोपों को वापस लिया और क्षमा याचना की।

पोस्ट-अमर्त्य सेन युग की कुलपति महोदया ने सारा जीवन दक्षिण भारत के प्रांतीय विश्वविद्यालय के उस विभाग में अध्ययन और अध्यापन किया, जहां उनके पिताश्री वरिष्ठ और सम्मानित प्राध्यापक थे। कुलपति महोदया ने जीवन में कभी भी किसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका या प्रकाशन गृह से शोधपत्र या पुस्तक प्रकाशित करने का प्रयास नहीं किया। यूरोप-अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पीएचडी डिग्रीधारी प्रोफेसर जिनकी बहाली प्रोफेसर अमर्त्य सेन के समय में हुई थी, ने या खुद विश्वविद्यालय छोड़ दिया या उन्हें हटा दिया गया। राष्ट्रीय महत्व के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित जेएनयू ने अपनी स्थापना के प्रथम दशक मे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर ली थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

## सोशल फोरम

# आस्था कब तक कल्याणकारी

रामेश्वरम से रामसेतु देखने धनुषकोडि गया और आनंद से भर गया। रामेश्वरम के धनुषकोडि से श्रीलंका के निकटतम बॉर्डर की दूरी करीब 25 किलोमीटर है, जबकि रामायण में जिस रामसेतु का उल्लेख है, वह सौ योजन लंबा और 10 योजन चौड़ा है। इस हिसाब से ढाई किलोमीटर चौड़ा पुल था। लंका के द्वार पर सुरसा भी हनुमान को निगलने के लिए सौ योजन बराबर मुख बड़ा कर लेती है। सभी बड़ी चीजें सौ योजन हैं। ऐसी चीजें कथा हैं, इन्हें तथ्य नहीं समझ लेना चाहिए और सामाजिक संदेश को समझना चाहिए।



**शंभुनाथ**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

रामकथा के इतिहासीकरण की शुरुआत अंग्रेजों ने की थी, 1828 में पहली बार आर्य वीर राम द्वारा दक्षिण के द्रविड़ लोगों पर आक्रमण की बात कहकर। यह नस्लवादी जहर उन्हें खासकर तमिलनाडु के लोगों के मन में बो देने में सफलता मिली है, अंग्रेजों का उद्देश्य पूरा हुआ है। अंग्रेजों की देखा-देखी रामकथा में आए भौगोलिक स्थानों को इतिहास बनाकर उपस्थित करने का एक लंबा सिलसिला इधर फिर चला है, जो मुख्यतः पुरोहितों का व्यापारिक जाल है। इसी क्रम में समुद्र में रामसेतु की खोज हुई और रामेश्वरम में एक सज्जन ने कुछ प्लूमिस पत्थर लाकर एक हनुमान मंदिर में प्रदर्शित कर रखा है और घोषित कर रखा है कि ये पत्थर उसी राम सेतु के हैं। ये वस्तुतः किसी ज्वालामुखी के झाग के टुकड़े हैं, जो छिद्र वाले स्पंज जैसे दिखने वाले पत्थर होते हैं। ये पानी को अपने भीतर खींचकर तैरते हैं।

यदि राम नाम लिखे बिना भी ये तैरें, तो फिर राम का माहात्म्य क्या है? रामेश्वर के एक मंदिर में एक पुरोहित 1000 रुपए में इसके छोटे टुकड़े बेच रहा था। कुछ व्यक्ति भक्ति भाव से खरीदकर चमत्कार दिखाने के लिए घर ले जा रहे थे। आस्था के ऐसे शोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आस्था तभी तक कल्याणकारी है, जब तक बुद्धि का दामन नहीं छोड़ती। आस्था और अंधविश्वास में फर्क है। आस्था कई बार मनुष्य का आत्मविश्वास मजबूत करती है, जबकि अंधविश्वास हर बार आत्मविश्वास छीन लेता है। **-फेसबुक वॉल से**

# असली इंसान

जून, 1979 को मेरा स्थानांतरण अपराध शाखा, लखनऊ से मुरादाबाद हो गया, जहां मैं सीओ अमरोहा बनाया गया। अपराध शाखा में मेरे पुलिस अधीक्षक रहे मंजूर अहमद साहब के साले मुजम्मिल खां अमरोहा में रहते थे। लंबे, तगड़े, गोरे खां साहब पुराने जमींदार थे और राजनीति व स्थानीय गुटबंदी से दूर रहते हुए प्रभावशाली व्यक्ति थे। 13 अगस्त 1980 को ईद के दिन मुरादाबाद ईदगाह पर हुए विवाद में पुलिस ने नमाजियों पर फायरिंग कर दी, जिसमें काफी लोग मारे व घायल हुए और मुरादाबाद में पुलिस-मुसलमान संघर्ष प्रारंभ हो गया, जो शाम होते-होते हिंदू-मुस्लिम दंगे में परिवर्तित हो गया। मुरादाबाद दंगे की तपिश अमरोहा में भी महसूस होने लगी। मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की। मुजम्मिल खां ने अपने 4-5 बंदों के साथ अपनी जोंगा जीप से रात्रि गस्त की पेशकश की।

15 अगस्त को लगभग दो बजे दिन में सूचना मिली कि दो घायल मुसलमान सरकारी अस्पताल में आए हैं। मैं तत्काल अस्पताल पहुंचा, वहां भीड़ एकत्र हो रही थी, भीतर घायलों ने बताया कि वे मुरादाबाद से गजरौला ट्रेन से जा रहे थे कि कैलसा स्टेशन के पास जाटों ने ट्रेन रोककर कुछ मुसलमानों को मारा व लूटा है। यह बात सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली थी। घायल व्यक्ति शिया थे। मैंने तत्काल अस्पताल के भीतर एकत्र मुस्लिमों को निकालकर अपने शिया मित्र, टेनिस खिलाड़ी शाने अकबर को बुला लिया। शाने अकबर अपने साथियों के साथ अस्पताल में आकर स्वयं को घायल का रिश्तेदार बताकर अन्य मुसलमानों को हटाकर इस घटना को आपसी मारपीट बताकर धार्मिक विवाद बनने से बचाया। इसी बीच पुलिस कंट्रोल ने मुझे बताया कि मुजम्मिल खां मुझसे तत्काल बात करना चाहते हैं। मुजम्मिल खां ने बताया कि जामा मस्जिद पर तीन घायल मुसलमान आए हैं, जो गजरौला रेलवे स्टेशन के पास हिंदुओं द्वारा मुसलमानों को मार-पीट कर मुस्लिम औरतों को बलात अपने साथ उठा ले जाने की बात बता रहे हैं। यह बात आसपास के मुस्लिम मोहल्लों में फैल रही है और लोग मस्जिद में भागकर आ रहे हैं, मैं तत्काल मस्जिद पर पहुंच जाऊं, वह वहीं मिलेंगे।



**बद्री प्रसाद सिंह**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की।

मैं जामा मस्जिद के लिए जीप से भागा। मस्जिद से 200 मीटर पहले ही रास्ते में मुजम्मिल खां अपने 5-6 साथियों के साथ मेरी प्रतीक्षा करते मिले। मुजम्मिल खां बार-बार कह रहे थे, ठाकुर कुछ करो, कुछ करो, हमारे अमरोहा को बचा लो, मैं किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा था। अंत में मैंने वापसी का निर्णय सुनाया। सुनकर खां ने कहा कि क्या मैं असली क्षत्रिय हूं, मेरे हां करने पर वह बोले कि असली क्षत्रिय मौत से नहीं डरता, वह पठान हैं और अपने शहर को बचाने के लिए जान भी दे देंगे। इतना सुनकर मेरे अंदर भी जोश आ गया। मैंने कहा कि तुम पठान हो मरने से नहीं डरते तो मैं भी क्षत्रिय हूं, मैं भी मौत से नहीं डरता, चलो। अब मैं मुजम्मिल खां के साथ मस्जिद की तरफ चल दिया। उस समय न मृत्यु का डर न परिवार की चिंता थी, बस सोच रहा था कि कैसे शहर को बचाया जाय और क्या मैं जान देकर भी सांप्रदायिक सौहार्द बचा पाऊंगा। हम मस्जिद में जैसे ही घुसे, मेरे वर्दी में होने के कारण शोर मचने लगा। मस्जिद परिसर में पुलिस व मेरे विरुद्ध नारेबाजी, गाली गलौज जारी था, जान से मारने की बात भी हो रही थी।

हम मस्जिद प्रबंधक के पास पहुंचे तो कुछ सकून मिला। प्रबंधक लगभग 80 वर्ष के बूढ़े, नाटे लंबी सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति थे। मुझे देखते ही वह बोले कि इन्हें हिंदुओं ने मारा व लूटा है तथा कुछ मुस्लिम खातूनों को हिंदू जबरन अपने साथ ले गए हैं, मैं तुरंत इस मसले को देखूं। मैंने कहा कि मुझे मारपीट का ज्ञान है और गजरौला पुलिस मौके पर छानबीन कर भी रही है, लेकिन औरतों के अगवा वाली बात सही नहीं है। मैंने धीरे से मुंतजिम से कहा कि वह घायलों को बाहर निकलवा दें तथा नमाज के बाद किसी को भी तकरीर करने का मौका न दें अन्यथा वे भड़काऊ भाषण से दंगा करा देंगे। मस्जिद में एक ही द्वार था, जो मुझसे 50 मीटर पीछे था और बीच में थी क्रोधित, नारे लगाती भीड़। वापसी संभव नहीं थी। इतने में चमत्कार हुआ। मुंतजिम ने दहाड़ते हुए कहा- "खामोश" और भीड़ सचमुच खामोश हो गई। वह बोले कि उन्हें भी पुलिस पर विश्वास नहीं है, लेकिन यह सीओ बहादुर ठाकुर है, इस पर मेरा विश्वास है। यह जरूर सही कार्रवाई करेगा। सभी लोग खामोशी से अपने अपने घर जाकर नमाज पढ़ें और अपने कस्बे और देश के अमनोअमान के लिए परवरदिगार से दुआ करें। यह मेरी मस्जिद है, आज यहां मगरिब (शाम) की नमाज नहीं होगी।

हम धीरे-धीरे मस्जिद के बाहर निकल आए, देखा कि कुछ दूर ड्राइवर वासुदेव जीप लेकर चिंतित खड़ा था, मुझे देखते ही वह जीप लाया जिस पर तीन घायल तथा मुजम्मिल खां को लेकर तेजी से अस्पताल आकर उन्हें भर्ती कराया। पहले भर्ती हुए दोनों घायलों की स्थिति ठीक थी और शाने अकबर पहरा दे रहे थे। वहां से मैंने कोतवाली आकर चाय पी और हंसते हुए मुजम्मिल खां से कहा कि आज तो उन्होंने मेरी हत्या करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने भी हंसते हुए कहा कि थोड़ी हिम्मत करने से आज दंगा बच गया नहीं तो हजारों खुराफातियों की भीड़ को कौन रोक पाता? इसी बीच उनके चेले उनकी जोंगा जीप लेकर आ गए और हमने उन्हें विदा किया। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई मुसलमान मस्जिद में नमाज के लिए मना करेगा और नमाजी चुपचाप मान लेंगे। ऐसी घटना मैंने आज तक न देखी न सुनी। कोतवाली में बैठे हम बात कर रहे थे कि यदि मुजम्मिल खां न होते तो आज अमरोहा कस्बे की गलियां खून से लाल हो जाती और अमरोहा की तवारीख पर एक बदनुमा दाग लग जाता।

# कार्यों को समय से गुणवत्ता के साथ पूरा करें, लापरवाही की तो होगी कार्रवाई

## जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर, निर्माणाधीन राजकीय हाईस्कूल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता,उरई (जालौन)


अमृत सरोवर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आरआरसी सेंटर, अमृत सरोवर तालाब, निर्माणाधीन राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खाधान्न स्मार्ट मॉडल शॉप, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों को निर्देश दिए कि कार्य समय से और गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए। इसमें लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मुख्यमंत्री द्वारा डकोर विकास खंड के ग्राम ऐरी रमपुरा में विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। इसके बाद अब तक विकास कार्यों का निर्माण कार्य जारी है।

जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए, क्योंकि मुख्यमंत्री की इन कार्यों पर नजर है। विगत वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम ऐरी रमपुरा में जनसभा को सम्बोधित किया था। जहां उन्होंने ग्रामीणों को राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात दी थी। लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। गांव में बनने वाले राजकीय हाईस्कूल के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को 20 नवंबर 23 को सौंपा गया था जिसकी लागत 2.428 करोड़ है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को सौंपी गई थी। जिसकी लागत 2.16 करोड़ है। ग्राम ऐरी रमपुरा पहुंचे जिलाधिकारी ने इन निर्माण कार्यों की पड़ताल की।

### दीवार में मिली खामी तोड़ने के आदेश

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान एक दीवार तिरछी पाई गई। जिसे जिलाधिकारी ने तुड़वाकर पुन: बनाए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने राजकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया। जहां व्यवस्थाएं दुरुस्त पाईं गईं। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य समय रहते गुणवत्तापूर्ण कराए जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने गांव में नहरों से भरे जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अमृत वाटिका बनाए जाने के निर्देश दिए। इसमें छायादार व औषधीय पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गांव के खाधान्न स्मार्ट मॉडल शॉप, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनमानस को पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीण खुले में शौच न जाएं।

## 4 उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किया गया बदलाव

**उरई।** जिलाधिकारी ने जनपद में शासकीय व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने तथा आम जनमानस को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनपद की चार तहसीलों के उप जिलाधिकारियों की अदला-बदली की है। साथ ही तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश जारी किये हैं।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल को कालपी से उरई, उप जिलाधिकारी उरई सुशील सिंह को कालपी लगया। वहीं ज्योति सिंह को उपजिलाधिकारी कोंच, सुरेश कुमार पाल को उप जिलाधिकारी माधौगढ़, विश्वेश्वर सिंह को उप जिलाधिकारी जालौन न्यायिक में तैनात किया गया है।

## नदी किनारे के गांवों में पुख्ता इंतजाम हों

संवाददाता,कालपी (जालौन)


बैठक में मौजूद एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को उपजिलाधिकारी कालपी का पदभार ग्रहण करने के उपरांत एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों से परिचयात्मक मुलाकात की। तहसील भवन के कार्यालय में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदार कालपी हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह कदौरा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में शुरू होने वाली बारिश तथा बाढ़ की सम्भावना के पहले संबंधित इलाकों में पुख्ता इंतजाम कर लिये जाएं। यमुना तथा बेतवा नदी के किनारे बसे ग्रामों में पुख्ता व्यवस्था की जाए। नाव तथा नाविकों की सूची मय मोबाइल नंबर के तैयार की जाए। जाति आय प्रमाण पत्र की रिपोर्ट जल्द तैयार कर लें। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। एसडीएम के मुताबिक चक रोडो की पैमाइश बरसात के पहले कर ले।उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के विकास कार्य गतिशीलता से कराने के लिये उचित कदम उठाए जाएं। गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाये। स्टैनो सलीम खान, सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, सेवेंद कुमार, बीआरसी आदि मौजूद थे।

● **उपखंड अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने ली बैठक दिए निर्देश**

## विशेष लोक अदालतों का आयोजन 29 जुलाई से

संवाददाता,उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन, जनपद दीवानी न्यायालय में किया जायेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज ने बताया कि विशेष लोक अदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमा, श्रम वाद, क्षतिपूर्ति, सेवा सम्बन्धी मामले, कर, शिक्षा, स्थानान्तरण याचिकाएं, उपभोक्ता सम्बन्धी लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एनआई एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे।

### बिजली गिरने से चरवाहे की मौत

**जालौन।** कालपी तहसील के करमचंदपुर में बिजली गिरने से चरवाहे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुत्तूलाल यादव बुधवार को अपने मवेशी चराने गया था, तभी दोपहर के समय बारिश होने लगी। इस दौरान चमक के साथ बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से पुत्तूलाल की मौत हो गई।

## बच्चों को अभियान चलाकर पिलाई जाएगी विटामिन-ए

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** बिटामिन-ए सम्पूर्ण कार्यक्रम के तहत 1 माह तक बच्चों को विटामिन-डी की खुराक बच्चों को पिलाई जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला महिला चिकित्सालय उरई में दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी।

जिलापंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने सम्बोधन में बच्चों को 6 माह तक केवल मां दूध देने की बात कही। साथ ही लोगों से आह्वन किया कि वे 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को निकटतम टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलवाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 1,98,842 लक्षित बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाये जाने, तथा वजन कराये जाने का लक्ष्य है। 9 माह से 12 माह के बच्चों को 1 एमएल तथा 1 से 5 वर्ष के बच्चों को 2 एमएल बिटामिन-ए खुराक पिलानी है। डॉ. एसके पाल बालरोग विशेषज्ञ ने धात्री माताओं को पोषण एवं जेएसवाई योजना के सम्बन्ध में बताया तथा अपने भोजन में विटामिन-ए तथा अन्य पोषक तत्वों से युक्त खाद्य पदार्थ सम्मिलित करने के वारे में बताया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों चिकित्सा स्टाफ तथा उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अशिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, डॉ. एसके पाल आदि मौजूद रहे।

## महिला का गिरा पर्स जवान ने लौटाया

**जालौन।** गांव से अस्पताल दिखाने आई महिला का पर्स चौराहे पर गिर गया। महिला का पर्स पुलिसकर्मी को मिल गया। पुलिसकर्मी ने महिला को तलाश कर उसे पर्स वापस लौटा दिया है।

थाना रामपुरा के ग्राम धूता निवासी पूनम पत्नी अनिल कुमार बीमार चल रहीं थीं। बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह सीएचसी में इलाज के लिए आईं थीं। इसी दौरान उसका पर्स देवनगर चौराहे पर गिर गया। देव नगर चौराहे पर मौजूद पुलिस के जवान शिवेंद्र सिंह को महिला का पर्स मिल गया। महिला के पर्स में रुपयों के साथ अन्य सामान रखा था। अस्पताल में दिखाने के दौरान महिला को रुपयों की आवश्यकता हुई तो उसके पास उसका पर्स नहीं था। वह पर्स की तलाश में चौराहे पर पहुंची। उधर पर्स मिलने के बाद पुलिसकर्मी महिला को तलाश रहा था। महिला से पर्स की जानकारी लेकर उसे लौटा दिया।

## मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, जालौन


मुठभेड़ के बाद घायल पड़ा बदमाश व पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीती रात कमसेरा चौराहे के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी तथा तीसरे ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। घायल बदमाशों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने उनके हवाले से 3 तमंचे, 2 कारतूस और 1 मोटरसाइकिल बरामद की है।

रेंढर थाना प्रभारी नीलम सिंह ने थाना पुलिस और एसओजी टीम के साथ मिलकर अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। अभियान के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेंढर थाना क्षेत्र के कमसेरा चौराहा के पास कुछ बदमाश अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर थाना रेंढर प्रभारी नीलम सिंह पुलिस बल व एसओजी टीम के साथ मौके पर पहुंची बदमाशों की घेराबंदी कर ली तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने मौके से भागने का प्रयास किया और पुलिस से बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने दो बदमाश सुनील कुशवाहा पुत्र रामावतार कुशवाहा, निवासी ग्राम बाघावली थाना रामपुरा जनपद जालौन और अखिलेश पांचाल पुत्र ब्रजमोहन पांचाल 28 वर्ष निवासी भवानी राम कस्बा जालौन के पैर में गोली लग गई। तीनों बदमाश मोटर साइकिल से गिर गए, घायल दोनों बदमाशों को पुलिस ने दौड़ कर कब्जे में ले लिया और तीसरे बदमाश 18 वर्षीय पंकज पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम बिरिया थाना माधौगढ़ ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। बताया कि गिरफ्तार बदमाश जिले में व आसपास के क्षेत्र में राहगीरों से लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। पकड़े गये तीनों बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है।

## सार-संक्षेप

### डॉ. कलाम ट्रस्ट की ओर से टैलेंट हंट परीक्षा 30 को

**कालपी (जालौन)।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन ट्रस्ट तथा अलीगढ़ कोचिंग सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में टैलेंट हंट परीक्षा 2024 के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आगामी 30 जून को ग्रीन वैली इंटर कॉलेज कालपी के परिसर में परीक्षा होगी। समाजसेवी एवं शिक्षाविद नूर मोहम्मद मोनू खान ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले 50 टॉपर बच्चों को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी तथा इस्लामिया यूनिवर्सिटी दिल्ली में कक्षा 9 तथा कक्षा 11 की कोचिंग के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

### आर्थिक सहायता दी

**उरई।** 6 माह पूर्व पुलिस विभाग के फॉलोवर की मृत्यु हो गई थी, इस पर अधिकारी और कर्मचारियों पीड़ित परिवार को पौने 7 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। जानकारी के अनुसार जालौन पुलिस के फॉलोवर जितेंद्र कुमार की 25 जनवरी 2024 को बीमारी से मौत हो गई थी, जिसपर पुलिस अधीक्षक इरज रजा समेत पुलिस विभाग के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपने एक दिन के मूल वेतन से 25 फीसदी धनराशि मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता के रूप में दी। इसके तहत 6,74,329 रुपये का चेक बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने मृतक फॉलोवर के परिजनों को सौंपा।

## तय समय पर निकले जुलूस कम की जाए बिजली कटौती

संवाददाता जालौन


ज्ञापन देने जाते बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम के महीने में निकलने वाले आलम छड़ तथा किया आदि के जुलूस को एक निश्चित समय पर निकालने तथा बिजली कटौती के समय को कम किए जाने की मांग को लेकर बागवान सेवा समिति ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राय, एम कमालुद्दीन, बशीर और रहमान, बृजमोहन कुशवाहा, चंद्र किशोर, मोहनलाल, शौकीन, अमर चंद्र, जीशान अहमद आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी अतुल कुमार को दिया, जिसमें लिखा कि मोहर्रम का महीना शुरू हो गया है। इस महीने में 14 जुलाई को आलम तथा 15 जुलाई को चढ़े तथा मोहर्रम का जुलूस आदि निकलने हैं। इस दौरान उक्त जुलूस में बिजली बंद करने का प्रावधान है। जुलूस के दौरान कुछ लोग अपनी मर्जी से जुलूस को ज्यादा समय तक निकालते रहते हैं, जिससे नगर की जनता को परेशानी होती है। ऐसे में जुलूस एक निश्चित समय में निकाला जाए तथा बिजली विभाग को भी निर्देशित करें कि जिस समय जिस एरिया में निकल रहा है उस समय उसी क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद करें पूरे नगर वासियों को बेवजह परेशानी से बचाया जाए।

## बारिश शुरू, नालों की नहीं हुई साफ-सफाई

संवाददाता,उरई (जालौन)

● **इंदिरानगर, तुफैलपुरवा तिलकनगर आदि मोहल्लों में भरेगा पानी**

**अमृत विचार।** बरसात का मौसम आ गया। एक दो बार बारिश भी हो गई, लेकिन अभीतक नगर पालिका परिषद उरई के नालों की साफ-सफाई नहीं करवाई गई, इससे नगर के कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या रहेगी।

नगर पालिका परिषद उरई के अंतर्गत 34 वार्ड हैं। इमने छोटे-बड़े करीब 55 नाले हैं। हर वर्ष बारिश के पहले नगर पालिका परिषद उरई द्वारा सफाई कर्मचारियों तथा जेसीबी मशीनों को लगाकर नालों की सफाई करवाई जाती थी जिससे नालों के अंदर जमा कीचड़ व कचरा साफ कर दिया जाता था। इससे बारिश होने पर शहर के अंदर और पालिका के वार्डों में जल भराव की स्थिति कम होती थी। इसबार बारिश का मौसम भी सिर पर आ गया और रुक-रुक कर हल्की बारिश भी होने लगी है इसके बाद भी नगर पालिका परिषद उरई का प्रशासन आंखें बंद किये हुए बैठा है। यहां नाला सफाई का कार्य शुरू तक नहीं किया गया है। इससे खासकर शहर के अंदर घनी वस्तियों से निकलने वाला बड़ा नाला, जिसमें लगभग आधे शहर के पानी की निकासी होती है वह भी गंदगी से पटा पड़ा है। इसी तरह इंदिरानगर, तुफैलपुरवा, तिलकनगर आदि मोहल्ले के नाले भी कीचड़ से अटे पड़े हैं। निवासियों का कहना है कि जलभराव की समस्या होगी।

## डंपर की टक्कर से दो घायल

**जालौन।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आगे जा रहे डंपर के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा डंपर आगे चल रहे डंपर में घुस गया। जनपद एटा कोतवाली बागवाला के ग्राम बरौली निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र अतवीर सिंह खाली डंपर एटा से लेकर हमीरपुर जा रहे थे। उनके साथ परिचालक निर्मल कुमार पुत्र बबलू सिंह निवासी धरौली थाना जैवरा जनपद एटा भी थे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आगे जा रहे डंपर के चालक ने छिरिया सलेमपुर के पास अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे पीछे चल रहे डंपर का चालक ब्रेक नहीं लगा सका। इससे डंपर आगे चल रहे डंपर में घुस गया हादसे में पीछे चल रहे डंपर के चालक और परिचालक घायल हो गए।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम PINTU था अब मैंने बदलकर अपना नाम PINTU PRAJAPATI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: RAM SUFAL R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.**

**सूचना**
पहले मेरा नाम RAMNATH था अब मैंने बदलकर अपना नाम RAMNATH KORI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: LALLAN R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.**

**सूचना**
पहले मेरा नाम PARVEJ BEG था अब मैंने बदलकर अपना नाम MIRZA PARVEZ BEG रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: ANSAR BEG R/O- VILL MUTTAKIPUR POST ALLU NAGAR DIGURIYA MADIYAWA, LUCKNOW.**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा घर का नाम आशू यादव है जबकि स्कूल, आधार व पैन सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अभिजीत सिंह दर्ज है। उपरोक्त अभिजीत सिंह व आशू यादव एक ही व्यक्ति के नाम हैं। **अभिजीत सिंह उर्फ आशू यादव पुत्र स्व0 चन्द्र जीत सिंह, निवासी– ग्राम परापति खेड़ा, पो0– इन्देमऊ, रायबरेली।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SHAREEN ALI था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHIREEN ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O: AZHAR HUSSAIN R/O- 158/110, GANGA PRASAD ROAD RAKABGANJ, LUCKNOW.**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने आराजी स्थित ग्राम बनार अलीपुर की गाटा सं0– 0.25 रकबा 0.0250 में 1/4 भाग रकबा 0.0781 हे0 कलावती पत्नी महाराज सिंह नि0 उधुमपुर तह0 डेरापुर से क्रय किया था। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 23/06/09 था, जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है। **राम किशोरी पत्नी कौशल किशोर निवासिनी– शहजादपुर प0 बनार अलीपुर तह0– अकबरपुर कानपुर देहात।**

**सूचना**
मैंने अपने इकलौते पुत्र हेमंत कुमार और पुत्रवधू प्रियंका के गलत सोहबत में पड़ने कारण संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन दोनों के किसी प्रकार के कार्य से मेरा कोई सरोकार नहीं है। **सुशीला यादव पत्नी शिव कुमार निवासी कस्बा बसरेहर थाना बसरेहर जिला इटावा।**

**सूचना**
सभी को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व0 शिवराम की भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 275659883 थी जिसमें नामिनी के तौर पर मेरा नाम शिवपता लिखा है। जबकि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र रमन उर्फ नवीन पाण्डेय के गलत आचरण, गलत व्यवहार व गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी अनैतिक कार्य/परिवारिक वाद विवाद, लेन–देन या आपत्ति जनक कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मुझसे या मेरे परिवार से कोई लेना देना या संबंध नहीं होगा। **कमलेश पाण्डेय पुत्र स्व0 गया शंकर पाण्डेय एवं श्रीमती मनोरमा पाण्डेय पत्नी श्री कमलेश पाण्डेय निवासीगण– एम.एल. – 288, जरौली प्रथम, कानपुर नगर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र नं0– 000142, दिनांक– 09/02/2024 में मेरे पति का नाम शिव चरन लाल व मेरा नाम सोमवती अंकित है जबकि मेरे पति का सही नाम शिव शंकर लाल व मेरा सही नाम सीता देवी है। उपरोक्त शिव चरन लाल व शिव शंकर लाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मृतक) के हैं तथा सोमवती व सीता देवी दोनों नाम मेरे हैं। अत: मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र में पति का नाम शिव चरन लाल के स्थान पर शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल व पत्नी का नाम सोमवती के स्थान पर सोमवती उर्फ सीता देवी दर्ज किया जाये। **सोमवती उर्फ सीता देवी पत्नी शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल निवासिनी मोहल्ला रामगंज पक्का तालाब, तहसील व जिला फतेहपुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या– 820209–90276–000026 पर मेरा, पत्नी व पुत्री का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohamad Sadul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal Fatma) है जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अन फारूकी (Mohd Sadaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal fatima) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ, हरदोई।**

अव्यवस्था | प्रशासन की अनदेखी के चलते कब्जेधारों के हौसले बुलंद

## सड़क के किनारे अतिक्रमण, राहगीर परेशान

संवाददाता,माधौगढ़


सड़क के किनारे ट्रैक्टर-ट्रॉली से मौरंग खाली करता श्रमिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रशासन की अनदेखी के चलते माधौगढ़ क्षेत्र में सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों की बाढ़ है। यहां निर्माण सामग्री बेचने वाले दुकानदार रास्ते के किनारे मौरंग, गिट्टी आदि का ढेर लगा लेते हैं जिससे राहगीरों को खासी समस्याएं होती हैं। कईबार तो दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। इसके बाद भी प्रशासन मौन साधे हुए हैं।

जालौन प्रशासन ने आदेश जारी किया था कि नगर पालिका की सड़कों पर व उसके किनारे गिट्टी, बालू एवं अन्य सामान रख कर अतिक्रमण करने वालों के कानूनी कार्रवाई कि जाएगी। साथ ही सड़क पर रखा सामान भी जब्त किया जायेगा। मगर माधोगढ़ में अतिक्रमणकारी बिल्डिंग मटेरियल के दुकानदारों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा, यहां दुकानदार सड़क किनारे पर गिट्टी-बालू के ढेर सजाकर पूरी तरह अतिक्रमण कर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। तहसील जाने वाले मार्ग पर कई दुकानें हैं जो जमीन पर कब्जा करके संचालित की जा रहीं हैं। बाहर से लाल मौरंग और गिट्टी मंगाकर दुकानदार उसे सड़क किनारे गिरा देते हैं। ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रकों को बीच सड़क पर खड़ा कर गिट्टी व मौरंग लोड की जाती है। कार्रवाई के नाम पर प्रशासन नोटिस देने की बात कह कर इतिश्री कर लेता है।

### हर समय हादसे की रहती है संभावना

रास्ते में मौरंग और गट्टी का ढेर लगा होने से वाहन चालकों के इसमें गिरकर जख्मी होने की संभावना रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालकों को समस्या होती है। मौरंग में टायर चढ़ने के बाद पहिया फिसल जाता है। वहीं जब मौरंग या गिट्टी उतारी जाती है तब रास्ता बंद होता है, इससे कईबार जाम तक लग जाता है।

## हादसे में घायल बाइक सवार की भी हुई मौत

संवाददाता,जालौन

**अमृत विचार।** दो दिन पूर्व बाइकों की भिडंत में भाजपा नेत्री के शिक्षक पति की मौत हो गई थीं वहीं दूसरे बाइक सवार की भी इलाज के दौरान मंगलवार देररात मौत हो गई। बुधवार को उसका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया।

सोमवार की देर शाम करीब सात बजे मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी छत्रसाल इंटर कॉलेज के शिक्षक प्रेम कुमार झा (50) पुत्र लल्लूराम झा, पत्नी संगीता झा (46) भाजपा महिला मोर्चा की नगर महामंत्री के साथ चरसौनी गांव में अपने रिश्तेदार के यहां बाइक से जा रहे थे। चुर्खी रोड पर उरगांव मोड़ के पास ही सामने से आ रहे बाइक सवार से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में प्रेमकुमार झा की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, गंभीर रूप से घायल पत्नी संगीता झा को उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया था। हादसे में दूसरे बाइक सवार जितेंद्र कुमार नगाइच (45) निवासी हथना बुजुर्ग थाना सिरसाकलार को भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें भी पहले मेडिकल कॉलेज फिर ग्वालियर रेफर किया गया था। मंगलवार को ग्वालियर में इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

# नर्सिंग होम में पकड़ी गई बिजली चोरी

## चेकिंग के दौरान शहर के शादीपुर स्थित अस्पताल में पाया गया नौ किलोवाट का लोड

संवाददाता, फतेहपुर

- मीटर बाईपास कर की जा रही थी विद्युत चोरी
- इस माह अब तक बिजली चोरी के 55 मामले दर्ज



**अमृत विचार।** शहर के नासिरपीर रोड शादीपुर में बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कृष्णा हॉस्पिटल में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी पाई गई। मौके पर ही चेकिंग रिपोर्ट भरकर एफआईआर बिजली थाने में दर्ज कराई गई।

शहर में इस समय ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान जारी है। रोज़ाना चेकिंग कर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। थाने में बिजली चोरी की इस माह 55 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। शहर में सभी एसी का प्रयोग करने वाले, कम खपत एवं डिमांड वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित किया जा चुका है। जिस पर विभागीय एवं विजिलेंस के द्वारा छापेमारी कर कार्यवाही लगातार की जा रही है। बता दें कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल लगभग डेढ़ गुना बिजली की खपत बढ़ी है, लेकिन अपेक्षित राजस्व प्राप्त न होने से लगातार चेकिंग अभियान चलाकर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। आसपास हो रही बिजली चोरी की सूचना के लिए बिजली मित्र पोर्टल बनाया गया है जिसमें शिकायत दर्ज करने वालों का नाम गुप्त रखा गया है। विभाग की ओर से अपील की गई है कि आसपास हो रही बिजली चोरी की सूचना जैसे बाईपास, मीटर स्लो, एसी लगा होने के बाद भी बिल कम आना, एक से अधिक एसी लगे होने पर सिंगल फेज़ का मीटर लगा होना, एसी वाले परिसर में मीटर में रीडिंग न आना आदि बिजली मित्र पोर्टल के माध्यम से अथवा संबंधित अवर अभियंता, उपखंड अधिकारी को दें। जिससे बिजली चोरी पर अंकुश लगाकर बेहतर बिजली आपूर्ति दी जा सके।

### गर्मी से बिजली की डिमांड बढ़ने से फिर बढ़ा लोड

**फतेहपुर।** छिटपुट बारिश के बाद बढ़ी उमस से जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं वातावरण में उमस बढ़ने से कूलर पंखे भी गर्मी में असर नहीं कर रहे हैं। जबकि एसी और भारी बिजली उपकरणों के अत्यधिक प्रयोग से बढ़े लोड से बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। गर्मी के मौसम में 300 मेगावाट बिजली की मांग के सापेक्ष 125 मिलियन यूनिट बिजली पूरे सर्किल में डिवाइड हो रही है। जबकि जिले में 300 मेगा वाट बिजली की मांग है और इतनी ही आपूर्ति भी बिजली विभाग द्वारा की भी जा रही है। लेकिन गर्मी में कूलर, एसी और भारी विद्युत उपकरणों के लोड बढ़ने से पूरे प्रदेश के साथ ही जिले में बिजली संकट उत्पन्न हो रहा है। उधर दूसरी ओर जिले की 30 लाख आबादी पर महज चार लाख के आसपास बिजली उपभोक्ता हैं, जबकि विभाग के अनुसार करीब सात लाख विद्युत उपभोक्ता जिले में होने चाहिए। उधर वातावरण में उमस बढ़ने से लोग 24 घंटे कूलर एसी चला रहे हैं जिससे भी बिजली पर लोड पड़ रहा है। वहीं इस संबंध में अधिशासी अभियंता बता रहे हैं कि बिजली खपत जिले में बढ़ी है। बिजली की खपत बढ़ने से रोज जिले में 125 मिलियन यूनिट सर्किल में डिवाइड हो रही है। बारिश होने के बाद बिजली लोड कम होगा।

## दबंगों ने घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही कुछ लोग घर में घुसकर उसकी पुत्री व उसके साथ मारपीट की। साथ ही पांच हजार नकद व गले में पड़ा मंगलसूत्र छीनने के अलावा छेड़खानी करने का गंभीर आरोप लगाया है।

हुसेनगंज पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं। उसके खेत में बकरी चरा रहे थे, जिसका विरोध उसकी 10 वर्षीय पुत्री ने किया जिससे दबंग लोग नाराज हो गए और उसकी बेटी को पीटने की नियत से दौड़ा लिया। उसकी पुत्री किसी तरह जान बचाकर घर के अंदर घुस आई तो दबंग भी अपने पारिवारिक जनों व साथियो के साथ घर में घुस आया और उसकी पुत्री व उसको बुरी तरह मारने पीटने लगे। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मंगलसूत्र व पांच हज़ार रूपये छीनकर गाली गलौज करते हुए फरार हो गए।

# जेठ की तरह तप रहा आषाढ़ का महीना

संवाददाता, फतेहपुर

- दिन भर घुमड़ते रहे बादल लेकिन नहीं हुई बारिश
- उमस भरी गर्मी और धूप के बीच बीता पूरा दिन



सिर ढंककर साइकिल से जाती युवती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार का दिन जेठ यानी मई महीने सा तप उठा। मौसम की भविष्यवाणी से इतर एक पहर तक न तो बादल मिले और न हवाएं रास आई। यही नहीं गरज-चमक के साथ बौछारों के संभावना भी दूर-दूर तक नहीं दिखी। लिहाजा, गर्मी, उसम और सूरज के तपिश से लोग बेहाल हो गए।

बुधवार को अधिकतम पारा 35 डिग्री के पार रहा तो न्यूनतम 29 डिग्री पहुंचा। बीते साल इस तारीख को अधिकतम पारा 38 डिग्री तक पहुंचा था। बुधवार सुबह 5.27 बजे सूर्योदय हुआ। इसके बाद घंटे-दर-घंटे पारे ने उछाल का रुख किया। सुबह 11.30 बजे गर्मी पूरे रौ में रही। 12 बजते ही बाजार, चौक-चौराहे, प्रमुख सड़कों पर सन्नाटा सा पसर गया। दोपहर 2.30 बजे पारा 35 डिग्री पर टिक गया जो एक घंटे इसी धुरी पर टिका रहा। शाम 5.30 बजे मौसम ने फिर रंग बदला। हल्के बादलों ने डेरा डाला। हवाएं भी रास आई। हालांकि आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी हुई शाम 7.10 बजे सूर्यास्त होने के बाद कुछ राहत महसूस हुई।

मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को तेज हवाएं चलेंगी। इसके साथ बारिश की संभावना है या फिर गरज के साथ बौछारें पड़ेंगी।

### बादलों के बिखराव ने बढ़ाई मुश्किलें

पूरे सप्ताह भर मौसम ने हर रंग से रूबरू कराया। सिर्फ बीते रविवार व सोमवार को कुछ शाम को मौसम सुहाना हुआ था। हवाएं भी शाम उग्र हुई। लेकिन, शहरी तेज बारिश को तरस गए। बुधवार को भी उम्मीद थी कि बादल छाएंगे। पर, ऐसा नहीं हुआ। जिससे प्रचंड उमस से दोआआ वालों का बुरा हाल रहा। दिन भर शहरी राहत की हवा को तरस गए।

# इधर पौधरोपण की तैयारी, उधर कटान

संवाददाता, असोथर



धड़ल्ले से की जा रही हरे पेड़ों की कटाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर प्रशासन की ओर से पर्यावरण संरक्षण को पौधारोपण करा रहा है। समाजसेवी संस्थाएं भी लोगों को जागरूक कर रही हैं। इसके बावजूद लकड़ी माफिया नहीं मान रहे हैं। पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से लगातार हरे पेड़ों का कटान हो रहा है। जब मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच जाता है तो थोड़ा-बहुत जुर्माना लगाकर मामला रफादफा कर दिया जाता है।

असोथर क्षेत्र के गांव सातों धरमपुर से बरेड़ा निचली गंगा नहर रोड को जाने वाले सड़क के कुछ दूरी पर महुए के बाग के किनारे आम और खेत में खड़े तीन महुए के फलदार वृक्षों को मंगलवार शाम लकड़ी ठेकेदार द्वारा काटे गए पेड़ो का वीडियो वायरल हुआ। मामले की सूचना अधिकारियों को भी दी गई लेकिन अधिकारियों ने जानकारी न होने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र से सैकड़ों आम, महुआ, गूलर, शीशम आदि के बाग व खेतों से लकड़ी ठेकेदार पेड़ काट कर ले जा चुके हैं। कोई कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं।

पुलिस शिकायतकर्ता को ही हड़काती है। जिससे अब कोई शिकायत भी नहीं करता। शासन लाखों रुपये खर्च कर पेड़ लगवा रहा है तथा अन्य लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

### बड़ी संख्या में काटे जा रहे पेड़

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के करसवां गांव के निचली गंगा नहर के पास सरकार की नहर चौड़ीकरण योजना का हवाला देकर कर खेल कर दिया है। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां ठेकेदार ने नहर पटरी पर लगे हरे आम, नीम, महुआ, जामुन, गूलर, पीपल के पेड़ कटवा दिए गए। बताया जा रहा है कि 64 हरे पेड़ों का एक झटके में सौदा कर दिया गया जिनकी कीमत 70 हजार रुपये बताई जा रही है।

## मारपीट में एक घायल

**औंग।** मलवां थाना क्षेत्र के धरमपुर मजरे असवार तारापुर निवासी ननकू गांव के चार लोगों ने लात घूंसे व डंडे से पीट-पीटकर घायल कर दिया। घायल की मां रानू देवी ने 112 नम्बर की पुलिस को फोन करके बुलाया। पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल को इलाज के लिए भेजा। रानू देवी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## किशोर को कार ने मारी टक्कर

**औंग।** जनपद इटावा शहर के पक्केबाग की जयभारत कालोनी निवासी ऋषभ सिंह चौहान पुत्र राजीव सिंह चौहान थाना क्षेत्र के रानीपुर स्थित अपने नाना गुलाब सिंह के यहां आया था। बुधवार दोपहर को ऋषभ सिंह ने अपने मामा तुन्नू सिंह की बाइक लेकर हाईवे स्थित दुर्गागंज आ रहा था तभी कानपुर की ओर से बड़ी रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से वह घायल हो गया।

# धान किसान चिंतित, घुमड़ते बादलों से बंधी उम्मीद

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जून माह में आसमान से आग उगलती सूरज की किरणों ने धान की खेतीं में जुटे किसानों में माथे पर चिंता की लकीरें साफ साफ दिखाई दे रही हैं। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी न मिलने के चलते धान की नर्सरी सूख रही हैं। अभी तक बारिश न होने से ज्वार बाजरा की बुआई भी पिछड़ रही है।

उमड़ते बादल किसानों को दिलासा तो दे रहे हैं पर बारिश न होने के कारण खागा क्षेत्र के खेतों व नर्सरी में खड़ी धान की पौध सूख रही है। छिटपुट बूंदाबांदी से ज्वार-बाजरा की बुआई भी नहीं हो पा रही है। किसानों ने बताया कि सूरज की तेज तपिश से धान की नर्सरी पीली पड़ती जा रही है। पानी के अभाव में खेत में दरारें आने से नर्सरी के खराब होने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। वहीं जिन किसान अपने निजी संसाधनों से धान की नर्सरी की बुआई तो कर दी लेकिन बारिश न होने से तेज धूप के कारण पौध सूख रही है। किसानों का कहना है कि अगर आने वाले कुछ दिनों में बारिश नही हुई तो खरीफ की फसल की बुवाई पिछड़ जाएगी। इसके अलावा मक्का ज्वार बाजरा तिल सहित अन्य फसलों में भी पानी की जरूरत है।

### बोले किसान



गांव में जो किसान पैसे वाले हैं। वह पम्पिंग सेट से सिंचाई कर धान की पौध तैयार कर रहे हैं, लेकिन जिनके पास सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है वह परेशान हैं।

भूरा रैदास, गुरुवल



खेती के लिए गांव के आसपास के सभी किसान नहर-बंबा पर आश्रित हैं। नहर काफी समय से टूटी पड़ी है। किसान मजबूर हैं। धान की सभी तैयारियां कर ली हैं।

राम बहादुर सिंह, मड़ौली



पहले ट्यूबवेल से भी खेतों में पानी लगवा लेते थे लेकिन इस बार भीषण गर्मी के चलते खेत आग उगल रहे हैं। ऐसे में यदि ट्यूबवेल से पानी लगाएंगे तो काफी महंगा पड़ेगा।

रज्जब अली, बरहा गढ़ा



सरकार की ओर से खरीद का मूल्य भले ही बढ़ाया गया हो, लेकिन किसानों को खाद, बीज, पानी समय से नहीं मिलता है। हर बार किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

राहुल यादव, गढ़ा खास



बारिश के दौरान सड़क का दृश्य।

### बिंदकी में तेज बारिश

**बिंदकी।** खजुहा विकास खण्ड क्षेत्र के भवानीपुर बसन्ती खेद अमेंना, जबरापुर, कोरवा, दौलताबाद, कमरापुर गुलाबपुर घेराव आदि गांव में अचानक गरज व चमक के साथ तेज बारिश होने से लोगो ने उमस भरी गर्मी से राहत की सांस ली है। वही दूसरी ओर लोगों के खेतों में पकी पकाई उरद व मूंग की खेती में बड़ा नुकसान हुआ है। वही गांव के लालमन ने बताया कि जिस तरह की गर्मी हो रही थी कि लोगो के घरों में लगे पंखे कूलर की हवा भी गर्म निकल रही थी लोगो का जीना मुहाल हो रहा था। बुधवार को हुई तेज बारिश होने से लोगो ने राहत की सांस ली है।

# गबन के आरोप में निलंबित डाकपाल पर एफआईआर

संवाददाता, औंग

- जांच में चार लाख से अधिक के गबन की पुष्टि

**अमृत विचार।** तहसील बिन्दकी के पधारा स्थित उपडाकघर में 11 सालों तक तैनात रहे डाकपाल अमन मिश्रा को पिछले माह 4.21 लाख रुपए के गबन के आरोप में जांच के बाद विभाग ने प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलम्बित कर दिया था। जिनके खिलाफ थाना कल्यानपुर में विभाग द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विभाग की तरफ से जनपरिवाद निरीक्षक शिवम गौतम पुत्र श्रीकृष्ण गौतम मामले के वादी बनाए गए हैं जिनकी लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

जनपरिवाद निरीक्षक की तहरीर के अनुसार उक्त आरोपी उपडाकघर पधारा में सितम्बर 2013 से 9 मार्च 2024 तक डाकपाल के पद पर तैनात रहे। जिनके कार्यकाल में ग्रामीणों ने विभिन्न खातों में लाखों रुपए जमा किए। जिन्हें पासबुक भी मिली और बकायदा विभागीय मुहर के साथ जमा की गई धनराशि भी उसमें दर्ज की जाती रही, लेकिन यह धनराशि डाकपाल अमन मिश्रा ने विभाग में जमा नहीं किया बल्कि स्वयं डकार गए। जब खाताधारक पैसा निकालने गए तो पता चला की इन खातों का कोई अस्तित्व नहीं है सभी फर्जी खाते हैं, कुछ खाते सही पाए गए लेकिन उनमें पैसा नही जमा था। इधर आरोपी का उपडाकघर बिन्दकी तबादला हो गया था। आरोपी अमन मिश्रा के खिलाफ जांच बैठी। कु. प्रिया पुत्री बुद्धिपाल, कु. आध्या पुत्री विशेष कुमार सिंह, कु. आशी सिंह पुत्री भूपेन्द्र सिंह, ललिता देवी, घनश्याम, विकास का रुपया गबन पाया गया। विभागीय जांच अभी जारी है। अभी गबन की धनराशि बढ़ने की संभावना है।

## पैर फिसलकर गिरने से बुजुर्ग की मौत

**जहानाबाद।** कस्बा के मोहल्ला चंदागली निवासी सूरज विश्वकर्मा पुत्र स्व. हीरालाल विश्वकर्मा निवासी कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला मलिकपुर स्थित ड्योढ़ी में चौकीदारी का कार्य करते थे। बुधवार की सुबह वह लघु शंका के लिए जाने लगे तो उनका पैर फिसल गया। जिससे उनके सिर पर चोट आने से मौत हो गई। मृतक के भाई अवध बिहारी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनका भाई सूरज प्रसाद का पैर फिसलने से उनके सिर पर चोटे आई जिसके चलते उनकी मौत हो गई।

### 47 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 47 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 20 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# 80 फीसदी छात्रों की निपुणता पर ही स्कूल होगा निपुण

संवाददाता, फतेहपुर

- एआरपी हर ब्लॉक के यूनिक विद्यालयों का पर्यवेक्षण करेंगे

**अमृत विचार।** सरकारी परिषदीय स्कूलों में प्रत्येक कक्षा में 80 बच्चे निपुण होने पर ही स्कूल निपुण घोषित होगा। निपुण बनाने के लिए 75 से अधिक छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। जबकि निपुण बनाए जा रहे स्कूलों के अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ प्रेरणा पोर्टल से ऑनलाइन कार्रवाई की जाएगी।

बेसिक शिक्षा विभाग ने निपुण विद्यालय बनाए जाने की योजना शुरू की है। शैक्षिक सत्र में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से अक्टूबर 2024, दिसंबर 2024 और फरवरी 2025 में आंकलन करने के बाद विद्यालयों के प्रत्येक कक्षा के 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे निपुण पाए जाने पर ही निपुण स्कूल घोषित किया जाएगा। इसके बाद डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक होगी। इसमें जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की निपुण विद्यालय बनाए जाने के लिए निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई की जाएगी। बताया इस प्रगति को प्राप्त करने में चार दिन का शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद यह मास्टर ट्रेनर जिले के सभी एआरपी को प्रशिक्षण देंगे। एआरपी दो घंटे प्रत्येक ब्लॉक के यूनिक विद्यालयों का पर्यवेक्षण करेंगे। परिणाम का विश्लेषण करने के बाद अपेक्षित सुझाव शिक्षकों को देंगे।

### 75 फीसदी छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य

सरकारी परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाने के लिए 75 प्रतिशत से अधिक छात्र उपस्थिति अनिवार्य है। लेकिन इन विद्यालयों के अगर शिक्षक अनुपस्थित मिलते हैं तो इनके खिलाफ प्रेरणा पोर्टल से ऑनलाइन कार्रवाई की जाएगी।

# इंसाफ मांगने डीएम के यहां पहुंचे ग्रामीण

संवाददाता, फतेहपुर



कलेक्ट्रेट परिसर में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव में पुलिस की कार्रवाई से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से विवेचना में हेरफेर करने की शिकायत की। बता दें कि 20 जून को खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोगों ने एक युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया था। घायल युवक ने 25 जून को इलाज के दौरान लखनऊ में दम तोड़ दिया। सदर कोतवाली के चौफेरवा गांव में 20 जून को खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर करीब आधा दर्जन लोगों ने चाकुओं से प्रहार किया। घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया। जहां 25 जून को उसने दम तोड़ दिया, मृतक युवक के परिजन पुलिस की कार्रवाई से नाराज थे। उनका आरोप था कि पुलिस ने चाकू से हमले की बात को एफआईआर में शामिल नहीं किया और एक अभियुक्त का नाम एफआईआर से हटा दिया। परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी से शिकायत की कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

### हादसा करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**औंग।** कल्यानपुर स्थित चौडगरा हाईवे पुल के पास कानपुर से आ रहे एक कंटेनर ने झाड़ीरामपुर मजरे चक्की निवासी रामकुमार, वेदप्रकाश और जीतू को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट लवकुश की तहरीर पर दर्ज कर ली गई है।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

नशा निषेध दिवस | 40 से 50 फीसदी युवा हो रहे मनोरोगी, तीन दर्जन युवाओं की काउंसिलिंग हुई

# युवाओं को मानसिक रोगी बना रही नशे की आदत

संवाददाता, फतेहपुर

- नशा करने से कुछ लोग समाज के साथ तालमेल बैठाना कर देते बंद

**अमृत विचार।** मादक पदार्थ और नशीली दवाओं का उपयोग युवाओं को मानसिक रोगी बना रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना कई ऐसे मामले आते हैं जिनमें युवा नशीले पदार्थों का सेवन कर अवसाद की चपेट में आ रहे हैं। इनमें स्मृति विकार, असंतुलन, चलने में कठिनाई, चिंता, अवसाद, नींद में कमी आने जैसी समस्याएं शामिल हैं। ऐसे में लोगों को नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया जाता है।

मौज-मस्ती से नशेड़ी बनने तक जिले में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में अधिकतर युवा शामिल हैं। आमतौर पर मौज मस्ती के लिए शुरू किया गया नशा कब लत में तब्दील हो जाता है पता नहीं चलता है। जबतक लोग नशा छोड़ने का ख्याल मन में लाते हैं तब तक वह लती हो चुके होते हैं। जिला अस्पताल के मनारोग विभाग में तैनात डॉ. रिंकी ने बताया कि हर माह सब्सटेंस अब्यूज डिसआर्डर से पीड़ित करीब तीन दर्जन मरीज ओपीडी आते हैं। यह निकोटिन, ओपियाइड, दर्द निवारक दवाएं, कफ सिरप और एंटी डिप्रेसेंट का नशे के लिए इस्तेमाल करते हैं। इन दवाओं का अधिक इस्तेमाल मानसिक समस्याओं के साथ गंभीर शारीरिक बीमारियां पैदा करता है।

जिला अस्पताल की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रिंकी ने बताया कि नशीली दवा का सेवन करने और इंजेक्शन लेने वाले युवाओं में 40 से 50 प्रतिशत मानसिक रूप से भी बीमार हो जाते हैं। डॉक्टर के मुताबिक नशा करने से कुछ लोग एंटी सोशल हो जाते हैं और समाज में तालमेल बैठाना बंद कर देते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक काउंसिलिंग के बाद ज्यादातर मरीज ठीक हो जाते है और नशे की लत भी छूट जाती है।

### एक सिरिंज से कई बार नशे का इंजेक्शन

लोग नशे के इंजेक्शन का प्रयोग करते हैं। एक ही सिरिंज के कई बार इस्तेमाल और आपस में सिरिंज बदलने से एचआईवी, हेपेटाइटिस जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियां होने का भी खतरा बना रहता है। इन मरीजों की लत छुड़ाने के लिए दवा के साथ काउंसिलिंग कराई जाती है। वहीं कई गंभीर मरीजों को लत छुड़ाने के लिए रिहैबिलिटेशन की जरूरत होती है। ऐसे में इन्हें कानपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित रिहैब में भेजा जाता है।

### इन बीमारियों का रहता है खतरा

चिंता, अवसाद, नींद की कमी, वजन घटना या बढ़ना, लिवर की बीमारी, कैंसर, स्मृति विकार, असंतुलन, चलने में कठिनाई, और मिर्गी का खतरा बढ़ जाता है। लो ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन, कोलेस्ट्रॉल बढ़ना, दिल की बीमारी, प्रतिरक्षा एवं प्रजनन क्षमता में कमी भी आ सकती है।

# ओआरएस जिंक कॉर्नर है बच्चों की सेहत का कवच

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** डायरिया, दिमागी बुखार समेत संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ओआरएस जिंक कार्नर स्थापित किया जा रहा है। इसका संचालन गांव की आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री संयुक्त रूप से करेंगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्थापित ओआरएस जिंक कार्नर पर पांच वर्ष से कम उम्र वाले नौनिहालों के लिए दवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसमें डायरिया, दिमागी बुखार समेत संचारी रोगों से सम्बंधित दवाएं शामिल रहेंगी। यही नहीं आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री अभिभावकों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र पर अभिभावकों और ग्रामीणों की बैठक होगी। जिसमें संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देने के साथ दवाओं की किट वितरित की जाएगी।

> आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस जिंक कार्नर की स्थापना के निर्देश दिए गए हैं। एक से 31 जुलाई तक संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान के तहत जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **डा. इस्तियाक अहमद, सीएमओ**

### अभिभावकों को करेंगी जागरूक

शासन ने एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान की घोषणा की है। ऐसे में इस दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर ग्रामीणों को डायरिया, दिमागी बुखार सहित संचारी रोगों के रोकथाम का तरीका बताएंगे।

## एक नजर

### युवक ने फंदा लगा दी जान

**कानपुर देहात।** डेरापुर थाना क्षेत्र के उरसान गांव निवासी रवी कटियार ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदा लगाकर जान दे दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने संकलित किए। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की वजह स्पष्ट नहीं है। युवक के अवसाद में रहने की बात सामने आ रही है। मामले में अहम बिंदुओं को शामिल कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**कानपुर देहात।** मुंगीसापुर चौकी इंचार्ज राहुल कुमार ने कस्बे के पास से ओमी कटियार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि मौके का फायदा उठाकर उसका साथी सुनील भाग गया। डेरापुर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है, जिसे जेल भेजा गया है।

### मेडिकल स्टोर संचालक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रुरा।** कस्बे के कमलानगर के रहने मेडिकल स्टोर संचालक अरुण कुमार अवस्थी मंगलवार की रात को मेडिकल स्टोर बंद करके घर के लिए निकले थे, किन्तु घर नही पहुंचे। परिजनों में काफी खोजबीन की, किन्तु उनका कोई पता न चल सका। पुत्र आशीष कुमार ने पिता की गुमशुदगी की तहरीर दी है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है, तलाश कराई जा रही है।

### चार लोगों के विरुद्ध हुई शांतिभंग की कार्रवाई

**रुरा।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर मामूली झगड़ा फसाद हो गया था। वहीं सभी पक्षों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाकर शिकायती पत्र दिया गया। वहीं बुधवार को पुलिस ने जांच पड़ताल कर जयकिशन, राकेश, मोनू व फूलचंद पर झगड़ा फसाद कर माहौल खराब करने के आरोप में कार्रवाई की। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि चार लोगों पर कार्रवाई की गई है।

### एनडीपीएस एक्ट का वांछित आरोपी भेजा गया जेल

**कानपुर।** चमनगंज पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी सूरज उर्फ टेडू उर्फ दीपक निवासी कंजड़नपुरवा थाना किदवई नगर को गिरफ्तार किया है। आनंद बाग चौकी इंचार्ज जय सिंह ने बताया कि आरोपी पर चमनगंज और किदवई नगर थाने से 13 मुकदमे दर्ज हैं। वह एनडीपीएस के मुकदमे में काफी दिन से वांछित चल रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दिन भर गर्मी की मार, शाम को ठंडी बयार

## रुक-रुककर बारिश और धूप-छांव ने बढ़ाई उमस भरी गर्मी, बिजली कटौती कोढ़ में खाज बनी

कार्यालय संवाददाता,कानुपर देहात

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार को रुक-रुककर हुई बारिश के बाद कभी धूप कभी बादलों की छांव ने उमस भरी गर्मी बढ़ा दी, जिससे दिन भर लोग बेचैन रहे। इस बीच बिजली की कटौती कोढ़ में खाज बन गई। हालांकि शाम पहर ठंडी हवा चलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

जिले में मौसम का मिजाज बदलने के बाद भी लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। बूंदाबांदी के साथ तापमान गिरने से तपन से तो थोड़ी राहत मिली है, लेकिन बादलों के बीच धूप निकलने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेचैन कर दिया। मंगलवार की रात अधिकतम तापमान सामान्य के करीब रहने के बाद भी उमस से लोग परेशान रहे।

वहीं शिवली समेत कई स्थानों पर बिजली गुल रहने से बढ़ी गर्मी के कारण लोग ठीक से नींद पूरी नहीं कर सके। गर्मी के कारण लोग हाथ का पंखा लिए गर्मी से निजात पाने का प्रयास करते रहे। बुधवार को आसमान में बादलों के साथ ठंडी हवा के साथ दिन की शुरुआत हुई, लेकिन बादलों की छांव के बीच धूप निकलने ने उमस बढ़ गई। हालांकि देर शाम ठंडी हवा चलने से लोगों ने कुछ राहत महसूस की।



उमस भरी गर्मी में पेड़ के नीचे बैठे लोग। अमृत विचार



पुखरायां कस्बे में बारिश के बीच निकलते वाहन। अमृत विचार

### तेज हवा के साथ 30 जून तक बारिश की संभावना

सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने बाताया कि अगले पांच दिनों में आसमान में हल्के बादल छाए रहने के कारण 26 से 30 जून के मध्य तेज हवाओं (धूल भरी आंधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

### उमस से बढ़ी उल्टी-दस्त के बीमारों की संख्या

उमस भरी गर्मी के कारण उल्टी-दस्त और बुखार का प्रकोप बढ़ गया है। गांवों से लेकर कस्बों तक लोग बड़ी संख्या में बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी व निजी अस्पतालों में प्रतिदिन बड़ी संख्या लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

### बिजली गिरने से तीन भैंसों की मौत

राजपुर/कानपुर देहात। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आकर तीन भैंसों की मौत हो गई। एक भैंस को बिजली का झटका लगने से अचेत हो गई। राजपुर क्षेत्र के गुबार गांव निवासी रामचंद्र ने बताया कि बुधवार की शाम 4 बजे वह अपनी भैंसों को गांव के बाहर खेत पर चरा रहा था, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से 80 हजार कीमत की भैंस की झुलसकर मौत हो गई। वहीं एक भैंस को बिजली का झटका लगने से अचेत हो गई। जिस समय आकाशीय बिजली गिरी, वह खुद कुछ दूर पर मेड़ पर बैठे थे, अन्यथा वह भी चपेट में आ जाते। तहसीलदार संतोष कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल को जांच के लिए भेजा गया है। पशु चिकित्सक गौरव सक्सेना ने बताया कि भैंस का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उधर, भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के असुवापुर गांव के रहने वाले प्रशांत कुमार और सिद्धबाबू ने बताया कि बुधवार को उनकी भैंस घर के बाहर बंधी थी, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से दोनों लोगों की कीमती भैंस मर गईं।

# सबमर्सिबल पंप का वाल्व खराब, पानी की परेशानी

संवाददाता, राजपुर

- टंकी का पंप खराब होने से 10 हजार की आबादी परेशान

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की आबादी को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए वर्ष 2022 में बनवाई गई पानी की टंकी का वाल्व खराब होने से तीन दिनों से कस्बे की लगभग 10 हजार की आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए लोगों को निजी सबमर्सिबल पंप से पानी भरने के लिए कतारें लगानी पड़ रही हैं। सूचना के बावजूद जल निगम और नगर पंचायत के अफसर खराब वाल्व की मरम्मत कराने में नाकाम हैं।

राजपुर नगर पंचायत में पेयजल समस्या दूर करने के लिए दो वर्ष पहले जल निगम ने करीब 3 करोड़ की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया था। फेस-2 की पानी टंकी से राजपुर नगर पंचायत के बिनोवा भावे नगर, अयोध्या नगर, शास्त्री नगर, मुखर्जी नगर वार्डो की करीब 10 हजार आबादी को पेयजल आपूर्ति होती है। तीन दिन पहले पानी की टंकी का वाल्व खराब होने से चारों वार्डो में पेयजल संकट है। भीषण गर्मी में नगर के लोगों को हैंडपंप और सबमर्सिबल पंप में घंटों लाइन लगाकर पानी भरना पड़ रहा है। नगर के विकास, राहुल, राजू, मनोज, दिलशाद, गगन, दीपक ने बताया कि चार दिनों से पेयजल संकट है। नगर पंचायत के अधिकारियों को समस्या की जानकारी दी गई है, इसके बाद भी समस्या बरकरार है। पानी की टंकी के आपरेटर अतीक अहमद ने बताया कि वाल्व की मरम्मत कराई जा रही है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नीति त्रिपाठी ने बताया कि वाल्व को खुलवाकर मरम्मत के लिए भेजा गया है।



खराब पड़ा सबमर्सिबल पंप का वाल्व।

# अस्पताल के अंदर से नहीं निकलेगा वैकल्पिक रास्ता



बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कस्बे में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण अक्टूबर माह में रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया गया था। वैकल्पिक मार्ग के तौर पर पुरानी पुलिया को चालू किया गया था। पुरानी पुलिया का मार्ग संकरा होने के कारण रोज जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

जाम की स्थिति को देखते हुए लोगों ने नए अंडरपास की मांग की, जिस पर रेलवे के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। रास्ता रूरा सीएचसी के अंदर से ले जाने के लिए निरीक्षण किया गया। इसकी सूचना पर सीएमओ अरुण कुमार सिंह भी पहुंचे। निरीक्षण के बाद सीएमओ ने बताया कि रास्ता निकलने से मरीजों को आने-जाने में समस्या होगी, जिसे देखते हुए रेलवे अधिकारियों से आपत्ति दर्ज कराई गई है।

# सांप के डसने से बालिका की मौत

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद क्षेत्र के नैला गांव में सोते समय सर्प के डसने से बालिका की मौत हो गई, जिससे घर में कोहराम मच गया।

बमन्हौटा खंड नैला कटरा निवासी शाकिर मोहम्मद के परिवार में पत्नी रोशनी, बेटियां शहनाज, साइना, नाजिया, शाजिया व आइरा और इकलौता बेटा मोहम्मद आलिफ है। बुधवार रात पत्नी रोशनी बच्चों के साथ फर्श में बिस्तर लगाकर लेटी थी। इसी दौरान रात करीब 3:30 बजे चौथे नंबर की बेटी साजिया (7) को सोते समय हाथ में सर्प ने डस लिया। बेटी के चीखने पर मां रोशनी ने हाथ में सर्प लिपटा देख परिजनों को जानकारी दी। परिजन सुबह करीब 5 बजे साजिया को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉ. सौरभ शाक्य ने नाजुक हालत में हैलट रेफर कर दिया। हैलट ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

# रोडवेज बस की टक्कर से पत्रकार की मौत

कार्यालय संवाददाता,कानुपर देहात

**अमृत विचार।** रसूलाबाद में रोडवेज बस की टक्कर से समाचार संकलन के लिए जा रहे बाइक सवार पत्रकार की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक तेज रफ्तार से बस को लेकर निकल भागा। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



रजनेश कठेरिया।

क्षेत्र के मौजमपुर भोलापुर निवासी एक टीवी चैनल के पत्रकार रजनेश कठेरिया (30) बुधवार सुबह बाइक से समाचार संकलन के लिए रसूलाबाद जा रहे थे, तभी बेला रोड पर गेस्ट हाउस के पास पीछे से आई तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार रजनेश कठेरिया सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद रोडवेज बस उन्हें रौंदते हुई आगे निकल गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी एंबुलेंस से पत्रकार को सीएचसी ले गए, जहां डॉ. सौरभ शाक्य ने मृत घोषित कर दिया।

सड़क हादसे की जानकारी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे पिता रामसेवक, मां कुसमा देवी, पत्नी सोनम, इकलौता बेटा ऋषभ, बड़ा भाई राघवेंद्र, बहन साधना, चाचा विनोद कुमार समेत परिजन रो-रोकर बेसुध हो गए। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि परिजनों ने अभी हादसे के संबंध में तहरीर नहीं दी है। परिवार की ओर से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। टक्कर मारने वाली रोडवेज बस की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### विधायक और अफसरों ने निधन पर शोक जताया

सोशल मीडिया में पत्रकार रजनेश कठेरिया की सड़क हादसे में मौत की खबर प्रसारित होने के बाद विधायक पूनम संखवार, सीओ राजीव सिरोही, बीडीओ धनप्राप्त यादव, वन रेंजर एसएन सिंह, तहसीलदार सुभाष चंद्र, प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी, भाजपा नेता किशन द्विवेदी उर्फ छुन्नी दुबे, जीतू त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन प्रताप सिंह ऋषि, अनुरोध दुबे, राजकुमार सिंह, सपा के जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान, पूर्व प्रधान मुन्नालाल कठेरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण कमल, ग्राम प्रधान सत्य प्रकाश कठेरिया, विष्णु भूषण मिश्रा, प्रताप नारायण दीक्षित, संजय मिश्रा, अतुल त्रिपाठी, अनुराग बाजपेई, सुरेंद्र मिश्रा, विशाल गौतम, रामू मिश्रा, संतोष गुप्ता, अमित पांडेय, सत्येंद्र दुबे, पुनीत सिंह, मसरूफ नवाज आदि ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।



सरॉय गांव के बाहर लगा गोबर का ढेर। अमृत विचार

# गोबर के ढेर से बीमारी का खतरा

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सरायं गांव में गोबर के ढेर लगे होने के कारण राहगीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र वासियों के घरों में ये गोबर बारिश के दिनों में पानी के साथ बहकर चला जाता है।

गांव में आबादी के पास जगह-जगह लगे गोबर के ढेर के कारण दिन भर मक्खी मच्छर की भरमार होने के चलते इलाका वासियों में भयानक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ। गोबर की बदबू दूर-दूर तक घरों में जाने की वजह से लोगों का जीना दुश्वार हो रखा है। जबकि शासन द्वारा प्रत्येक गांवों में खाद के गड्ढे के लिए जगह निर्धारित है फिर भी गांव की मुख्य गलियों,आबादी के आस पास गोबर के बड़े बड़े ढेर लगे है। ए डी ओ पंचायत हरिओम सक्सेना ने बताया की गांव से गोबर जल्द ही हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

# जनपद के 35,366 बच्चों का अभी तक नहीं हुआ सत्यापन

**लापरवाही**

- 28 जून तक सत्यापन का कार्य पूरा करने के निर्देश
- महानिदेशक के आदेश पर बीएसए ने लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** डीबीटी से छात्रों के अभिभावकों के खातों में यूनिफॉर्म की धनराशि भेजी जानी है। इसके लिए विद्यार्थियों का सत्यापन किया जा रहा है। फिलहाल जिले में 35366 विद्यार्थियों का सत्यापन नहीं हो सका है। इसको लेकर महानिदेशक के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को 28 जून 2024 तक सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

नए शिक्षा सत्र में बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और जूता-मोजा के लिए शासन की ओर से भेजी जाने वाली धनराशि डीबीटी के जरिये उनके अभिभावकों के खातों में भेजे जाने के आदेश हैं। इसके लिए सभी पंजीकृत विद्यार्थियों का आधार से डाटा सत्यापित किया जाना है। इसके लिए शासन की ओर से 28 जून 2024 तक का समय दिया गया है। निर्देश है कि तय समय से पहले ही इसे पूरा करा लिया जाए फिलहाल जनपद में अब तक 35366 विद्यार्थियों का सत्यापन नहीं हो सका है। यह सत्यापन बीईओ के स्तर से लंबित होने की बात कही जा रही है।



बीएसए ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी खंड शिक्षाधिकारियों को 28 जून 2024 तक प्रत्येक दशा में लंबित सत्यापन को पूरा कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि तय समय पर काम पूरा न होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। बता दें कि बच्चों के लिए 28 से स्कूलों का संचालन आरंभ कर दिया जाएगा। विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी से धनराशि पहुंचा दी जाए। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि लंबित आधार सत्यापन को पूरा कराने के निर्देश दिए हैं ढिलाई बरतने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी।



बाजार में लगा वाटर टैंक बंद पड़ा। अमृत विचार

# बाजार में ठूंठ बना वाटर टैंक

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** बनीपारा गांव की बाजार में क्षेत्र पंचायत निधि की ओर से लगवाया वाटर टैंक करीब एक साल से शोपीस बना खड़ा है, जिससे लोगो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

वर्ष 2022 में क्षेत्र पंचायत निधि से ढाई लाख की कीमत से बनवाया गया वाटर टैंक अब निष्क्रीय पड़ा है, जिसमें आसपास के रहने वाले लोग सटाकर जानवर बांध रहे है। जब टैंक का निर्माण शुरू हुआ था, तो आसपास के लोगों में खुशी की लहर जाग उठी थी, लेकिन कुछ माह तक सही चलने के बाद बेकार हो गया। इस वाटर टैंक से मोहल्ले के करीब 50 घरों में पानी की सप्लाई थी, जिससे उनको काफी सहूलियत थी, लेकिन करीब एक वर्ष से बंद पड़ा वाटर टैंक बन कर रह गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भी की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# पेड़ से टकराई कार, दो घायल

**रसूलाबाद।** मंगलवार रात कानपुर से रसूलाबाद आ रहे कार सवारों की कार रसूलाबाद कानपुर रोड पर प्रभु दयाल जी गेस्ट हाउस के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे उसने सवार दोनों लोग घायल हो गए। घायल होने की सूचना पाकर उनके स्वजन उन्हें उपचार के लिए कानपुर ले गए हैं।

बुधवार रात रावतपुर गांव वार्ड नंबर 28 रावतपुर गांव निवासी संजय अपने साथी अंकित के साथ वैगन आर कार से कानपुर से रसूलाबाद आ रहा था। कानपुर रसूलाबाद रोड पर केंद्रीय के निकट प्रभु जी दयाल गेस्ट हाउस के समीप उनकी कर नियंत्रित होकर एक पेमेंट से टकरा गई जिससे दोनों ही लोग घायल हो गए घायलों की सूचना पर आए उनके साजन ने उपचार के लिए कानपुर बृजेश पाल ले गए हैं। कहिंजरी चौकी इंचार्ज योगेंद्र शर्मा ने बताया की कार अनियंत्रित होकर पेड़ों से टकरा गई है।

**हिदायत** जिलाधिकारी आलोक सिंह ने अकबरपुर तहसील का किया निरीक्षण, सभी पटलों का बारीकी से देखा हाल

# तहसील में गंदगी की हालत देखकर जिलाधिकारी के तेवर तल्ख

कार्यालय संवाददाता,कानुपर देहात

- अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने बुधवार को अकबरपुर तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील के विभिन्न पटलों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का रखरखाव बेहतर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान गंदगी देख उनके तेवर काफी तल्ख रहे। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखने की हिदायत दी।

बुधवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने अकबरपुर तहसील पहुंचकर पटलों का निरीक्षण किया पर और वहां उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पत्रावलियों की बारीकी से पड़ताल की और विभिन्न पटलों पर गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। कहा कि तहसील के सभी दस्तावेजों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए और उनकी नियमित देखभाल कर समय-समय पर साफ-सफाई कराई जाए।

डीएम ने विभिन्न पटलों पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि जो भी दायित्व उन्हें सौंपे गए हैं, उनका पूर्णतया पालन करें। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, दस्तावेजों के रख-रखाव की संपूर्ण जिम्मेदारी पटल प्रभारी की होगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील में कार्यरत लेखपाल व अमीनों की तैनाती के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने अभिलेखागार, स्थापना, रजिस्ट्री, स्वान, खतौनी कक्ष, नजारत आदि पटलों का निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्री कक्ष के सम्मुख गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और रजिस्ट्री कक्ष के सम्मुख साफ सफाई कराने के साथ ही पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर अवनीश कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



बुधवार को अकबरपुर तहसील का निरीक्षण करते डीएम आलोक कुमार सिंह। अमृत विचार

# एक बार फिर परिषदीय स्कूलों का बदला समय

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कक्षा 8 तक के सरकारी स्कूल सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगे, निर्देश जारी हुए

**अमृत विचार।** एक बार फिर परिषदीय स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। 28 जून से 30 जून के मध्य विद्यालय प्रातः 7.30 बजे से 10 बजे तक संचालित किए जाएंगे। इस दौरान विद्यालय स्तर पर ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैम्प) आयोजित कराया जाएगा। पहली जुलाई से विद्यालय अपने नियमित समय अर्थात् प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक संचालित होंगे और अध्यापकों द्वारा नियमित पठन-पाठन का कार्य सुचारु रूप से सम्पादित किया जाएगा।

स्कूलों का वातावरण बच्चों के लिए आकर्षक और अनुकूल बनाने के लिए स्कूलों की साफ-सफाई कराकर उसे फूल-पत्तियों से सजाया जायेगा। प्रमुख सचिव की ओर से इस संबंध में जारी किये गये निर्देश में कहा गया है कि 28 जून को विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों आदि से सजाया जाएगा और विद्यालय आने वाले बच्चा का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। उस दिन मध्याहन भोजन में बच्चों के लिए रूचिकर हलवा, खीर आदि बनाया जायेगा। कक्षा एक एवं कक्षा छह में नये प्रवेश लेने वाले बच्चों का विशेष स्वागत करने के भी निर्देश दिए गये हैं।

## एक नजर

### पेपर लीक कांड में सुभासपा विधायक शामिल: कांग्रेस

अमृत विचार,लखनऊ : उप्र कांग्रेस ने दावा किया है कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम शामिल हैं। प्रश्नपत्र लीक कांड से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने यह दावा किया। सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी का सहयोगी विधायक नीट पेपर लीक का सरगना है।

### स्पीकर का बयान संसदीय परंपरा के खिलाफ

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद ओम बिड़ला की ओर से दिया गया पहला बयान संसदीय परंपराओं के खिलाफ रहा। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता के जरिये सत्ता के खिलाफ मतदान से भाजपा नेताओं का न तो अहंकार कम हुआ और न ही संविधान विरोधी इरादा।

### पत्रिका अपडेट का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजभवन में आईएएस एसोसिएशन की पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक का विमोचन किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक को प्रकाशित करने के लिए आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बधाई दी।

# जून में पड़ी गर्मी के लिए हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां जिम्मेदार : योगी

## मुख्यमंत्री ने ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जून की गर्मी देश-प्रदेशवासियों को लंबे समय तक याद आएगी। तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा था। लोग असहाय और असमंजस की स्थिति में थे। इसके लिए उत्तरदायी हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां ही हैं। स्वयं के स्वार्थ के लिए प्रकृति के दोहन की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई। इस क्रम में उन्होंने राजधानी में कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों के अवैध निर्माण कर लेने का उदाहरण दिया जिसे हाल ही में हटाया गया है। मुख्यमंत्री बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यहां उन्होंने कहा कि कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। मुख्यमंत्री के मुताबिक्र उप्र. में पौराणिक काल के वन हैं। राज्य के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाएं भी मौजूद हैं। उन्हीं संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने लाने, लोगों का आकर्षण बढ़े,, इस दृष्टि से उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया गया है।



प्रदर्शनी के दौरान चाक कला के प्रदर्शक से बात करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण

सोनभद्र में सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता मिले, इसके लिए ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य एमओयू भी किया गया। नई ईको पर्यटन इकाई स्थापित करने वाले जालौन के केशवेंद्र सिंह, मनीष मल्होत्रा समेत तीन लोगों को योगी ने सम्मानित भी किया और यहां लगी प्रदर्शनी भी देखी। कार्यक्रम में ईको पर्यटन पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण किया।

- कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने कर लिया था अवैध निर्माण, हम इसे पुनर्जीवित करेंगे

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (वन-पर्यावरण) मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) मुकेश कुमार मेश्राम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जेल भेजा गया दरोगा निलंबित एसएचओ फरार

**अमृत विचार, लखनऊः** आगरा में दो भाइयों के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी दरोगा को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। होमगार्ड ने पुलिस पर उत्पीड़न की सुसाइड नोट पर लिखी थी। वहीं सादाबाद के निलंबित एसएचओ फरार हैं।

मालूम हो कि बरहन थाना क्षेत्र के रूपधनू गांव निवासी होमगार्ड प्रमोद सिंह और उनके सगे भाई संजय सिंह ने हाथरस के सादाबाद थाने की पुलिस उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। यह मामला इतना बढ़ गया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। इसके बाद आरोपी दरोगा को देर रात गिरफ्तार किया गया जबकि सादाबाद थाने के एसएचओ मुकेश कुमार को भी निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया। दरोगा हरिओम को बुधवार को कोर्ट ने जेल भेज दिया । बताते चलें कि हाथरस के सादाबाद थाने के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और दरोगा हरिओम पर सगे भाइयों का उत्पीड़न करने का आरोप है। संजय सिंह ने शनिवार और होमगार्ड प्रमोद सिंह ने सोमवार को आत्महत्या कर ली थी।

# प्रश्नपत्र लीक मामले के अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा अध्यादेश का प्रभाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रश्नपत्र लीक मामले में 300 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार
- आगामी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक कराने पर अब गंभीर सजा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश-2024 को प्रदेश सरकार ने मंजूरी तो दे दी, लेकिन इसका प्रभाव पूर्व की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को लीक करने वाले अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा। आरओ-एआरओ एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने वाले सभी 300 अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व के कानूनों की तहत की कार्रवाई होगी। कानूनविदों का कहना है कि आने वाले दिनों में जो परीक्षाएं होंगी उसमें अपराध कारित करने पर अध्यादेश के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि प्रदेश में आयोजित होने वाली सार्वजनिक परीक्षाओं को कराना राज्य सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही थी। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण सरकार को कई परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा। अब प्रश्न उठता है कि अध्यादेश लागू होने के बाद क्या आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को लीक कराने वाले इस कानून के तहत सजा पाएंगे? इस पर सरकारी कार्यालयों में पूरे दिन मंथन होता रहा। हालांकि इस प्रकरण पर कानूनविदों का कहना है कि इस अध्यादेश से उन अभियुक्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्हें पूर्व के कानूनों के तहत ही सजा दी जाएगी।

### अध्यादेश के तहत होगी सजा

हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने बताया कि आगामी जो भी परीक्षाएं होंगी इसमें किसी भी प्रकार का अपराध कारित होने पर अध्यादेश के मुताबिक सुनवाई होगी और सजाएं होंगी। उन्होंने बताया कि सरकार का यह फैसला बहुत ही दूरगामी और सराहनीय है। बताते चलें कि आरओ-एआरओ परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने वालों में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जिसमें 17 आरोपी मास्टरमाइंड की श्रेणी में हैं। हालांकि पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# आंदोलन के दौरान निलंबित अभियंता जल्द बहाल होंगे

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** मार्च 2023 में हुए आंदोलन में शामिल अभियंताओं के खिलाफ हुई कार्रवाईयां विभाग वापस लेगा। बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के 39वें वार्षिक अधिवेशन में पॉवर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने यह आश्वासन दिया है।

अधिवेशन में बोलते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने निलंबित किए गए अभियंताओं को बहाल करने की मांग की। कैशलेस चिकित्सा, इंजीनियर प्रोटेक्शन एक्ट, उत्पादन भत्ता, सस्ती बिजली दिए जाने की मांग भी रखी।

बिजली के सस्ते उत्पादन के लिए ओबरा- डी, अनपरा-ई समेत अन्य परियोजनाओं को उत्पादन निगम के पूर्ण स्वामित्व में लाने की बात रखी। अन्य विभागों की तरह ही मार्च 2005 तक नियुक्त सभी अभियन्ताओं को पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग की। इसके अलावा बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार प्रदेश की जनता को 24घंटे निर्बाध बिजली मुहैया कराने के लिए रात दिन काम करने का संकल्प लिया।



महाधिवेशन की दीप जलाकर शुरुआत करते कार्पोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल।

- पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

महाधिवेशन में महासभा की ओर से पारित किए गए प्रस्ताव में कार्रवाई पर कोई फैसला न लेने की स्थिति में विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव को कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। जिसका प्रदेश के सभी अभियंता समर्थन करेंगे। महाधिवेशन में अध्यक्ष राजीव सिंह ने उच्च प्रबंधन स्तर पर विभागीय अभियंताओं की तैनाती किए जाने और सेवा शर्तों में हुए परिवर्तन को वापस लेने के साथ अन्य मुद्दों को भी उठाया।

इस मौके पर उप्र इंजीनियर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस एस निरंजन, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अभियंता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह की ओर किया गया।

इस अवसर पर महाधिवेशन विशेषांक 2024 का विमोचन भी मुख्य अतिथि की ओर से किया गया। कार्यक्रम में शार्ट फ़िल्म के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र स्थापित किए गए कीर्तिमानों और अभियन्ताओं के कार्यों को सराहा गया। महाधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में विभिन्न श्रम संघों,सेवा संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी डॉ.सचिन वैश्य,डॉ.अमित सिंह,महेंद्र राय ,पीके दीक्षित,डी के मिश्रा,सरजू त्रिवेदी,सुहैल आबिद, दीपक चक्रवर्ती ,रीना त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए चुन सकेंगे विकल्प

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की खुली छूट दी है।

2024-25 के साथ आगामी अन्य सत्रों के लिए आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया को संशोधन के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार अब अभ्यर्थी अपनी स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जिला, संस्थान एवं पाठ्यक्रम का विकल्प दे सकेंगे।

# जानकीपुरम ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदला

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- साढ़ामऊ अस्पताल के सीएमएस को बनाया गया ट्रामा सेंटर का प्रभारी

**अमृत विचारः** राजधानी में जानकीपुरम विस्तार स्तिथ नवनिर्मित ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदल गया है। इस ट्रामा सेंटर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ से हटा कर बीकेटी स्तिथ पं.राम सागर संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ से संबद्ध कर दिया गया है। यह आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार ने साढ़ामऊ अस्पताल के प्रशासक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ट्रामा सेंटर संचालित करने के निर्देश दिए है। प्रशासन बदलने के साथ ही नवनिर्मित ट्रामा सेंटर में मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं मिलने की संभावनाए बढ़ गईं हैं।

राम सागर संयुक्त अस्पताल (साढ़ामऊ)की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.पुष्पा चौधरी ने बताया कि ट्रामा सेंटर में अभी मेरे ही अस्पताल के दो ईएमओ सेवाएं दे रहे हैं। गुरुवार को ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा और मरीजों की जरूरत को देखते हुए ससांधन उपलब्ध कराए जाएंगे। जरूरत के आधार पर चिकित्सक व अन्य स्टाफ की मांग कर, बेहतर तरीके से ट्रामा सेंटर का संचालन किया जाएगा। दुर्घटनाग्रस्त व अन्य गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का उद्देश्य होगा।

मालूम हो कि लखनऊ मध्य में केजीएमयू का एक मात्र ट्रामा सेंटर है जहां गंभीर मरीजों को इलाज मिलता है। इसके अलावा रायबरेली रोड स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के एपेक्स ट्रामा सेंटर में तत्काल दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को ही इलाज की सुविधा है।

## अग्निकांड में नहीं जले महत्वपूर्ण दस्तावेज

**अमृत विचार, लखनऊः** विगत 08 अप्रैल को राजधानी स्थित खनन निदेशालय में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं जले हैं। उस समय साजिश की आशंका को लेकर सरकार ने मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी। एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्यों जांच के लिए सीएफएसएल एवं फोरेंसिक को भी भेजा था। ढाई महीने हुई जांच में वहां से भी आग से जुड़ी किसी साजिश का खुलासा नहीं हो सका। इस प्रकरण पर अभी अधिकृत बयान किसी का नहीं आया है।

# कल से जुटने लगेंगे कारोबारी होटलों में बुक कराए 200 कमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए व्यापारी नेता 28 से राजधानी में जुटने लगेंगे। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से करीब 1,000 व्यापारी लखनऊ पहुंच रहे हैं। राजधानी के करीब आधा दर्जन से अधिक होटलों में 200 कमरे बुक कराए गए हैं।प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन 29 और 30 जून को होगा। जिसमें 102 पदों के लिए चुनाव होगा। इसके अलावा 125 पदों पर मनोनयन किया जाएगा। सहायक चुनाव अधिकारी सुनील गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की सूचना प्रांतीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों को संगठन के संविधान के अनुसार पहले एक माह पूर्व भेजी गई थी। इसके बाद पुनः सभी सदस्यों को जानकारी दी जा चुकी है।

## वर्ग पहेली-113

**बाएं से दाएं**

2.1.आश्चर्य

3.1.मन में स्थित या जाग्रत भाव

5.1.पारिश्रमिक 2.मज़दूरी।

7.शरीर या कपड़े आदि पर जमे मैल को साफ़ करने के लिए प्रयुक्त एक प्रसाधन, (सोप)।

**ऊपर से नीचे**

1.यज्ञ या हवन में आग प्रज्वलित करने तथा हवा करने के लिए प्रयोग में आने वाली बांस की नली।

2.1.घूंघट 2.परदा 3.बुरका 4.ढकना, घेरना, छिपाना 5.घूंघट निकालना।

4.1.अनावृत करना, परदा हटाना या उठाना 2.पर्दाफाश करना 3.वस्त्रविहीन करना।

6.1.प्रशंसा, बड़ाई, बखान 2.विशेषता, गुण, सिफ़त 3.परिचय, पहचान।



### वर्ग पहेली -112 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 न | र | 2 क | ट | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ल | ■ | 3 दि |
| ■ | 4 गो | ल | म | टो | ल |
| ■ | ■ | ■ | ज़ | ■ | वा |
| 5 पा | ठ | भे | द | ■ | ना |
| ज़े | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 6 ब | ह | न | ■ | 7 आ | ड़ा |

## सुडोकू-26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | | | 3 | | | 6 |
| | 8 | | | | 9 | | | 1 |
| | | 7 | | 2 | | 4 | | 5 |
| 8 | 3 | | | 6 | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| | | | 3 | 9 | | | 4 | 2 |
| 4 | | 8 | | 1 | | 3 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 9 | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | 8 |

### सुडोकू -25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 6 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 7 |

# 43 हजार करोड़ से बिजली निगमों के आधुनिकीकरण की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दक्षिणांचल निगम के लिए 12 हजार करोड़ से अधिक धनराशि
- पांचों वितरण निगमों का आधुनिकीकरण होगा

**अमृत विचारः** प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विस्तार देने और इसके आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की तैयारी में है। इसके अंतर्गत मीटर से लेकर फीडर तक को अत्याधुनिक स्वरूप देने की कवायद की जाएगी। राज्य में बड़े स्तर पर होने जा रहे औद्योगिकीकरण से पहले सरकार बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त करने में जुट गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया था। इसमें राज्य के सभी पांच वितरण निगमों के लिए अलग-अलग धनराशि आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार सर्वाधिक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर करेगी।

योजना के तहत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 8,759.87 करोड़ रुपए से कायाकल्प की तैयारी है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 10,146 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 12,300 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 10,563 करोड़ रुपए और केस्को के लिए 1198 करोड़ रुपये समेत कुल 42,968.55 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। इसके अलावा 29619 करोड़ रुपए से स्मार्ट मीटर के कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। साथ ही पूर्वांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचल निगमों के अंतर्गत ढाई लाख से अधिक घरों के विद्युतीकरण के लिए 917 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं।

### वाराणसी, नोएडा, अयोध्या व कानपुर पर खास नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 1309 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत स्मार्ट डिस्ट्रिब्यूशन प्रॉसेस पर 307.70 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के अंडरग्राउंडिंग प्रॉसेस पर 513.58 करोड़ रुपए और आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण के लिए 488.10 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अलावा नोएडा के लिए 1535 करोड़ रुपए, अयोध्या के लिए 1200 करोड़ रुपए और कानपुर के लिए 823 करोड़ रुपए से बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण की तैयारी है। प्रदेश के 33 केवी बिजली उपकेंद्रों में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर को भी 'अपग्रेड' कर 20 एमवीए करने की तैयारी है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 18.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 11.36 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** आज कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं।

**वृष** आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**मिथुन** आज बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको उधार लेने से बचना चाहिए। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है।

**कर्क** आज असंतुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मित्रों से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**सिंह** आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** आज दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला** आज आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। अधूरा कार्य छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** आज वैवाहिक जीवन में संवादहीनता न होने दें। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए।

**धनु** आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**मकर** आज रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वो शुरू हो सकते हैं।

**कुंभ** आज भूमि क्रय-विक्रय संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन** आज गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। जल्दबाजी में आपको निर्णय नहीं लेना चाहिए। मन में अनावश्यक विचारों के कारण तनाव हो सकता है। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। आलस्य के कारण आप कुछ अच्छे अवसर चूक सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES: एक और एक ग्यारह सुबह : 10.33; अविनाश शाम : 06.08

SONY MAX: झुंड सुबह : 09.55; 3 इडिट्यस रात : 09.08

SONY PIX: सैन एंड्रियास सुबह : 11.22; घोस्टबस्टर्स रात : 09.00

ZEE CINEMA: त्रिदेव दोपहर : 12.00; रांझणा रात : 10.05

colors CINEPLEX: ब्लू सुबह : 10.20; गब्बर इज बैक शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर- क्या बात है?
संजू- जी, कुत्ते ने काट लिया है।
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा, मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है और तक है और तुम एक बजे आए हो।
संजू- जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा।

जीजा- तुम्हें जीवन में क्या चाहिए?
साली- पैसा
जीजा- पैसे को साइड में रखो, अब बताओ क्या चाहिए?
साली- साइड में रखे पैसे।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 900 फ्लैग– 1050 बोल्ड– 1100 डीएमओ– 850
**रामपुर :** शिवालिक–925 फ्लैग– 1035 डीएमओ–825 बोल्ड–1100

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूं दड़ा | 2400–2410 |
| आर.आर.21 | 2550–2600 |
| गेहूं फारम | 2600–2700 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2000–4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200–2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 6500–6600 |
| अरहर | 9000–10000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3700–4000 |
| उड़दहरा | 10000–11000 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 7800–8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16600–16700 |
| अरहरस्पेशल | 14300–14400 |
| चनादाल | 7900–8000 |
| मटरदाल | 4700–4800 |
| मसूरमलका | 7250–7300 |
| मसूरदाल | 7450–7500 |
| उड़ददाल | 9000–13300 |
| उड़द धोवा | 10000–13000 |
| मूंगदाल | 8100–9700 |
| मूंग धोवा | 9700–11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000–2300 |
| बासमती न01. | 8500–10000 |
| सेला | 2500–3000 |
| बासमती न02. | 6500–7500 |
| **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400–1460 |
| मैदा | 1380–1435 |
| सूजी | 1440–1460 |

# 7% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

## निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता और सामान्य मानसून से बढ़ोत्तरी की आशा

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद और अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सात प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगी। ये अनुमान आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का है।

एनसीएईआर ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक और 7.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। संस्थान ने अपनी मासिक समीक्षा में कहा कि प्रमुख आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और सभी एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान में संशोधन किया है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक तथा 7.5 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह संभावना पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी, निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर गहन नीतिगत ध्यान और मानसून की उम्मीदों पर आधारित है।



• आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का अनुमान भारत की जीडीपी 7 से 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के चरम पर पहुंचने के साथ मौद्रिक नीति को और कड़ा करने की संभावना नहीं है। अंततः, वैश्विक वातावरण भी अनुकूल प्रतीत होता है, क्योंकि अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं है। गुप्ता ने कहा कि खाद्य कीमतों पर काबू पाना एक चुनौती है। इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक नीतिगत ढांचे की जरूरत है, जिसमें जलवायु-अनुकूल खाद्य आपूर्ति का निर्माण तथा डिब्बा बंद और संरक्षित खाद्य आपूर्ति की ओर धीरे-धीरे बदलाव करना शामिल है, ताकि समय पर आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटा जा सके।

### रिजर्व बैंक ने भी इसी महीने लगाया था यही अनुमान

इसी महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गई, हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही।

## धन प्रेषण बढ़ने से चालू खाता अधिशेष में मदद मिली : क्रिसिल

**कोलकाता।** पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में वस्तुओं के व्यापार घाटे में कमी, विदेशों से धनप्रेषण में वृद्धि और सेवा व्यापार में अधिशेष से देश का चालू खाता अधिशेष की स्थिति में रहा। क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

हाल ही के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2024 की अवधि में देश के चालू खाते में 5.7 अरब डॉलर का अधिशेष रहा, जो जीडीपी का 0.6% है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में चालू खाता 8.7 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 1% है। 2022-23 की चौथी तिमाही में चालू खाता 1.3 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 0.2% है और चौथी तिमाही में सुधार के साथ जीडीपी का 0.6% होना तीनों मोर्चों पर सुधार दिखाता है।

# दूसरे दिन ही खत्म स्पेक्ट्रम नीलामी 12% से भी कम बोलियां मिलीं

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों में ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ का 12% से भी कम है।

सूत्रों ने बताया कि नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश हुई। कुल 11,340 करोड़ की बोलियां हुईं। सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहर्ट्ज ही बेचे गए हैं। पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगीं। बुधवार को ज्यादा बोलियां नहीं मिलीं, जिससे अधिकारियों ने पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे नीलामी खत्म करने की घोषणा कर दी। 2024 की नीलामी में 800, 900, 1,800, 2,100, 2,300, 2,500, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश हुई थी।



• दूरसंचार कंपनियों ने कुल 11,300 करोड़ का स्पेक्ट्रम खरीदा

### एयरटेल ने 6,857 करोड़ का 97 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा

भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी में 6,857 करोड़ रुपये में 97 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगों को खरीदा है। जो बेचे गए स्पेक्ट्रम का 60% है। एयरटेल ने कहा कि दूरसंचार कंपनी की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम ने 1,001 करोड़ के परिव्यय से 15 मेगाहर्ट्ज का अधिग्रहण किया है। एयरटेल ने 900, 1,800 और 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड में 6,857 करोड़ में 97 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम हासिल किया है।

इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से कम मिलीं। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 89300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73325 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54650–54850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,5000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72100 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71100 |
| सिल्वर (पक्की) | 875 (अनुमानित)) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,500 |
| चांदी आभूषण | 88,800 |

## बजट में मानक कटौती दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख करने पर हो विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

• कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं पर दिया जोर

सरकार को बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय जताई है।

बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं पर ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। ईवाई ने नई सरकार के समक्ष नीतिगत प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को मौजूदा 50,000 से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जा सकता है या कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये किया जा सकता है। वर्तमान कर प्रणाली के तहत करदाता पुरानी व्यवस्था और कम दरों और नई रियायती व्यवस्था के बीच चयन कर सकते हैं।

## एसबीआई ने बॉण्ड से 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉण्ड से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36% की कूपन दर पर जुटाई है।

शेयर बाजार को दी सूचना में एसबीआई ने कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ से अधिक की बोलियां लगीं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले चार गुना अधिक अभिदान मिला। उसे 143 बोलियां मिलीं, जो विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बॉण्ड से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। प्रतिक्रिया के आधार पर बैंक ने सालाना देय 7.36% की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपये स्वीकार करने का फैसला किया है।

## एफएचआरएआई ने की जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

• एसोसिएशन ने सभी श्रेणी के होटल, सम्मेलन केंद्रों के लिए बुनियादी ढांचे का दर्जा मांगा

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने सरकार से सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ या इससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का अनुरोध किया।

एफएचआरएआई का मानना है कि इससे होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा मिल सकेगा। अपनी बजट-पूर्व सिफारिश में एफएचआरएआई ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की है तथा सभी होटल पर 12% की जीएसटी का प्रस्ताव रखा है। एफएचआरएआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि सभी शहरों में होटल और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है। महासंघ ने रेस्तरां के शुल्क को कमरे के शुल्क से अलग करने की भी मांग की, क्योंकि होटल में अलग-अलग स्लैब में जीएसटी स्थानांतरित करने की प्रणाली अनुपालन संबंधी समस्याएं तथा लोगों में भ्रम उत्पन्न करती है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### मणिपुर में कुकी उग्रवादियों का जिरीबाम पर हमला

**इम्फाल।** संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार को बम और अत्याधुनिक हथियारों के जरिए हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमले में बोरोबेकरा इलाके में तीन घर पूरी तरह से नष्ट हो गये। संदिग्ध उग्रवादियों ने कथित तौर पर पहले बम फेंके और बाद में घरों में आग लगा दी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह और डीजीपी राजीव सिंह से कार्रवाई में विफलता को लेकर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें सूचित किया था कि 200 कुकी उग्रवादी जिरीबाम पर हमला करने की योजना बना रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड धमाके में जवान घायल

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को शिविर के अंदर ग्रेनेड विस्फोट होने से एक जवान गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जवान दियानी स्थित शिविर के अंदर प्रशिक्षण के लिए ग्रेनेड को संभाल रहा था जो उसके हाथ में फट गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुनर्वास: माओवादियों के परिजन को मिली राशि

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड सरकार की पहल के तहत हथियार डालने वाले चार माओवादियों को उनके पुनर्वास के लिए बुधवार को चतरा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इनामी राशि के चेक दिये गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाकपा (माओवादी) की क्षेत्रीय समिति के सदस्य इंदल गंजू उर्फ ललन गंजू और नवीन उर्फ सरबजीत यादव के परिवार के सदस्यों को 15–15 लाख रुपये का चेक दिया गया। इनाम की यह राशि, माओवादियों के सिर पर घोषित थी। इंदल गंजू ने मई 2023 और ललन गंजू ने नवंबर 2023 में आत्मसमर्पण किया था। अमरजीत यादव उर्फ टिंगू और सहदेव यादव उर्फ लटन यादव के परिवार के सदस्यों को क्रमश: 10 लाख और पांच लाख के चेक दिये गए।

### बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पुलिस हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर की विशेष अदालत ने 2020 में साथी वकील बाबर कादरी की हत्या की साजिश के मामले में उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां अब्दुल कयूम को बुधवार को एक जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कयूम को मंगलवार को गिरफ्तार कर श्रीनगर से जम्मू लाया गया और उन्हें विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान पुलिस रिमांड का आदेश दिया।

# दो विधायक धरने पर, राज्यपाल का इंतजार

## प. बंगाल के राज्यपाल के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी विधायकों ने किया प्रदर्शन

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा विधानसभा में शपथ ग्रहण कराने के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

दोनों विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार ने कहा कि वे शाम चार बजे तक विधानसभा में राज्यपाल के आने का इंतजार करेंगे, ताकि वे उन्हें पद की शपथ दिला सकें या अध्यक्ष को ऐसा करने के लिए अधिकृत कर सकें। राजभवन ने हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। टीएमसी ने दावा किया कि उपचुनाव जीतने वालों के मामले में परंपरा यह है कि राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं। सरकार ने कहा हि हमने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे आएं और पद की शपथ दिलाएं या यह जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंप दें। उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया है। इसलिए हम विधानसभा की सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे हैं।

### शपथ ग्रहण गतिरोध



• दोनों ने कहा- शाम चार बजे तक वह राज्यपाल का इंतजार करेंगे, ताकि वह उन्हें शपथ दिलाएं या अध्यक्ष को अधिकृत करें
• राजभवन ने विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए किया था आमंत्रित

सरकार और बंदोपाध्याय तख्तियों पर उन्हें निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में कर्तव्यों का पालन करने की अनुमति दी जाए जैसे नारे लिखकर राज्यपाल से अनुरोध करते दिखे। बंदोपाध्याय ने कहा कि जब तक हम शपथ नहीं ले लेते तबतक हम विधायक के तौर पर काम नहीं कर सकते। सरकार ने बताया कि वह और बंदोपाध्याय शाम 4 बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने या विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ ग्रहण के लिए सहमति देने का इंतजार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह संवैधानिक शिष्टाचार है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अगर राज्यपाल इच्छुक हैं तो वह आकर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर सकते हैं।

## पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकी, हाई अलर्ट जारी

**पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकवादियों के घुसने की सूचना पर बुधवार को सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर और पठानकोट में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस को मंगलवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास कोट भठियां गांव के एक व्यक्ति ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि दो नकाबपोश भारी हथियारों से लैस उसके फार्म हाउस में घुस आए और उसके सिर पर बंदूक तान दी और खाना बनाने को कहा। दोनों खाना खाने के बाद पठानकोट के लिए रवाना हो गए। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने वरिष्ठ अधिकारियों, गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख हरीश दियामा और गुरदासपुर जिले के सभी थानेदारों से बैठक की। बैठक के बाद सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सूचना दे दी गई है। मामून छावनी और पठानकोट वायु सेना स्टेशन को भी सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आतंकियों को पकड़ने के लिए गुरदासपुर, धारीवाल, दीनानगर और पठानकोट के रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर चेकिंग शुरू कर दी है।

## 3 और उपमुख्यमंत्रियों की मांग पर कांग्रेस का फैसला होगा अंतिम

बेंगलुरु,एजेंसी

• कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा- आलाकमान लेगा फैसला
• एससी/एसटी व ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाने की वकालत

कर्नाटक में 3 और उप मुख्यमंत्रियों की मांग के बीच मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि इस पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम है। दरअसल, राज्य के कुछ मंत्री वीरशैव-लिंगायत, एससी/एसटी और ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद देने की वकालत कर रहे हैं।

वर्तमान में डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं और वोक्कालिगा समुदाय से हैं। सिद्धरमैया ने कहा कि आलाकमान जो भी फैसला लेता है, वह अंतिम है। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान सिद्धरमैया खेमे की खास योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना, आवास मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली और कुछ अन्य नेताओं ने तीन और उप मुख्यमंत्रियों की मांग कीथी। इन्हें सिद्धरमैया का करीबी माना जाता है। पिछले साल चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार और सिद्धर मैया में प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर कांग्रेस ने फैसला किया था कि शिवकुमार एकमात्र उप मुख्यमंत्री होंगे। शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी इसका जवाब देगी। शिवकुमार कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी हैं।

## अन्नाद्रमुक के सदस्यों को सदन से किया गया निलंबित

चेन्नई, एजेंसी

• तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष समेत विधायकों ने सदन की कार्यवाही में डाला व्यवधान

तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ईके पलानीस्वामी समेत अखिल भारतीय अन्नाद्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के विधायकों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने पर बुधवार को मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया।

मंगलवार को एक दिन के लिए निलंबित हुए विपक्षी दल के सदस्य काली टी-शर्ट पहनकर सदन पहुंचे और उन्होंने कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी मामले को फिर से उठाने की कोशिश की तथा इस मुद्दे पर चर्चा के लिए लिए कार्य स्थगन की मांग की, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने कहा कि वह इस मामले पर फैसला लेंगे। अन्नाद्रमुक के विधायक ज्वलंत मुद्दे पर जल्द से जल्द चर्चा कराने पर जोर देते हुए खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों को अपनी सीट पर वापस जाने का कई बार अनुरोध किया, इसके बाद भी जब सदस्य हंगामा करते रहे। इसके बाद अध्यक्ष ने उन्हें सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया। इसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अन्नाद्रमुक के सदस्यों के मौजूदा सत्र के अंतिम दिन 29 जून तक शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया। निलंबन के बाद अध्यक्ष ने अन्नाद्रमुक के सदस्यों पर सदन में समस्या खड़ी करने के इरादे से आने और बहस में भाग लेने के इच्छुक नहीं होने का आरोप लगाया।

### सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाई : विस अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने कहा कि अन्नाद्रमुक के सचेतक ने इस मुद्दे के लिए नोटिस दिया था, लेकिन वह मेरा जवाब सुनने को तैयार नहीं थे। इसके बजाय, उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान कार्यवाही बाधित किया और अपने आचरण से सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचाई। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि सदन कल्लाकुरिची शराब त्रासदी पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन पलानीस्वामी ही इसके लिए तैयार नहीं हैं। स्टालिन ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे वह सदन छोड़कर बाहर जाने और मीडिया को संबोधित करने में अधिक रुचि रख रहे हैं। विधानसभा भवन के बाहर पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि मुख्य विपक्ष को जहरीली शराब से हुई मौतों का मुद्दा उठाने से रोकने का जानबूझकर प्रयास किया गया।

## जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में पुलिस उपाधीक्षक की संपत्तियों पर छापेमारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में, एक पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसी) के कथित स्वामित्व वाली विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसीबी, एक पुलिस उपाधीक्षक द्वारा आय के ज्ञात स्रोत से अधिक, करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है जिनमें हिमाचल प्रदेश के मनाली में दो होटल भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू, कठुआ और मनाली में संपत्तियों पर छापेमारी चल रही है।

**जम्मू, कठुआ और मनाली में कार्रवाई**

## लालू के करीबी अमित कात्याल को मिली जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

### जमीन के बदले नौकरी

• धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट ने छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी

दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कात्याल को भारतीय रेलवे में जमीन के बदले कथित नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर बुधवार को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी।

ईडी ने कात्याल को पिछले साल 11 नवंबर को धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। कात्याल ने अदालत में दलील दी कि वजन घटाने संबंधी 'बेरियाट्रिक' सर्जरी कराने के बाद उन्हें और उपचार व देखभाल की जरूरत है, जो तिहाड़ जेल में नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कात्याल की अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए कहा कि उनकी आहार संबंधी आवश्यकताएं ऐसी हैं, जो जेल में मुहैया नहीं की जा सकतीं। अदालत ने कहा कि बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद उन्हें पर्याप्त शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त आहार की आवश्यकता है। वह फिलहाल जेल में प्रदान नहीं की जा सकती। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लंबे समय तक जेल में, हर दिन घर का बना खाना उपलब्ध कराना काफी मुश्किल है।

# राजस्थान में फैक्ट्री में लगी आग, चार लोगों की मौत

अलवर, एजेंसी

राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के समीप खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग में अब तक चार लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य झुलस गये। ये हादसा खैरथल तिजारा जिले अंतर्गत भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में मंगलवार को हुआ था।

बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में 50 कर्मचारी काम कर रहे थे। बताया गया है कि इस हादसे में 12 से अधिक कर्मचारी झुलस गए थे जिनमें से कई की हालत गंभीर है। आग की सूचना के मौके पर पहुंची 10 दमकलों ने करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाने में सफलता हासिल की। आग लगने के बाद वहां के हालात देखने के बाद अधिकारी भी सकते में आ गए कि वहां इंतजाम सही नही थे। मजदूरों को निकलने का रास्ता भी सकरा था। फैक्ट्री में आग लगने से अंदर धुआं हो गया। इससे कई कर्मचारी बेहोश हो गए थे और आग में चार मजदूर बुरी तरह जल गये। फायर अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि कंपनी में शॉर्टकट से आग लगी थी और शॉर्ट सर्किट के बाद ही ब्लास्ट हुआ था जिसमें चार शव मिले हैं। एक शव मंगलवार को मिल गया था। तीन शव रेस्क्यू के दौरान मिले हैं। तीन शव दीवार से चिपके मिले क्योंकि इस ब्लास्ट में दीवार गिर गई थी और 11 व्यक्ति घायल हो गए थे। तीन मजदूरों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### मृतकों में उत्तर प्रदेश दो लोग शामिल

हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी विकास, अजय और विशाल सिंह तथा जम्मू कश्मीर निवासी राजकुमार की मौत हुई है। विकास, अजय और विशाल ऑपरेटर हैं जबकि राजकुमार शिफ्ट इंचार्ज है। तिजारा के उप पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया फैक्ट्री में शाम 6:30 बजे आग लगी थी। फैक्ट्री के सामने ही 100 मीटर दूर खुशखेड़ा रीको फायर स्टेशन आफिस है। भिवाड़ी और तिजारा से भी दमकलों को बुलाया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फैक्ट्री में केमिकल रिएक्शन के कारण धमाके के बाद आग लगी।

• हादसा खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के खुशखेड़ा क्षेत्र में दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में हुआ

## नगालैंड में 20 साल बाद हुआ नगर निकाय चुनाव

**कोहिमा।** नगालैंड में 25 नगर निकायों के लिए दो दशक बाद कराये जा रहे चुनाव के तहत बुधवार को मतदान संपन्न हो गया। मतदान सुबह साढ़े सात बजे शुरू हुआ था और यह शाम चार बजे तक जारी रहा। मतगणना 29 जून को होगी। नगालैंड राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के साथ शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराये गए।

अधिकारियों ने कहा कि मतदान प्रतिशत का आंकड़ा उपलब्ध नहीं हुआ है। पूर्वोत्तर के तीन नगरपालिकाओं और 22 नगर परिषद के लिए चुनाव 20 वर्ष के अंतराल के बाद कराया गया। इससे पहले, निकाय चुनाव 2004 में हुआ था। सरकार ने पहले कई बार निकायों के लिए चुनाव की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के लिए आरक्षण, भूमि तथा संपत्तियों पर कर के खिलाफ जनजातीय संगठनों और नागरिक संस्थाओं की आपत्तियों से चुनाव नहीं कराया जा सका। इसमें 1,13,521 महिलाओं सहित 2.23 लाख से अधिक मतदाता 11 राजनीतिक दलों के 523 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे।

## एक नजर

### मंगोलिया में चुनावों के दौरान शराब पर रोक

**उलन बटोर।** मंगोलिया में आगामी संसदीय चुनावों के दौरान राजधानी में सभी प्रकार के शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शहर के मेयर के प्रेस कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगोलिया में शुक्रवार को देश की संसद, स्टेट ग्रेट खुराल के लिए चुनाव कराए जाएंगे। उलानबटोर में गुरुवार से शनिवार तक शराब की बिक्री पर 72 घंटे का प्रतिबंध लागू किया जाएगा, जहां देश की कुल आबादी के आधे लोग निवासरत हैं।

### पाकिस्तान में पोलियो का छठा मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस साल पोलियो का छठा मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक बच्चे में पोलियो की पुष्टि हुई है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला ने रिपोर्ट दी है कि किला अब्दुल्ला जिले में 18 महीने के बच्चे से एकत्र नमूनों के परीक्षण में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 पाया गया है।

### डेंगू के मामले बढ़ने पर सतर्क रहने के निर्देश

**न्यूयॉर्क।** दुनिया भर में डेंगू के मामले बढ़ने पर अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को चिकित्सकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। डेंगू मच्छरों के काटने से फैलता है और इसके मामले तेजी से पूरी दुनिया में बढ़ रहे हैं। छह माह के भीतर ही अमेरिका में डेंगू के मामलों ने साल भर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन को भी डेंगू के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

### मार्क रूटे अगले नाटो महासचिव होंगे

**मॉस्को।** नाटो ने नीदरलैंड्स (डच) प्रधानमंत्री मार्क रूटे को संगठन के अगले महासचिव चुने जाने की बुधवार को पुष्टि की। नाटो की ओर से जारी बयान के मुताबिक सहयोगियों ने रूटे को नाटो के अगले महासचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वह जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल आगामी एक अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा।

### जापान में अमेरिकी सैनिक पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**टोक्यो।** जापान के ओकिनावा द्वीप क्षेत्र में एक अमेरिकी सैनिक पर गत दिसंबर में 16 वर्ष से कम उम्र की किशोरी का कथित रूप से अपहरण करने और उसके साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने का आरोप लगा है। क्योडो न्यूज ने मंगलवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि नाहा जिला लोक अभियोजक कार्यालय ने 27 मार्च को 25 वर्षीय ब्रेनन वाशिंगटन के खिलाफ आरोप दायर किए।

### रूस और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों ने की चर्चा

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव और अमेरिका के राक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत की है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर यह जानकारी दी।

# ट्रम्प-बाइडेन चुनावी बहस में तीसरी बार होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

- 2020 के चुनाव के बाद आज पहली बार एक मंच पर होंगे साथ



अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में रिपब्लिकन व डेमोक्रेटिक पार्टियों के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप व जो बाइडेन तीसरी बार गुरुवार को चुनावी बहस के मंच पर एक दूसरे के सामने होंगे। यह वर्ष 2024 की पहली बहस होगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय में डिबेट कार्यक्रम के निदेशक आरोन कॉल ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि जेसी वाटर्स प्राइमटाइम पर सीएनएन प्रेसिडेंशियल डिबेट में दोनों के लिए बहुत जोखिम है। कॉल ने कहा दोनों में से किसी ने भी बहस नहीं की है (उनके पिछले आमना-सामना के बाद से), जो कि एक तरह से अनोखा है। दोनों नेताओं ने 2020 के बहस में एक दूसरे का सामना नहीं किया है। इस कारण से वे एक तरह से बहस के लिए तैयार नहीं है और उन्हें नियमित बहस शैली में वापस आने में थोड़ा समय लग सकता है। बहस में रूस, यूक्रेन युद्ध और गाजा में इजरायल के युद्ध और चीन के बारे में सवालों के अलावा आव्रजन, अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति के मुद्दे केंद्र में रहने की उम्मीद है।

# इटली में भारतीय की मौत के जिम्मेदार लोगों पर तुरंत कार्रवाई हो : भारत

**लंदन/रोम।** भारत ने बुधवार को इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इटली में भारतीय दूतावास ने कहा कि विदेश मंत्रालय में काउंसलर, पासपोर्ट, वीजा और प्रवासी भारतीय मामलों के सचिव मुक्तेश परदेशी ने विदेश में इतालवी नागरिक व प्रवासन नीतियां के महानिदेशक लुइगी मारिया विग्नाली को सतनाम सिंह (31) की मौत पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया है।

# अमेरिका से समझौते के तहत असांजे ने स्वीकारा दोष

वाशिंगटन, एजेंसी

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने बुधवार को उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन स्थित संघीय अदालत में जासूसी अधिनियम का उल्लंघन करने के एक मामले में दोषी होने की दलील दी। यह असांजे व अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए एक समझौते के तहत किया गया, ताकि उन्हें आगे सजा से बचाया जा सके और वर्षों से चल रही कानूनी लड़ाई को समाप्त किया जा सके।

राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने के एक मामले में अपराध स्वीकार करने के बावजूद असांजे को अमेरिका में किसी तरह की जेल की सजा नहीं काटनी पड़ेगी और उन्हें ऑस्ट्रेलिया वापस जाने की अनुमति दी जाएगी। असांजे अमेरिका नहीं आना चाहते थे, इसलिए अमेरिकी न्याय विभाग ने प्रशांत महासागर में स्थित अमेरिकी राष्ट्रमंडल के सुदूर द्वीप में सुनवाई करने पर सहमति जताई। असांजे 2009 और 2011 के बीच वर्गीकृत सैन्य और राजनयिक दस्तावेजों को हासिल करने और जारी करने में अपनी भूमिका के कारण अमेरिकी सरकार के साथ लंबी कानूनी लड़ाई में उलझे हुए थे।



एयरपोर्ट पर पत्नी के साथ हाथ उठाकर जश्न मनाते जूलियन असांजे। ● एजेंसी

### लड़ाई खत्म होने के बाद अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौटे

**कैनबरा।** असांजे बुधवार को विशेष विमान से अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट आए। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है। इससे पहले उनका विमान नार्दन मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन से ऑस्ट्रेलिया रवाना हुआ था।

# सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत : भारत

## कहा- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 80 वर्ष पूरे होने तक स्थायी व अस्थायी सदस्यों का विस्तार जरूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।

वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने सुरक्षा परिषद में ही सुधार किए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अगले साल 80 वर्ष पूरे होने वाले हैं इसलिए सुरक्षा परिषद के स्थायी तथा अस्थायी सदस्यों का विस्तार करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने कहा कि वैश्विक शासन सुधारों पर चर्चा के तौर पर संयुक्त राष्ट्र में प्रदर्शन आकलन पर ध्यान केंद्रित होने के साथ ही सुरक्षा परिषद को भी अपनी विश्वसनीयता साबित करने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने की आवश्यकता है।

माथुर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा के दौरान भारत की ओर से मंगलवार को कहा कि 2024 में अब वक्त आ गया है कि परिषद संपूर्ण सदस्यता की ओर से काम करने के लिए अपने चार्टर की जिम्मेदारियों के अनुरूप सुधार करे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद ही दुनियाभर में मौजूदा संघर्षों से प्रभावी रूप से निपट सकती है। भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करते हुए कहता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र की इस शीर्ष संस्थान का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में परिषद में अस्थायी सदस्य के तौर पर शामिल हुआ था। उसने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली संस्थान के अगले कार्यकाल के लिए उम्मीदवारी की घोषणा की है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में केवल पांच स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं जिनके पास वीटो का अधिकार है। बाकी के 10 सदस्यों का चुनाव दो साल के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यों के रूप में किया जाता है और उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता है।



सुरक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित सदस्य।

### कतर में होने वाली बैठक में भाग लेगा तालिबान

**इस्लामाबाद।** तालिबान ने मंगलवार को पुष्टि की है कि अफगानिस्तान पर कतर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में होने वाली आगामी बैठक में उसका प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। इससे पहले, आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कतर की राजधानी दोहा में 30 जून और 1 जुलाई को होने वाली बैठक अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित तीसरी बैठक है। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया था।

### कश्मीर पर निराधार बयानों के लिए पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने निराधार और मिथ्या बयानों के लिए पड़ोसी देश की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने निराधार और मिथ्या बातें फैलाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया जो कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने कहा मैं केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान का कीमती वक्त बचाने के लिए किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देकर इन टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं दूंगा। माथुर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चर्चा में भारत की ओर से बयान दे रहे थे।

### गाजा, वेस्ट बैंक में बढ़ते संकट की दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद को गाजा और वेस्ट बैंक में संकट की चेतावनी दी है। मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक टोर वेन्नेसलैंड ने सुरक्षा परिषद ब्रीफिंग के दौरान गाजा में विनाशकारी और भयावह मानवीय संकट का वर्णन किया, जहां नागरिक शत्रुता के प्रभाव में पीड़ित हैं और नागरिक सुरक्षा व्यवस्था लगभग पूरी तरह से खत्म हो गई है। मैं इजरायल सरकार से सभी गतिविधियों को तुरंत बंद करने का आग्रह करता हूं।

# अमेरिका में काम को मजबूर करने पर दंपत्ति को सजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लेकर आए थे
- तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर करवाया काम

अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी दंपत्ति को अपने रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लाने और उसे तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। हरमनप्रीत सिंह (31) को अदालत ने 135 महीने (11.25 साल) और कुलबीर कौर (43) को 87 महीने (7.25 साल) की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही अपने चचेरे भाई एवं पीड़ित को लगभग 1.87 करोड़ रुपये का मुआवजा देने के लिए भी कहा गया है। दंपत्ति का अब तलाक हो चुका है।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग की सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा आरोपियों ने पीड़ित के साथ अपने संबंधों का फायदा उठाकर उसे अमेरिका में लाने के लिए झूठे वादे किए कि वे उसे स्कूल में दाखिला दिलाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा प्रतिवादियों ने पीड़ित के आव्रजन दस्तावेज जब्त कर लिए तथा न्यूनतम वेतन पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर करने के लिए उसे धमकियां दीं, शारीरिक बल का प्रयोग किया तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

### होटल में झगड़ा करने के लिए भारतीय मूल के नागरिक को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के एक होटल में दो गुटों में हुए हिंसक झगड़े में शामिल भारतीय मूल के 25 वर्षीय युवक को एक वर्ष से ज्यादा जेल की सजा सुनाई गयी और उस पर दो हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। द स्ट्रैट्स टाइम्स समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शर्विन जय नायर को मोहम्मद इसरत मोहम्मद इस्माइल को जानबूझकर चोट पहुंचाने के आरोप में मंगलवार को दोषी करार दिया गया।

# यात्रियों की पुनः जांच खत्म करने के लिए भारत से समझौते की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के परिवहन सुरक्षा निकाय ने भारत के साथ एक विशेष समझौता करने की मांग की है जिससे यात्रियों की हवाईअड्डे पर पुनः जांच की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के परिवहन सुरक्षा प्रशासन (यूएसटीएसए) के प्रशासक डेविड पेकोस्के ने मंगलवार को यहां भारत-अमेरिका विमानन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का एक ही जगह (वन-स्टॉप) पर समाधान उपलब्ध कराने वाले इस समझौते की अवधारणा देशों के बीच आसानी से पहुंच बनाने वाली है। उन्होंने कहा यह ऐसी अवधारणा है जो स्थानांतरण बिंदुओं पर सुरक्षा जांच के दोहराव को समाप्त करके यात्रियों और सामान को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में तेजी लाती है।

# मोदी 3.0 में अमेरिका-भारत रक्षा प्रौद्योगिकी में कर सकते हैं प्रगति

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राजदूत ने कहा सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान जब महत्वाकांक्षी भारत और महत्वाकांक्षी अमेरिका मिलकर काम करेंगे तब रक्षा साझेदारी, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों और आर्थिक समृद्धि में और अधिक प्रगति हासिल की जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी भाजपा और एनडीए को उनकी जीत के लिए बधाई देते हुए गार्सेटी ने कहा कि मोदी 3.0 द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय है। गार्सेटी ने कहा मुझे लगता है कि मोदी 3.0 हमारे लिए अपने सपनों को साकार करने का समय है। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दिया गया यह पहला साक्षात्कार है। लोकसभा चुनावों के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आए हैं। गार्सेटी ने कहा चाहे वह काम हो जिसे हम अपनी रक्षा साझेदारी में साथ मिलकर कर रहे हैं, चाहे वह हमारी महत्वपूर्ण उभरती हुई प्रौद्योगिकियां हों, या फिर वह काम हो जिसे हम आर्थिक समृद्धि के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा मेरी राय में 3.0 इस बारे में है कि हम अमेरिका और भारत के बीच किस तरह का रिश्ता बनाते हैं जो न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी अच्छा हो सकता है। यह दुनिया को दिखा सकता है कि लोकतंत्र तानाशाही से बेहतर है।



# नेपाल और चीन द्विपक्षीय संबंधों को गति देने पर सहमत

**काठमांडू।** नेपाल और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने द्विपक्षीय संबंधों की समग्रता में समीक्षा की और पंचशील, आपसी विश्वास और सद्भावना के सिद्धांतों के आधार पर परस्पर क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। चीन के उपविदेश मंत्री सन वेइडोंग और नेपाल के विदेश सचिव सेवा लामसाल ने यहां नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक के दौरान व्यापक वार्ता की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की संपूर्ण आयाम में समीक्षा की गई और समझौतों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति और पूर्व में लिए गए निर्णयों का आकलन किया। दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से सहमत क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की है और पारस्परिक लाभ के लिए आर्थिक अवसरों की प्राप्ति में काम करने की प्रतिबद्ध जताई है।

# केन्या के राष्ट्रपति विवादित वित्त विधेयक पर नहीं करेंगे हस्ताक्षर

नैरोबी, एजेंसी

- दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ हुए थे उग्र प्रदर्शन, टैक्स से धन जुटाना चाहती थी सरकार

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने बुधवार को घोषणा की कि वह नए कर प्रस्ताव करने वाले वाले विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। राष्ट्रपति का यह बयान विधेयक के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों के संसद पर हमला करने और कई लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद आया है। दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ इतने उग्र प्रदर्शन हुए हैं।

सरकार ऋण चुकाने के लिए नए कर से धन जुटाना चाहती थी, लेकिन केन्या के लोगों का कहना है कि इस विधेयक से आर्थिक मुश्किलें बढ़ेंगी क्योंकि लाखों लोगों को जीवनयापन के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। विवादित वित्त विधेयक को लेकर मंगलवार को देश में पैदा हुई अराजकता के मद्देनजर सरकार को सेना तैनात करनी पड़ी और रुटो ने प्रदर्शनकारियों की कार्रवाई को देशद्रोही करार दिया था। राष्ट्रपति ने अब कहा है कि इस विधेयक के कारण व्यापक असंतोष पैदा हुआ है और उन्होंने लोगों की बात सुनी है तथा उनकी बात मान ली है। उन्होंने कहा हमारे लिए एक राष्ट्र के रूप में इस बात पर चर्चा करना आवश्यक है कि हम देश के मामलों को एक साथ कैसे प्रबंधित करें। केन्या के लोगों को बुधवार को सड़कों पर आंसू गैस और सेना का सामना करना पड़ा।



# अमेरिकी पत्रकार पर रूस में जासूसी का मुकदमा

**येकातेरिनबर्ग।** जासूसी के आरोप में 15 माह पहले रूसी शहर येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किए गए वॉल स्ट्रीट जर्नल के संवाददाता इवान गेर्शकोविच को बुधवार को मामले की सुनवाई शुरू होने पर अदालत में पेश किया गया। अदालत की कार्यवाही समाप्त होने से पहले पत्रकारों को कुछ मिनटों के लिए अदालत कक्ष में जाने की अनुमति दी गई।

दूतावास के अनुसार, मॉस्को स्थित अमेरिकी दूतावास के दो अधिकारियों को भी कुछ समय के लिए अदालत में जाने की अनुमति दी गई। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि इवान गेर्शकोविच के मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की गई है। जर्नल के प्रकाशक, डॉव जोन्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाधिवक्ता जे कोन्टी ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ एक साक्षात्कार में इस मुकदमे को एक दिखावा बताया।

## बॉलीवुड हलचल

# निरहुआ ने फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपनी आने वाली फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म संकल्प के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक अशोक त्रिपाठी अतरी हैं। निरहुआ ने कहा, अभिनय मेरा मूल कार्य है और हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा। फिल्म संकल्प की शूटिंग चुनाव के पहले लगभग हो चुकी थी। कुछेक शेड्यूल की शूटिंग बाकी थी, जिसे हमने चुनाव बाद करने को तय किया था।

# पिता यश जौहर की पुण्यतिथि पर भावुक हुए करण जौहर



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपने पिता यश जौहर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद कर भावुक हो गए। करण जौहर ने अपने पिता यश जौहर की 20वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई सारी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। करण जौहर ने नोट में लिखा, मैं विश्वास नहीं कर सकता कि आपको गए हुए 20 साल हो गए। मेरे को इस बात का सबसे बड़ा डर था। 2 अगस्त 2003 को आपने मुझे बताया कि आपको ट्यूमर है। मेरा सबसे बुरा सपना मुझे देख रहा था और फिर भी उनके बच्चे के रूप में यह मेरा कर्तव्य था कि मैं पॉजिटिव रहूं और विश्वास बनाए रखूं। लेकिन भीतर की आवाज की सबसे बुरी बात ये है कि वो कभी गलत नहीं होते। इस घटना के 10 महीने बाद वो हमें छोड़कर चले गए।

# कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म इंडियन में कमल हासन ने सेनापति नाम के स्वतंत्रता सेनानी का रोल किया था, जो भ्रष्टाचार से लड़ता है और फिल्म इंडियन के सीक्वल इंडियन 2 में उन्होंने इसी रोल में दमदार वापसी की है। ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें देश के हालात के बारे में बताया जाता है। कहा जाता है- कैसा देश है ये। पढ़े-लिखे लोगों के लिए काम नहीं, और काम है तो पगार नहीं। चोर चोरी करता रहेगा और अपराधी भी अपराध करता रहेगा।

आइए बैठकर बात करें : पाकिस्तान केप्रधानमंत्री ने कहा- एकजुट होकर हम देश को आगे ले जा सकते हैं

# शहबाज ने इमरान खान से की सुलह की पेशकश

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को अपने पूर्ववर्ती और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी इमरान खान को शांति का प्रस्ताव देते हुए कहा कि अगर उन्हें जेल में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो वह उनके साथ बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर हम देश को आगे ले जा सकते हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान, अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद से अपने खिलाफ दर्ज करीब 200 मामलों में से कुछ में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं।

शरीफ ने नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा यदि उनके (पीटीआई के) संस्थापक को (जेल में) परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो मैं दोहराता हूं: आइए, बैठकर बात करें। आइए हम देश की बेहतरी के लिए बात करें। आगे बढ़ने का कोई और रास्ता नहीं है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और क्रिकेटर से नेता बने खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बीच कई वर्षों से टकराव चल रहा है, खासकर आठ फरवरी के चुनावों के बाद जिसके बारे में खान की पार्टी का दावा है कि उसने (चुनावों में) जीत हासिल की है। खान की पीटीआई द्वारा जीते गए 2018 के चुनाव पर टिप्पणी करते हुए शरीफ ने कहा हम चुनावों (में धांधली) के बावजूद संसद में शामिल हुए। मेरे पहले भाषण के दौरान लगाए गए नारे हमेशा इतिहास की किताबों में एक काले अध्याय के रूप में याद किए जाएंगे। जियो न्यूज' ने शरीफ को उद्धृत करते हुए कहा अगर किसी के साथ अन्याय हो रहा है, तो मेरा मानना है कि न्याय का तराजू पीड़ित के पक्ष में होना चाहिए, इसमें कोई अंतर नहीं है - चाहे वह कोई राजनेता हो या किसी भी क्षेत्र का कोई व्यक्ति हो। शरीफ (72) ने अफसोस जताते हुए कहा कि जब वह विपक्ष में थे तो उन्होंने एक बार फिर खान के सामने बातचीत का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इस तरह के नारे फिर लगाए गए। तो इस कड़वाहट (नेताओं के बीच) के लिए कौन जिम्मेदार है? अब हम हाथ भी नहीं मिलाते हैं।

### पाकिस्तान भारत से दुश्मनी में यकीन नहीं रखता : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ लगातार दुश्मनी में यकीन नहीं रखता और पाकिस्तान बातचीत को तैयार है। सरकार द्वारा संचालित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद (आईएसएसआई) की 51वीं स्थापना वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कहा हम आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और लंबे समय से चले आ रहे जम्मू-कश्मीर विवाद के न्यायपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाधान के आधार पर भारत के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध चाहते हैं। संघर्ष के दौर पर रोक लगाने की जरूरत को रेखांकित करते हुए डार ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और पाकिस्तान का दक्षिण एशिया के लोगों के प्रति यह दायित्व है कि वे मतभेद के बजाय सहयोग को प्राथमिकता दें। प्राकृतिक आपदाओं, पर्यावरण क्षरण और जलवायु परिवर्तन के बारे में जोर देते हुए कहा कि इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए शत्रुता जारी रखने की जगह सामूहिक कार्रवाई जरूरी है।